e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 52

**सुविचार**
प्रसन्नता पहले से तैयार कोई चीज नही है, यह तो आपके कर्मों से ही हासिल होती है।

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
21.02.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

## क्विक न्यूज

### भारत का यूपीआई जुड़ेगा सिंगापुर के पे-नाउ से, पीएम लांच कार्यक्रम में लेंगे वर्चुअली भाग

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और सिंगापुर के पे-नाउ के बीच क्रॉस-बॉर्डर कनेक्टिविटी लॉन्च के गवाह बनेंगे। इन दो भुगतान प्रणालियों के जुड़ने से दोनों देशों के निवासी आसानी से पैसा एक दूसरे के देश में अपनों को भेज पायेंगे। कनेक्टिविटी लॉन्च भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास और सिंगापुर के मौद्रिक प्राधिकरण के प्रबंध निदेशक रवि मेनन द्वारा किया जाएगा। इससे सिंगापुर में भारतीय डायस्पोरा, विशेष रूप से प्रवासी श्रमिक और छात्र वहां से भारत में तत्काल और कम लागत पर पैसा भेज पायेंगे और यही सुविधा यहां रह रहे सिंगापुर के लोगों को मिलेगी। उल्लेखनीय है कि फिनटेक इनोवेशन के लिए भारत सबसे तेजी से बढ़ते इकोसिस्टम में से एक के रूप में उभरा है। प्रधानमंत्री का इस बात पर जोर है कि यूपीआई के लाभ केवल भारत तक ही सीमित न हों, बल्कि अन्य देश भी इससे लाभान्वित हों।

### बाल विवाह को इतिहास बनाएंगे : स्मृति ईरानी

**नई दिल्ली :** 'बाल विवाह एक अपराध है और हमें इसे पूरी तरह से खत्म करना होगा। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हम इसे मौजूदा 23 प्रतिशत से शून्य प्रतिशत पर ले आएं। हम बाल विवाह को इतिहास बनाएंगे। सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है।' यह बातें केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने सोमवार को कॉन्सिटीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में कहीं। नई दिल्ली स्थित कॉन्सिटीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन की ओर से आज 'नेशनल कंसल्टेशन ऑन चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रही। जबकि नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

### बीजापुर में नक्सलियों ने प्रधान आरक्षक की हत्या की

**दंतेवाड़ा :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम कडेमरका में नक्सलियों ने एक एक प्रधान आरक्षक पन्नीराम बट्टी की हत्या कर दी। वह भाई की शादी में शामिल होने के लिए चार दिन की छुट्टी लेकर आया था। पन्नीराम बट्टी दंतेवाड़ा पुलिस लाइन में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ था। वह गीदम थाना क्षेत्र के ग्राम गुमलनार का रहने वाला था। सोमवार तड़के तीन बजे नक्सलियों ने कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस कार्रवाई के लिए रवाना हुई है। दंतेवाड़ा के एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जवान पन्नीराम बट्टी अवकाश में अपने घर गया था। वहां से अपने भाई की शादी में शामिल होने के लिए ग्राम कडेमरका गया था। जहां घात लगाकर नक्सलियों ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया है।

### नवजात को डॉक्टरों ने बताया मृत, ढाई घंटे बाद बॉक्स से निकली जिंदा

**नई दिल्ली :** मध्य जिले स्थित लोकनायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल के डॉक्टरों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां डॉक्टरों ने एक नवजात बच्ची को मृत घोषित कर परिजनों को सौंप दिया। लेकिन वह बच्ची जिंदा मिली है। उसे जिंदा देखकर परिजनों ने खुशी जताई और तत्काल उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां डॉक्टरों ने बच्ची को देखने से भी मना कर दिया। इसके बाद परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। घटना रविवार दोपहर की है। परिजनों ने बताया कि बच्ची ने रविवार को एलएनजेपी अस्पताल में जन्म लिया। डिलीवरी के बाद डॉक्टरों ने बच्ची को मृत बताया और डिब्बे में पैककर परिवार को वापस कर दिया। परिजन डिब्बा लेकर घर पहुंचे और उसे खोला गया तो बच्ची जिंदा मिली।

# संजय मिश्रा बने झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के 14 वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में संजय कुमार मिश्रा ने अपने पद और गोपनीयता की सपथ ली। सोमवार को राजभवन के बिरसा मंडप में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने संजय कुमार मिश्र को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई. इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्पीकर रविंद्र नाथ महतो, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, मंत्री बन्ना गुप्ता के अलावे झारखंड हाई कोर्ट के सभी जज और बड़ी संख्या में हाई कोर्ट के अधिवक्ता उपस्थित थे.

शपथ ग्रहण के बाद राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्पीकर रविंद्र नाथ महतो सहित सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर संजय कुमार मिश्र को झारखंड के नए मुख्य न्यायाधीश बनने पर बधाई दी. इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मीडिया कर्मियों से बात करते हुए कहा कि नए मुख्य न्यायाधीश के आने के बाद झारखंड जैसे आदिवासी दलित व बहुल राज्यों में लंबे समय से चल रहे इन लोगों के केसों का निष्पादन में तेजी आने की उम्मीद करता हूं. सीएम ने मुख्य न्यायाधीश को बधाई देते हुए कहा कि संजय कुमार मिश्रा के आने की सूचना कई दिन पहले से आ रही थी. बता दें कि 29 दिसंबर 1961 को बलांगीर ओडिशा में जन्म लेने वाले संजय कुमार मिश्र अपनी लॉ की पढ़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय से पूरी करने के पश्चात 1988 में बलांगीर जिला न्यायालय में अपने पिता मार्कंडेय मिश्र की देखरेख में कार्य शुरू किया. जिला जज नियुक्ति परीक्षा में पहले स्थान प्राप्त करने के बाद जस्टिस संजय कुमार मिश्र 16 फरवरी 1999 को ओडिशा के जयपुर में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश बने. जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में बेहतरीन काम करने वाले जस्टिस मिश्र इसके बाद भुवनेश्वर में सीबीआई की स्पेशल जज बने तथा ओडिशा हाई कोर्ट में रजिस्ट्रार जनरल के पद को सुशोभित किया. 7 अक्टूबर 2009 को हुए ओडिशा हाई कोर्ट के जज बन गए जिसके बाद उत्तराखंड हाई कोर्ट में भी उन्होंने 11 अक्टूबर 2021 से 19 फरवरी 2023 तक सेवा दी. इस दौरान उत्तराखंड हाईकोर्ट में 24 दिसंबर 2021 से 27 जून 2022 तक वह बतौर कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश भी रहे.

**सीएम हेमंत सोरेन ने चीफ जस्टिस को दी बधाई**



### डॉ आशा लाकड़ा ने मुख्य न्यायधीश को दी शुभकामना

रांची। राजभवन में झारखंड के उच्च न्यायालय के नव नियुक्त मुख्य न्यायाधिपति संजय कुमार मिश्र के शपथ ग्रहण समारोह में राँची की महापौर सह भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ आशा लकड़ा शामिल होकर मुख्य न्यायाधीश से मुलाकात कर उन्हें शुभकामना दी।

### गरीबों को न्याय दिलाना प्राथमिकता : मिश्रा

मुख्य न्यायाधीश संजय मिश्र ने कहा है कि पुराने मामलों का निष्पादन और त्वरित सुनवाई पर ज्यादा जोर दिया जाएगा. उनकी प्राथमिकता गरीबों और पिछड़ों को न्याय दिलाना होगा. शपथ लेने के बाद उन्होंने झारखंड को अपनी मातृभूमि बताते हुए कहा कि पारदर्शी न्याय के लिए न्यायपालिका कठिन परिश्रम कर रही है. शपथ लेने के बाद चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र ने अपना कार्यभार संभाल लिया.

**दिल्ली से देवघर जा रहे विमान में बम की सूचना**

# लखनऊ में हुई इमरजेंसी लैंडिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

लखनऊः दिल्ली से देवघर जा रही इंडिगो के एक विमान में सोमवार को बम की सूचना मिली। इस पर विमान की लखनऊ हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिग कराई गई। हालांकि जांच के बाद यह सूचना झूठी निकली। लखनऊ एयरपोर्ट के प्रवक्ता की ओर से बयान जारी कर बताया गया कि दिल्ली से संचालित होने वाली इंडिगो की विमान (6श्च 6191) बम की सूचना मिली थी। इसके बाद उसे अमौसी एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर विमान की सघन चेकिंग की गई। जांच में बम मिलने की सूचना पूरी तरह से भ्रामक मिली। इसके बाद फिर विमान को गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

## ईडी की छापेमारी से नहीं डरेगी कांग्रेस : खड़गे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेताओं के घरों, दफ्तरों पर हुई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई पर नाराजगी जताई है। खड़गे ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस ईडी की कार्रवाई से डरने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि हम जनता की आवाज उठाते रहेंगे। उनकी पार्टी मोदी सरकार की इन धमकियों से डरने वाली नहीं है बल्कि डट कर सामना करेगी। खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार भारत जोड़ो यात्रा की अपार सफलता से डरी हुई है। यह सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 सालों में ईडी ने जो रेड किए हैं उसमें 95 फीसदी विपक्षी नेता हैं, और सबसे ज़्यादा कांग्रेस नेताओं के खिलाफ हैं।

# मनचले हाथी का उत्पात ली 5 लोगो की जान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के लड़ाई टंगरा में सोमवार की अहले सुबह जंगली हाथी ने पांच लोगों को पटक-पटक कर मौत का घाट उतार दिया। जंगली हाथी द्वारा पांच लोगों को मारे जाने के बाद ग्रामीणों के बीच डर का माहौल है। जंगली हाथी द्वारा मारे गए लोगों की पहचान भंडरा पंचायत के लड़ाई टंगरा निवासी स्वर्गीय बख्सु महतो के पुत्र लाल महतो (55 वर्ष),जीतराम उरांव की पत्नी झालो उरांव (30वर्ष) व राजेश लोहरा की पत्नी (लिव एन रिलेशनशिप) सकुंता कुमारी (20 वर्ष) तथा गणेश उरांव के रुप में हुई है। घटना के बाद वन विभाग और भंडरा थाना पुलिस ने लड़ाई टंगरा पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया है। साथ ही पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। अहले सुबह जंगल से भटक कर एक हाथी गांव में घुस गया। जंगली हाथी ने बारी-बारी से पांच लोगों को पटक-पटक कर मौत का घाट उतार दिया। जिसमें दो लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि झालो उरांव गंभीर रुप से घायल हो गई थी। जिसे भंडरा थाना पुलिस व स्थानीय ग्रामीण सोहराई उरांव,विनोद उरांव द्वारा इलाज के लिए भंडरा भेजा गया। जहां रास्ते में ही झालो ने भी दम तोड़ दिया। अब तक हाथी लड़ाई टंगरा के मनी पतरा में डेरा जमाए हुए है। इधर वन विभाग की टीम भी गांव पहुंच प्रचार वाहन की मदद से लोगों को अपने-अपने घर में रहने और शोर शराबा करने से मना कर रही है। फिर भी ग्रामीणों में दहशत का माहौल है बना हुआ है। जिले के वन विभाग के अधिकारी डीएफओ अरविंद कुमार ने मौके के जानकारी लेते हुए लोगो से सतर्कता बरतने की अपील की एवं हाथी के आस पास न जाने की सलाह भी दी उन्होंने कहा कि मृतक के परिवार वालो से उनकी पूरी संवेदना है,इस घटना में जल्द से जल्द समाधान निकाला जाएगा वन विभाग के टीमो के द्वारा हाथी पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# भारत अपनी निःस्वार्थता की पहचान को सशक्त कर रहाः प्रधानमंत्री मोदी

**संकट के समय भारत की त्वरित प्रतिक्रिया को एक उपलब्धि मानते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है और भारत के प्रति एक सद्भावना वाला रुख विकसित हुआ है।**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को तुर्किये में राहत-बचाव कार्य के लिए गए भारतीय सहायता दल के साथ बातचीत की । मानवहित को सर्वोपरि बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी निस्वार्थता की पहचान को सशक्त कर रहा है। हम विश्व को परिवार मानते हैं और इसके सदस्य होने के नाते संकट के समय तेजी से मदद का हाथ पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने आवास पर तुर्किये में खोज, राहत एवं बचाव का कार्य करने पहुंची एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियों के कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान एनडीआरएफ के महानिदेशक अतुल करवाल भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीआरएफ की साख लगातार बढ़ रही है और लोगों का उनपर विश्वास बढ़ा है। आपदा या संकट के किसी समय पर लोग उनके कहे अनुसार काम करते हैं। संकट के समय भारत की त्वरित प्रतिक्रिया को एक उपलब्धि मानते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है और भारत के प्रति एक सद्भावना वाला रुख विकसित हुआ है। तिरंगा देखकर लोगों में एक आशा जगती है। तिरंगे की इसी भूमिका को हमने यूक्रेन व अफगानिस्तान संकट तथा कोरोना काल में देखा है। अपने नागरिकों के साथ ही भारत ने अन्य देशों के नागरिकों की भी मदद की है। प्रधानमंत्री ने राहतकर्मियों को अपने अनुभव का डॉक्युमेंटेशन करने के दायित्व का स्मरण कराते हुए कहा कि हमें रुकना नहीं है और अपने मानवीय चेहरे की ताकत को कई गुणा बढ़ाना है। हमने क्या-क्या सीखा, इससे आने वाले किसी संकट में मदद मिलेगी। राहतकर्मियों की भारतीय टीम में महिलाओं की उपस्थिति की भी प्रधानमंत्री ने सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे आपदा से पीड़ित महिलाएं अपना दर्द बता पायीं हैं।

# टुना सबर के चेहरे पर फैली मुस्कान, मिला नया जीवन

**उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम की देखरेख में चिकित्सकों की टीम ने टुना सबर को लौटाया उसका पुराना स्वरूप**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और मंत्री चंपाई सोरेन का प्रयास रंग लाया। आदिम जनजाति समुदाय के टुना सबर को आखिरकार नया जीवन मिल गया। चर्म रोग से अब उसे लगभग मुक्ति मिल चुकी है। उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम की देखरेख में चिकित्सकों की टीम ने टुना सबर को उसका पुराना स्वरूप लौटा दिया। जीवन की आस छोड़ चुके टुना के चेहरे पर अब उम्मीद की मुस्कान है।

**कौन है टुना सबरः** पूर्वी सिंहभूम के डुमरिया प्रखंड के केन्दुआ प्रखंड स्थित दंपाबेडा गांव में निवास करने वाले एक बेहद गरीब व्यक्ति टुना सबर गंभीर चर्म रोग से पीड़ित था। टुना की बीमारी की जानकारी मुख्यमंत्री को मिली। मुख्यमंत्री ने उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम विजया जाधव को टुना के बेहतर इलाज का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री के निर्देश और मामले की जानकारी मिलते ही उपायुक्त ने एम्बुलेंस भेज टुना सबर को जमशेदपुर स्थित सदर अस्पताल में सात फरवरी को भर्ती कराया। इसके बाद टुना का इलाज शुरू हुआ। आज करीब 15 दिनों के इलाज के उपरांत टुना सबर गंभीर चर्म रोग से मुक्ति पाने में महज चंद कदम दूर है।



**शिविर का हुआ आयोजन, लाभान्वित हुए लोग**

डुमरिया प्रखंड अंतर्गत केंदुआ पंचायत के दंपाबेड़ा में निवास करने वाले सबर परिवारों को उपायुक्त के निर्देश पर गांव में विशेष शिविर लगाकर सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया। सभी को डाकिया योजना के तहत हर माह खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।

> टुना सबर के स्वास्थ्य में लगातार सुधार होना सुखद है। मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर सबर परिवारों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। सबर परिवारों के अतिरिक्त जिला के सभी जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसका प्रयास हो रहा है।
> **विजया जाधव, उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम।**

## कोलकाता में एडीनो वायरस का कहर, दो महीने में 11 बच्चों की मौत

**एजेंसी**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता समेत पूरे राज्य में एडिनो वायरस का कहर बरकरार है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि पिछले दो महीने में 11 बच्चों की मौत हो चुकी है। यह चिंताजनक आंकड़ा है।पता चला है कि रविवार तक सर्दी, खांसी, बुखार और सांस लेने में तकलीफ की वजह से इन बच्चों की मौत हुई है। स्वास्थ्य व्यवस्था की हालत इतनी बदहाल है कि कोलकाता से लेकर राज्य भर के प्रत्येक अस्पताल में शिशु रोग विभाग के जनरल बेड सहित पेडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट (पीकू) का एक भी बेड खाली नहीं है। वेंटिलेटर भी खाली नहीं है। रविवार को ही बीसी रॉय शिशु अस्पताल में भांगड़ के रहने वाले छह महीने के बच्चे मेहंदी हसन की मौत हुई है। उसके मृत्यु प्रमाणपत्र पर मौत की वजह के तौर पर एक्यूट रेस्पिरेट्री फैलियर का जिक्र किया गया है।इंस्टिट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ के पीकू विभाग के प्रधान चिकित्सक प्रभास प्रसून गिरी ने बताया कि एडिनो वायरस फिलहाल महामारी का रूप ले चुका है। सभी अस्पतालों को विशेष निर्देश भेजे गए हैं जिसमें कि रात 12ः00 बजे से लेकर दूसरे दिन रात 12ः00 बजे तक ऐसे संक्रमण से पीड़ित बच्चों के अस्पताल में भर्ती होने के बाद उनकी पूरी रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को भेज दी है। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि अचानक हालात चिंताजनक हो गए हैं।

संक्षिप्त खबरे

## मोटर साईकल दुर्घटना में दो लोग घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रमना :** एनएच-75 पर मड़वनिया गांव स्थित सुखड़ा शिव मंदिर के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मानदोहर गांव निवासी अभिषेक सिंह उर्फ मोनू सिंह एवं मुरली ठाकुर का पुत्र विक्की ठाकुर घायल हो गये है। घटना सोमवार की दोपहर दो बजे की है। जानकारी के अनुसार दोनों बाइक से गढ़वा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा आ रही अज्ञात वाहन के चपेट में आने से दोनों घायल हो गये है। अभिषेक को चेहरे में चोट आयी है जबकि विक्की का पैर फ्रैक्चर हो गया है। दोनो घायलों को ग्रामीणों की मदद से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से प्रारम्भिक उपचार के बाद विक्की को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया है। वही अभिषेक को प्रारम्भिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी है। इधर प्रमुख करुणा सोनी ने घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

# पांकी में लौटी रौनक, खुले दुकान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** पाकी में बुधवार को दो पक्षों में हुए हिंसक झड़प के बाद क्षेत्र में धारा 144 अभी भी लागू है, लेकिन पलामू उपायुक्त के आदेश के पश्चात सोमवार की सुबह से प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश दुकानें खोली गई जिससे बाजारों में फिर से रौनक लौट आई, लोग बेखौफ होकर बाजारों में खरीददारी हेतु आ जा रहे हैं, साथ ही लोगों का आवागमन भी पूर्व की भांति शुरू हो चुका है, हालांकि प्रमुख चौक चौराहे एवं बाजारों में पुलिस के जवान अभी भी मुस्तैद हैं, काफी दिनों के बाद दुकानें खुलने से व्यवसाईयो के चेहरे पर खुशी झलक रही है मुख्य बाजार के दुकानदार रमेश कुमार, शेरू, राजन कुमार सहित अन्य व्यवसायियों ने पुलिस प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि स्थिति सामान्य होने से वे बहुत खुश हैं, व्यवसाई से ही उनकी रोजी-रोटी चलती थी ऐसे में व्यवसाय बंद होने से उन्हें बेहद परेशानी हो रही थी। आपको बता दें कि बुधवार को दो पक्षों में हुए हिंसक झड़प के बाद प्रशासन ने कुछ ही घंटों में स्थिति को संभाल लिया था एवं क्षेत्र में धारा 144 लागू करने के साथ पांकी समेत पूरे पलामू में इंटरनेट सेवा भी कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया गया था, ऐसे में रविवार की सुबह इंटरनेट सेवा बहाल होने एवं रविवार से ही दुकान खोलने के निर्देश के बाद स्थिति पूरी सामान्य हो चुकी है, व हर ओर शांति का माहौल है।

## जल मीनार लगने के बाद बूंद-बूंद पानी को तरस रहे है ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा) :** प्रखंड के मझिगावां पंचायत के पीपरपान टोला निवासी शंभू भुइयां के घर के पास 15वे वित से लगा जलमिनार लगते ही खराब हो गया है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय ग्रामीण बैकुंठ प्रजापति, तेतर भुइया, बेसर भुइया, शंभू भुइया, असरफी भुइया, संतोष भुइया, रोहित कुमार, प्रतिमा कुमारी, छवकलिया देवी, कबूतरी देवी, संगीता देवी आदि ने बताया पीपरपान टोला में पानी की बहुत समस्या है। हमलोग आधा किलोमीटर दूर से पीने का पानी लाते है। लगभग दो माह पूर्व 15वे वित से 494400 रुपए की लागत से जलमिनार मुखिया पति सतीश राम द्वारा लगवाया गया है। ऐसे बोर में जलमिनार लगवाया गया है, जिसमें पूर्व से ही एक बूंद पानी नही था। जब हमलोग सूखे बोर में जलमिनार लगवाने से मना किया तो मुखिया पति सतीश भुइयां मनमानी करने लगे और जबरजस्ती खराब पड़े बोर में जलमीनार लगवा दिया। उनके मनमानी से साफ प्रतीत होता है कि संबंधित पदाधिकारी के मिलीभगत से सरकारी राशि का गबन करने के उद्देश्य से ही लगवाया गया है। वही पूर्व मुखिया पति अरविंद पासवान तथा झामुमो नेता राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि ग्रामीणों के मना करने के वावजूद जबरजस्ती जलमिनार लगवाया गया है जो सरासर गलत है।

## ग्रामीणों ने प्रेमी प्रेमिका का कराया विवाह



**उंटारी रोड, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के डेवडर में ग्रामीणों ने प्रेमी प्रेमिका का कराया विवाह, मझियाँव थाना क्षेत्र निवासी बिरेंद्र राम के 22 वर्षीय पुत्र का रवि कुमार का प्रेम प्रसंग उंटारी रोड थाना क्षेत्र निवासी चंदीप राम के पुत्री से विगत एक वर्षो से चल रहा था, रवि अपने प्रेमिका से मिलने उसके घर जाया करता था, बीते शनिवार भी रवि अपने प्रेमिका से मिलने उसके घर आया हुआ था जिसकी भनक ग्रामीणों को हुई तो देर शाम ग्रामीणों ने प्रेमी जोड़े को पकड़ कर थाने को सुपुर्द कर दिया, दूसरे दिन लड़का लड़की दोनों पक्षों के सगे संबंधि थाना पहुँचे काफी मान मनौउवल के बाद दोनों पक्षों की सहमति से सोमवार को डेवडर देवी धाम मंदिर में प्रेमी प्रेमिका का विवाह कराया गया। मौके पर सेकडों ग्रामीण उपस्थित हुए।

## सिद्धी नाथ नगर में भव्य भक्ति जागरण का किया गया आयोजन, भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने किया उद्घाटन



**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद सिद्धनाथ नगर जपला में श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के समापन के अवसर पर यज्ञ कमिटी के द्वारा भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया, इस भक्ति जागरण को यज्ञ कमीटि के संरक्षक व भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया एवम कलाकारो को माला और अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया। श्री सिंह ने लोगों से कहा की यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है ओर भक्ति भाव से लोगों के शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। इस भक्ति जागरण में मुंबई से आये सुमन सिंह और निशा गुप्ता ने भक्ति संगीत प्रस्तुत किया। इस मौके पे सलेंद्र सिंह, उदय सिंह, प्रकाश कश्यप, विश्वनाथ सिंह, सोनू सिंह, छोटू सिंह, मिंटू सिंह, हरि सिंह, और अमित कश्यप आदि लोग मौजूद थे।

जल यात्रा के साथ खराड़ गांव में रामचरित मानस यज्ञ हुआ शुरू

## जल यात्रा में विधायक सहित कई गणमान्य लोग हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद के खराड़पर गांव में रामचरित मानस यज्ञ की शुरुआत आज सोमवार को जल यात्रा से हुई। यज्ञ स्थल से श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ कलश लेकर कररबार नदी पहुंचे। जल यात्रा में विधायक कमलेश कुमार सिंह, एनसीपी के प्रदेश महा सचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, युवा नेता व प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह, यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष विनय पासवान, मनदीप राम, उमेश राम के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कररबार से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल उठाया गया। उसे पुनः यज्ञ स्थल पर स्थापित किया गया। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि यज्ञ से विश्व शांति के साथ साथ सम्पूर्ण मानव जाति का कल्याण होता है। उन्होंने कहा कि इससे इलाके में धार्मिक वातावरण भी बनता है। युवा नेता सूर्या सिंह ने कहा कि यज्ञ से इलाके में सुख समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि यज्ञ के मौके पर गांव जवार के लोग एक दूसरे से मिलने का अवसर मिलता है।साथ ही धार्मिक अनुष्ठान भी हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन होना चाहिए। इससे लोगो में धर्म के प्रति आस्था मजबूत होती है। मौके पर एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष गुड्डु सिंह,विनय यादव, नीतू सिंह, विजय राजवंशी, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, गोरख पासवान, पंचायत समिति प्रदीप पासवान, सुभाष पासवान सहित हजारों लोग शामिल थे।

## झामुमो कार्यकर्ता मिलन समारोह में शामिल हुए पूर्व विधायक अनंत एवं ताहिर अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** केतरी सरयू दास रामलीला मैदान में सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के आह्वान पर कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव एवं झामुमो के वरिष्ठ युवा नेता ताहिर अंसारी मौजूद रहे। वही संबोधन के दौरान ताहिर अंसारी ने कहा कि इस क्षेत्र की समुचित विकास के लिए बदलाव होना बहुत जरूरी है यहां के स्थानीय विधायक युवाओं को रोजगार के बदले उनके भविष्य को छलने में लगे हैं। उसी बदलाव को लेकर हम लोगों ने माटी की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। इसलिए यहां के युवाओं एवं किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है यहां के ग्रामीण किसान 12 बजे रात को भी याद करेंगे तो उनके दुख सुख के लिए हम दोनों नेता कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहने का काम करेंगे। वही अपने संबोधन में पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने वर्तमान विधायक भानु प्रताप शाही पर निशाना साधते हुए कहा कि उक्त विधायक दवा घोटाले का आरोपी है और पूर्व में जिसका इतिहास नक्सलियों से जुड़ता हो जिसके एक लेटर पर पूरी मार्केट बंद हो जाता हो वैसे जनप्रतिनिधि से कितना उम्मीद किया जा सकता है। इस बात से भी क्षेत्र की जनता आश्वस्त हैं। इस दौरान कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम में भाजपा पार्टी छोड़ पंकज कुमार सिंह ने अपने दर्जनों साथियों के साथ सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान जिला सचिव मनोज ठाकुर, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, केतार ब्लाक प्रमुख चंद्रावती देवी, उपप्रमुख शंभू सिंह खरवार, बीडीसी उषा देवी, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज अंसारी, वरिष्ठ नेता निर्मल पासवान, मुक्तेश्वर पांडे, लल्लूराम, पंकज कुमार सिंह, रामविचार साहू, शिव कुमार सिंह, जसीमुद्दीन अंसारी, शमीम अंसारी, नागेंद्र ठाकुर, केतार प्रखंड के प्रभारी धर्मराज पासवान, प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, कामता प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, छोटन कुमार सिंह, सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विधायक भानु ने 30 लाख की लागत से स्वास्थ्य उपकेंद्र और 10 लाख की लागत से पीसीसी का किया शिलान्यास



**केतार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने सोमवार को केतार के पाल नगर में 10 लाख की लागत से पीसीसी सड़क एवं ग्राम पंचायत मुकुंदपुर में स्वास्थ्य उपकेंद्र का शिलान्यास 30 लाख की लागत से स्थानीय बृद्ध ग्रामीणों से करवाया। इस दौरान पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं नेता शामिल रहे। विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि मैं अपने चुनावी वादे गिन गिन कर पूरा करने में लगा हु। और मैं आज अपनी वादा को पूरा करते हुए पीसीसी सड़क देने का काम किया एवं मुकुंदपुर पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र का मांग स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा काफी दिनों से किया जा रहा था उसे मैं आज पूरा कर रहा हूं। उन्होंने यह भी कहा कि मेरे द्वरा किया जा रहा विकास को देखकर विपक्ष के लोग घबरा गए हैं और मेरे बारे में अनाप-शनाप बोलते नजर आ रहे हैं। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, पंचायत के मुखिया मूंगा साह, विधायक प्रतिनिधि विक्रमा सिंह, धीरज कमलापुर, सुनील सिंह, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी के बच्चों को डिजिटल लर्निंग एवं ग्रामीण स्वच्छता को लेकर किया गया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** पलामू हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत देवरी कला पंचायत सचिवालय के सभागार में आज आयुक्त पलामू के ज्ञापांक 198 दिनांक 10/02/2023 एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के ज्ञापांक 242 दिनांक 13/02 /2023 के आलोक में आज देवरी कला मल्लाह टोली आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को विकास हेतु डिजिटल लर्निंग की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु एवं ग्रामीण स्वच्छता को लेकर बैठक किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता देवरी कला ग्राम पंचायत के मुखिया मनोज भारती ने किया और संचालन पंचायत सचिव संतु प्रसाद ने किया इस बैठक में वार्ड सदस्य निर्मला देवी, ललन राम, धनमति कुअर, कांति देवी, सूर्यवंशी देवी, लालती देवी सहित सभी वार्ड सदस्य आंगनबाड़ी सेविका शांति देवी रोजगार सेविका प्रिया कुमारी, स्वयंसेवक रवि रंजन कुमार के अलावे देवरी कला के ग्रामीण मौजूद थे।

## शिक्षा सचिव के नाम लिखे गए तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष भूपेन्द्र प्रताप देव व सचिव हृदया प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में प्रखण्ड के सहायक अध्यापकों ने झारखण्ड सरकार के शिक्षा सचिव के नाम लिखे तीन सूत्री मांग पत्र प्रखण्ड संसाधन केंद्र अधौरा में प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को सौंपा मांगपत्र में सहायक अध्यापकों ने कहा है कि राज्य के ग्रामीण व सुदूरवर्ती क्षेत्रो में विगत 17-18 वर्षो से शिक्षण कार्य करा रहे झारखण्ड मूलवासी 62000 सहायक अध्यापक न्यूनतम मानदेय व असुरक्षित भविष्य के साथ कार्य करने को विवश हैं। सहायक अध्यापक सरकारी शिक्षकों के साथ कार्य करते आ रहे हैं,लेकिन अभी तक सहायक अध्यापकों के साथ उचित न्याय नही हो सका है। सहायक अध्यापकों ने अनुभव के आधार पर वेतनमान देने, शैक्षणिक प्रमाणपत्र का सत्यापन शीघ्र कराने व आंदोलन के क्रम में सहायक अध्यापकों पर हुये मुकदमें वापस लेने की मांग किया है।

## मदरसे में मुफ्ती करता था बच्चों संग अनैतिक कार्य, विरोध करने पर परिजन के साथ मारपीट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**बंशीधर नगर :** मदरसे में बच्चों को तालीम देने के बजाय नाबालिग बच्चों के साथ यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। इस तरह के घृणित कुकृत्य का आरोप किसी और पर नहीं बल्कि मदरसे में तालीम देने वाले मुफ्ती पर लगा है। मुफ्ती समीरुदीन पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। यह वाकया गढ़वा जिला जिले नगर ऊंटारी थाना अंतर्गत कोइन्दी गांव स्थित दारुल उलूम समसिया मदरसे का है। उक्त मदरसे में इस तरह का खेल आज से नहीं बल्कि काफी पहले से चल रहा है। इसका खुलासा मदरसे में तालीम ले रहे बच्चों ने किया है। जानकारी के मुताबिक उक्त मदरसे में 40-50 बच्चे तालीम लेते हैं। मामला तब सामने आया जब रविवार की रात को बच्चों को अपने कमरे में बुलाया और भवनाथपुर थाना क्षेत्र के एक बच्चे को छोड़, दो लड़कों को बाहर भेज दिया। उस एक बच्चे से मुफ्ती ने तालीम देने के बजाय शरीर मालिस कराने लगा। इस बीच मालिस से मदमस्त मुफ्ती उस बच्चे से अनैतिक कार्य कराने लगा। उस दौरान बच्चे ने घृणित कार्य का विरोध किया। उसने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। घटना से आक्रोशित बच्चे के परिजनों ने सोमवार को मदरसा पहुंच कर मौलाना और मुफ्ती से बातचीत की। परिजनों के मुताबिक मुफ्ती ने गांव से अपने कुछ समर्थक ग्रामीणों को बुला लिया। इस बीच बात बढ़ गयी और मुफ्ती ने समर्थक ग्रामीणों के साथ परिजनों पर हमला बोल दिया तथा परिजनों का हाथ पैर बांधकर मारपीट की। पीड़ितों की सूचना पर पहुंची पुलिस मदरसे में पढ़ने वाले आधा दर्जन बच्चों को वहां से लेकर थाने पहुंची। पीड़ित बच्चों ने थाने में पुलिस अधिकारियों को पूरी बात बताई। एक अन्य बच्चे ने भी पुलिस को मुफ्ती द्वारा इसके पहले भी घृणित कार्य किये जाने संबंधी जानकारी दी। समाचार लिखे जाने तक एफआईआर नहीं हो सकी है। मुफ्ती की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

## हरिहरगंज के विधायक प्रतिनिधि बने सरोज कुशवाहा



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने निवर्तमान मुखिया सह एनसीपी के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सरोज प्रसाद कुशवाहा को विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। विधायक ने राकांपा के वरिष्ठ नेता बीनू सिंह,अजीत सिंह, पपु सिंह की मौजूदगी में सरोज प्रसाद कुशवाहा को अपना हरिहरगंज प्रतिनिधि का मनोनयन पत्र सौंपते हुए कहा कि जनता से सीधा संवाद उनकी प्राथमिकता है। इसमें उनके प्रतिनिधि महत्ती भूमिका निभाते हैं। वहीं सरोज प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि वे एक सेतु की तरह जनता और विधायक के बीच काम करेंगे। इधर विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर एनसीपी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में आबिद हुसैन उर्फ मुन्ना, मो0 असलम, मो0 जमील, विजय सिंह, गोलू सिंह, उदय सिंह, राशिद फैजी, मो0 मुर्तुजा, गुलाम गौस, सुरेश सिंह, अशोक मेहता, डॉ0 लक्ष्मण प्रसाद, अरविंद पाण्डेय, रामवृक्ष मस्ताना, रविंद्र मेहता, सुनील ठाकुर, विनय राम, नंदू पासवान सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## 20 साल पहले मृतक दादा के बाकया बिजली बिल वसूलने के लिए बिजली विभाग ने पोते पर किया केस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** इन दिनों बिजली विभाग बिल वसूलने का मुहिम चला रहा हैं। यदि आपका भी बिजली बिल बाकी हैं तो सतर्क हो जाएं वरना आप भी इनके चपेट में आ सकते हैं। आपके घर में मीटर है की नही कनेक्शन लिया है या नहीं बिल जमा किए या नहीं उससे कोई मतलब नहीं आपके गांव में बिजली विभाग गया तो समझ लीजिए पांच दस लोगो पर केस दर्ज कर देना है यह इनका दिनचर्या हो गया है। ऐसा ही एक अजीबो गरीब मामला महुअरी पंचायत अंतर्गत ग्राम दुलहर (घासीखाड़) में देखने को मिला हैं। जहां लगभग 20 वर्ष पूर्व मृतक स्व रामजीत मेहता के बाकी बिजली बिल के एवज में उनके पोता अनिल मेहता पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। पीड़ित अनिल मेहता ने बताया कि मेरे दादाजी के नाम से बकाया बिजली बिल की जानकारी मेरे किसी परिवार को नहीं थी तथा बिजली विभाग ने भी कभी कोई नोटिस इस संबंध में नही दिया है।क्योंकि मैं अपने विधवा मां महेश्वरी देवी के साथ जिस घर में रहता हूं वहां पर नियमित बिल उपभोक्ता संख्या 168 के तहत जमा कर रहा हूं। लेकिन 18 जनवरी को बिजली विभाग के अधिकारियों ने मेरे मृत दादा स्व. रामजीत मेहता के नाम से बिल दिखाकर मेरे घर का कनेक्शन काट दिया। मैंने उन्हे मां के नाम से जमा किए गए बिल दिखाया पर उन्होंने एक नहीं सुना और मेरे ऊपर मुकदमा दर्ज कर छ हजार रूपए का जुर्माना लगा दिया। तब से मैं बिजली विभाग कार्यालय और थाना का चक्कर लगा रहा हूं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।भाजपा नेता सह किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल संजय सिंह ने भी विद्युत अभियन्ता से इसी तरह के और अनेकों उपभोक्ताओं के ऊपर हुए प्राथमिकी को वापस लेने का अनुरोध किया जिसे उन्होंने नकार दिया।आगे कर्नल संजय ने कहा कि अगर बिजली विभाग की दादागिरी नहीं रुकी तो इसके।लिए विभाग के विरुद्ध धरना प्रदर्शन और तालेबंदी करेंगे।

## पुलिस ने दो को भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर उंटारी थाना कांड संख्या 25/2023 दिनांक 19/02/2023 धारा 379 भा0 द0 वि0 के अप्राथमिकी अभियूक्त राजा डोम उम्र 19 वर्ष पिता स्व0 दशरथ डोम तथा बिल्लू डोम उर्फ विनोद डोम उम्र 27 वर्ष पिता जदू डोम दोनो ग्राम अहिरपुरवा थाना नगर उंटारी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है तथा उनके पास से चोरी के तीन बिजली मोटर को भी जप्त किया गया है।

जूठे बेर खिलाने के पीछे माता शबरी की भगवान श्रीराम के प्रति छिपी थी प्रेम भावना : चंद्रवंशी

## गुरी गांव में शबरी जयंती के अवसर पर माता शबरी मंदिर में होगी प्रतिमा स्थापित, भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड के गुरी गांव में शबरी जयंती के अवसर पर 5 मार्च को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जहां गांव में निर्मित शबरी मंदिर में माता शबरी की आदमकद प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। साथ हीं पलामू प्रमंडल के हजारों की संख्या में भुइंया समाज के लोगों का जुटान होगा। इसे लेकर गुरी शबरी समाज की 15 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से साहेब भुइंया को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं कमेटी के प्रधान संरक्षण पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को बनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। साथ शबरी समाज के लोगों ने पगड़ी बांधते हुए फूल माला पहनाकर वह बैर खिलाकर स्वागत किया। मौके ने चंद्रवंशी ने कहा कि माता शबरी ने आश्रम में भगवान श्रीराम को स्वागत सत्कार में जूठे बेर खिलाई। भगवान श्रीराम भी बड़े हीं चाव से जूठे बेर खाए थे। जूठे बेर खिलाने के पीछे माता शबरी की प्रेम भावना छिपी थी। चंद्रवंशी ने कहा कि क्षेत्र के विकास सहित समाज में समरसता बनाने का हरसंभव प्रयास रहा है। पूर्व से निर्मित शबरी माता कि मंदिर में माता शबरी की आदमकद प्रतिमा स्थापित किया जाएगा। इसे ले भव्य पूजन समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। बृंदावन, काशी व अयोध्या से कलाकारों को झांकियां निकालने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। बताया कि कार्यक्रम में पाटन-छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज भुईया सहित कई लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। गुरी गांव में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी व संचालन उप प्रमुख सत्येंद्र नारायण सिंह ने किया। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, युवा भाजपा के आशीष पांडेय, उपेंद्र तिवारी, नंद देव यादव, परीखा चंद्रवंशी, रंजन भुइंया, रमेश भुइंया, अखिलेश भुइंया, गिरवर भुइंया, बिजय मिश्रा, ओमप्रकाश पांडेय, संजय चंद्रवंशी, प्रदीप कुमार, छोटन भुइंया, संजय भुइंया, सुनील भुइंया सहित कई लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड के सरकारी स्कूलों का परीक्षा कैलेंडर जारी

**रांची :** झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् की निदेशक किरण कुमारी पासी ने राज्य के सरकारी स्कूलों की परीक्षा का कैलेंडर जारी कर दिया है। उन्होंने सभी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी जिला शिक्षा अधीक्षक को दी है। निदेशक ने आदेश में लिखा है कि राज्य सरकार के नियंत्रणाधीन सभी कोटि के विद्यालयों सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित), प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक एवं मॉडल स्कूल सहित में कक्षा एक से सात की वार्षिक परीक्षा - 2023/ योगात्मक मूल्यांकन-2 के लिए परीक्षा कैलेंडर निर्धारित किया गया है। इसमें 80 उत्कृष्ट विद्यालय शामिल नहीं हैं। निदेशक ने लिखा है कि कैलेंडर के अनुसार वार्षिक परीक्षा-2023 के सफल संचालन के निमित्त पाठ्यक्रम के पूर्णता एवं पुनरावृति करते हुए निर्धारित समय पर बिना किसी व्यवधान के परीक्षा संचालन सुनिश्चित की जाय।

### इंटक का राष्ट्रीय अधिवेशन 22 और 23 को नई दिल्ली में

**रांची :** इंटक का राष्ट्रीय अधिवेशन 22 और 23 फरवरी को नई दिल्ली में आयोजित किया गया है। इस अधिवेशन में प्रदेश युवा इंटक के अध्यक्ष रवि चौबे और उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह शामिल होंगे।साथ ही प्रदेश इंटक के अन्य पदाधिकारी भी इसमें शामिल होंगे। ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय इंटक के अधिवेशन में डेलीगेट सेशन वर्किंग कमेटी की मीटिंग होगी। इसके बाद 23 फरवरी को इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव भी होगा। सभी डेलीगेट को 21 फरवरी को दिल्ली पहुंचना है। इंटक का अधिवेशन नईदिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में होगा। मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भाग लेंगे। पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी अधिवेशन में अपने- अपने विचार रखेंगे।

# झारखंड में मौसम ने ली करवट, तपने लगी दोपहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** फरवरी महीना अपने अंतिम पड़ाव पर है। अभी होली का त्योहार आना भी बाकी है। लेकिन इससे पहले ही मौसम ने करवट ले ली है। दिन में गर्मी का एहसास हो रहा है। हालांकि सुबह शाम ठंड अभी बाकी है। मौसम विभाग की माने तो दो से तीन दिनों में पारा ऊपर चढ़ेगा। आगामी कुछ दिनों में मौसम में बदलाव दिख सकता है।

रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने अनुमान व्यक्त किया है कि देवघर, दुमका, धनबाद और साहिबगंज के तापमान में अगले कुछ दिनों में दो-तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। इसके बाद धीरे-धीरे तापमान में वृद्धि होगी। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से रांची और आसपास के जिलों में दोपहर के



समय तेज धूप खिलने से गर्मी महसूस होने लगी है। ऐसे में रांची में दिन का तापमान 32 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। वहीं रात को न्यूनतम तापतान भी 16 से 17 डिग्री पहुंच जाएगा। इसके बाद लोगों को गर्मी का एहसास होने लगेगा। पिछले 24 घंटे की बात करें तो डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 32.1 डिग्री गढ़वा में न्यूनतम तापमान 13.8 रिकॉर्ड किया गया। वहीं कई जिलों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री तक पहुंच गया है, जिससे साफ है कि इस बार गर्मी कहर बरपाएगी।

# अपनी समस्याओं को लेकर राशन डीलर करेंगे प्रदर्शन : सुशील साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** जिला खाद्य आपूर्ति विभाग के ढुलमुल रवैये को देखते हुए झारखण्ड लक्षित जनवितरण दुकानदार संघ ने जगरनाथ मंदिर परिसर में बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता सुशील कुमार साहू ने किया। बैठक में दुकानदारों ने अपनी-अपनी समस्याओ से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि गोदाम से अनाज दिया जाता है,उसके वजन में भी कुछ कम रहता है। खाद्यान का कमीशन भी समय से नहीं मिल रहा है। जिस खाद्यान का कमीशन जनवरी में मिलना था, वो फरवरी में भी नहीं मिला है। जब की विभाग से 02 फरवरी 2023 को कमीशन भुगतान करने का आदेश हो चुका है। आदेश में साफ कहा गया है की हर माह 10 तारीख तक दुकानदारों का कमीशन मिल जाना चाहिए। विभाग की उदासीनता को देखते हुए लगता है की बजट लेप्स होने तक भी इनका कमीशन की राशि इन्हे नहीं मिल पायेगी। पहले से भी प्रधानमंत्री



गरीब कल्याण योजना का कमीशन विभाग के द्वारा अभी तक नहीं दिया गया है। आगे दुकानदारों ने कहा की आये दिन विभाग दूसरे दूसरे कामों में सभी दुकानदारों को लगा देती है और उसका ना तो कोई कमीशन दिया जाता है और न कोई मानदेय। अभी कुछ ही दिन पहले दुकानदारों को आयुष्मान कार्ड बनाने का काम में लगा दिया गया। साथ ही खाद्यान वितरण का भी दबाव था। महा सचिव नृपेंद्र कुमार महतो ने कहा की संघठन की मजबूती के लिए सभी प्रखंडों में जा कर सभी दुकानदारों से उनकी समस्याओं को सुनेंगे और उन्हें भी इस कमिटी का हिस्सा बनाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा की 21 फरवरी को एक प्रतिधिमण्डल मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री, सचिव, उपयुक्त और जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सात सूत्री मांग सौपेगी। और इस बार भी हम दुकानदारों के बारे में सरकार और विभाग सकरात्मत्क सोच नहीं दिखाएगी तो 3 अप्रैल को मुख्यमंत्री के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर अपनी समस्याओं से अवगत कराएगी।

# गरीबों व पिछड़ों को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता में शामिल : मुख्य न्यायाधीश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा ने शपथ ग्रहण करने के तुरंत बाद मौके पर पत्रकारों को संबोधित किया। मुख्य न्यायाधीश संजय मिश्रा ने कहा है कि पुराने मामलों का निष्पादन और त्वरित सुनवाई पर ज्यादा जोर दिया जाएगा। उनकी प्राथमिकता गरीबों और पिछड़ों को न्याय दिलाना होगा। शपथ लेने के बाद उन्होंने झारखंड को अपनी मातृभूमि बताते हुए कहा कि पारदर्शी न्याय के लिए न्यायपालिका कठिन परिश्रम कर रही है। बताते चलें कि सोमवार को राज्यपाल ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री,कई मंत्री, हाईकोर्ट के न्यायाधीश, महाधिवक्ता, स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष, निर्वाचित सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आईएएस डॉ मनीष रंजन ने भारतीय कला-संस्कृति पर लिखी पुस्तक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव डॉ मनीष रंजन ने सिविल सेवा की प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए भारतीय कला एवं संस्कृति पर पुस्तक लिखी है। ये भारतीय प्रशासनिक सेवा 2002 बैच के झारखंड कैडर के अधिकारी हैं।

भारतीय कला, भारतीय संस्कृति एवं भारतीय विरासत नाम से तीन खंडों में विभाजित करते हुए विभिन्न अध्यायों में विवेचना की गयी है। इस बुक को लिखने डॉ. मनीष रंजन को पांच साल से अधिक का समय लगा।



डॉ मनीष रंजन ने बताया कि इस पुस्तक में भारतीय कला, भारतीय संस्कृति एवं भारतीय विरासत नामक तीन खंडों में विभाजित करते हुए प्रत्येक खंड की तार्किक दृष्टिकोण से विभिन्न अध्यायों में विवेचना की गई है। इसमें भारतीय कला संस्कृति एवं विरासत के विविध स्वरूपों तथा चित्रकला एवं हस्तशिल्प, वास्तुशिल्प, नाट्य नृत्य, संगीत, मूर्ति एवं स्थापत्य कला, अभिलेख, शिलालेख, पर्व-त्योहार, यूनेस्को की ओर से घोषित विरासत स्थल, भाषा, साहित्य, शिक्षा, धर्म एवं दर्शन आदि ऐसे ही अनेक विषयों को उनके उद्भव काल से लेकर अब तक के ऐतिहासिक विकास क्रम में नवीनतम शोधों से प्राप्त प्रमाणित एवं अद्यतन आंकड़ों के साथ-साथ नए स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है।

# झारखंड के 61 कांग्रेस नेता बने एआईसीसी मेंबर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के 61 कांग्रेस नेताओं को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ( एआईसीसी) का सदस्य नियुक्त किया है। इसमें 43 इलेक्टेड और 18 को-आप्टेड सदस्यों की नियुक्ति हुई है। इलेक्टेड सदस्यों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, सांसद धीरज साहू, गीता कोड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना, गुप्ता, बादल पत्रलेख, विधायक प्रदीप यादव, दीपिका पांडे सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत , प्रदीप बलमुचू, गुंजन सिंह, रमा खलखो, पूर्णिमा नीरज सिंह सहित अन्य के नाम शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर को-आप्टेड सदस्यों में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व सांसद ददई दुबे, फुरकान अंसारी, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, मंजू कुमारी, श्वेता सिंह, अनादि ब्रह्म, बजेंद्र प्रसाद सिंह राकेश सिन्हा सहित अन्य नेता शामिल हैं।

# एनटीपीसी स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब शिक्षा में सहायता के लिए वंचित बच्चों का किया समर्थन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब , अध्यक्ष ,समिति महुआ मजूमदार के नेतृत्व और मार्गदर्शन में और सदस्यों के साथ राँची के अमरावती क्षेत्र में वंचित बच्चों की शिक्षा के लिए एक संगठन, रॉबिनहुड आर्मी के क्लस्टर का दौरा किया ।वंचित बच्चों के लिए शिक्षा में पाठ्यपुस्तकों और स्कूल की आपूर्ति जैसे बुनियादी संसाधनों का अभाव है। इससे बच्चों को प्रभावी ढंग से सीखने में कठिनाई होती है।




इसे ध्यान में रखते हुए, स्वयंसिद्ध महिला क्लब ने सीखने की इच्छा रखने वाले 100 ऐसे बच्चों को स्टेशनरी आइटम, पाठ्यपुस्तकें वितरित करके वंचित बच्चों और शिक्षा के बीच सेतु बनाने का लक्ष्य रखा।स्वयंसिद्ध महिला क्लब के वरिष्ठ सदस्यों और समिति के सदस्यों ने भी बच्चों के साथ बातचीत करने और उन्हें पढ़ाने के लिए कुछ समय बिताने की इच्छा जताई।इस मौके पर उपाध्यक्ष एस. संचिता कोनार, आदिलक्ष्मी, समिति सदस्य; स्निग्धरानी माझी, राम्या, मनसा वर्मा, रेशमा बेहरा , अपूर्वा द्विवेदी और क्लब के सदस्य, सपना पारीक और सुगंध भी उपस्थित थीं। ईस नेक पहल का समापन लाभार्थियों द्वारा सराहना के साथ हुआ। स्वयंसिद्ध महिला क्लब जरूरतमंदों और वंचितों के लाभ के लिए विभिन्न सीएसआर पहल करके वंचित लोगों तक पहुंचने में सक्रिय रूप से शामिल रहा है।

# वार्डन की लापरवाही से अंजली उराँव की मौत : मंजूलता दूबे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा से पूरे देश में राज्य का नाम रौशन करते हैं लेकिन खिलाड़ियों के प्रति हेमंत सरकार कितनी संवेदनशील है उसकी पोल खुल गई, इस बच्ची इलाज के अभाव में अपनी जान गंवा बैठी, जो यह सपना लेकर आई थी कि एक दिन मैं झारखंड और देश के लिए मेडल लूंगी। मंजूलता ने कहा कि प्राप्त सूचना के आधर पर मैं रिम्स रात 11 बजे पहुँची वहाँ काफी संख्या में जेएसएसपीएस कैडेट्स मौजूद थे बच्चों ने बताया हमारे ऊपर लाठी चार्ज किये गये है । मंजूलता उनसे बात ही कर रही थी पुलिस प्रशासन ने भाजपा महिला नेत्री मंजूलता के साथ बतमीजी की उन्हें धमकाया ,केस कर जेल भेज दूंगा ,वे अड़ी रही और अनुरोध किया बच्चों को डराया धमकाया नहीं जाय और उनके ऊपर लाठीचार्ज निंदनीय है ये कहीं से भी उचित नहीं है । उन्होंने बताया इस मामले में प्रशासन ,जेएसएसपीएस, सरकार सभी लीपा पोती करना चाहती है । सुबह मंजूलता जेएसएसपीएस बच्चों से मिलने गई उन्हें अंदर जाने नहीं दिया गया उन्होंने बताया मीडिया को जाने नहीं दिया जा रहा है बच्चों को कैद करके रखा गया है ताकि वे किसी को बयान ना दें । उनके मोबाइल को अपने कब्जे में रख लिया है ऑथोरिटी ने । बच्चे डरे सहमे है ।मंजूलता ने राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग से भी इस मामले में बात की है और उन्होंने कहा मैं अंजली के प्रति



अपनी संवेदना प्रगट करती हूँ और पूरा भाजपा महिला मोर्चा अंजली के शोकाकुल परिवार के साथ है।

# रांची : चमरा लिंडा के दिये गए बयान के खिलाफ भोक्ता समाज में आक्रोश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** खरवार भोगता समाज विकास संघ द्वारा प्रेस क्लब रांची में कांफ्रेंस आयोजित किया गया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खरवार भोगता समाज विकास संघ के केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू झारखंड सरकार की घोर निंदा की । दर्शन गंझू ने कहा कि पिछले दिनों झामुमो के विधायक चमरा लिंडा द्वारा भोगता समाज के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी की है।जिसका भोगता समाज कड़ा विरोध करता है । विदित हो कि जनजाति श्रेणी में शामिल करने हेतु सभी मानक आहरताओं एवं क्रियाओं को पूरा करते हुए संविधान अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां आदेश संशोधन विधेयक 2022 तैयार किया गया, जो कि संसद के राज्यसभा से 30 मार्च 2022 एवं लोकसभा से 5 अप्रैल 2022 को ध्वनि मत से पारित किया गया। उपर्युक्त विधेयक के तहत भोगता गंझू, देशवारी, दौलतबंदी, पटबंदी, खैरी, राउत, माझिया आदि खरवार की आठ उप जातियों को जनजाति की श्रेणी में शामिल किया गया। इस मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, झलकू गंझू, रामनाथ गंझू, रामलखन गंझू, जगरनाथ भोगता, कोलेश्वर गंझू, देवनारायण गंझू, रामधारी गंझू ,जीतू प्रधान आदि लोग मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में छात्रा की मौत

**रांची :** खरसीदाग ओपी क्षेत्र के रिंग रोड स्थित डूंगरी चौक में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सोमवार को साइकिल सवार छात्रा की मौत हो गयी। मृतक की शिनाख्त साक्षी श्रेया होरो के रूप में की गई है। वह लाल खटंगा निवासी सुलेमान होरो की पुत्री है। वह संत जोसेफ बालिका उच्च विद्यालय हुलहन्दू के 10वीं की छात्रा थी। घटना की सूचना मिलते ही ओपी प्रभारी सशस्त्र बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। ओपी प्रभारी ने बताया कि पुलिस अज्ञात वाहन का पता लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

# झारखंड एंटी ट्रैफिकिंग नेटवर्क का एकदिवसीय कार्यशाला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** स्पार्क संस्था द्वारा झारखंड एंट्री ट्रैफिकिंग नेटवर्क के अंतर्गत एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन होटल जिनिस्टा इन कांटा टोली में किया गया। घरेलू कामगार के अहम योगदान को हम समाज में, अर्थव्यवस्था में राजनिति में और संस्कृति में देख सकते हैं यह अहम् योगदान होने के बावजूद भी वे अपने घर के मालिक और सरकार दोनों की ओर से अवहेलना और का लगातार झेल रही है। चाहे वह मजदूरी का मामला हो जिसमें सही मजदूरी नहीं मिलती है और न ही स्वास्थ्य का लाभ, न भरपेट पौष्टिक भोजन, न पीने का साफ पानी न



आवास और न ही बच्चों के लिए शिक्षा। इसके साथ ही घरेलू कामगार मानसिक, शारीरिक, और यौन शोषण का शिकार भी होते हैं। अधिक उम्र हो जाने के कारण से वे लाचार हो जाते है न इनके पास कोई बचत होता है न ही सरकार द्वारा कोई लाभ योजना 7 चूँकि घरेलू कामगारों के लिए आज तक कोई समुचित कानून सरकार द्वारा नहीं बनाई गयी, इसलिए इतना शोषण होते हुए भी इन्हें कोई उचित न्याय नहीं मिल पाता है। इस कार्यशाला में घरेलू कामकारों की रोजगार गारंटी, मानदेय, अवकाश, स्वास्थ्य अधिकार व स्वतंत्रता संबंधी मुख्य विषयों के ऊपर चर्चा किया गया।इस कार्यशाला में से झारखंड के 13 के 13 संस्थाओं के मुख्यकार्यकारी तथा अन्य प्रतिभागियों और घरेलू महिला कामगार कार्यशाला में उपस्थित हुए। इस चर्चा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने अपने-अपने सुझाव को साझा किया प्रोग्राम की शुरुवात स्पार्क संस्था से एच.आई.जी द्वारा स्वागत वक्तव्य किया गया इसके उपरांत उपस्थित अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित किया गया। कार्यशाला के प्रथम वक्ता के रूप में अंजनी जो संस्था प्रेणा भारती के द्वारा स्वागत तथा विषय प्रवेश किया गया। इसके उपरांत स्पार्क संस्था के जोफा लकड़ा द्वारा झारखंड के घरेलू कामगार पर एक प्रसेंटेशन किया गया।

# 11 दिनों से जगन्नाथपुर जलागार से पानी सप्लाई बंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एचइसी क्षेत्र के जगरनाथपुर, न्यू कॉलोनी, बर झोपड़ी ,मौसी बाड़ी आदि के बस्तीयों में पिछले 11वें दिनों से जगरनाथपुर जलागार से पानी सप्लाई बंद है, इससे बस्ती वासियों में काफी आक्रोश है। इसी आक्रोश के साथ बस्ती वासियों ने जगन्नाथपुर जलागार के समीप जाकर प्रदर्शन किया ।

बस्ती वासियों नारा लगा रहे थे सप्ताह में 7दिन पानी देना होगा, हटिया डैम से पानी सप्लाई देना होगा, मैट्रिक इंटर परीक्षा के समय पानी सप्लाई बंद क्यो? पानी का निजीकरण बंद करो आदि गगनभेदी नारे बस्ती वासी लगा रहे थे। प्रदर्शन स्थल को संबोधित करते हुए



उपभोक्ता फोरम के मिंटू पासवान ने कहा कि अभी मैट्रिक इंटर का परीक्षा सीबीएसई का चल रहा है। आने वाले दिनों में 14 मार्च से जैक द्वारा द्वारा मैट्रिक और इंटर का परीक्षा लिया जाएगा।

साथ ही साथ विधानसभा के सबसे नजदीक बस्तीयों यदि पानी सप्लाई नहीं है तो रांची के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में क्या स्थिति होगी इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। ऐतिहासिक धरोहर जगन्नाथपुर मंदिर में भी पानी का सप्लाई बंद है।

यदि पानी का सप्लाई फौरन चालू नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में एक बड़ा आंदोलन बस्ती वासी करेंगे प्रदर्शन में मिंटू पासवान के अलावा विपिन ,गोविंदा, राम लगन बड़ाईक ,बुधराम साहू, अनिल यादव, राकेश यादव, सुमन ,विजय ,अजय रंगीला सिंह आदि कई लोग शामिल थे।

# सांसद संजय सेठ ने रिम्स शासी परिषद की ऑनलाइन बैठक का किया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने रिम्स शासी परिषद की ऑनलाइन बैठक का विरोध किया है। इसका विरोध करते हुए सांसद ने स्वास्थ्य मंत्री सह शासी परिषद के अध्यक्ष बन्ना गुप्ता को पत्र भी लिखा है। लिखे पत्र में सांसद ने कहा है कि रिम्स शासी परिषद की 55वीं बैठक से संबंधित पत्र प्राप्त हुआ है। उपरोक्त पत्र में 24 फरवरी को शासी परिषद की ऑनलाइन बैठक की सूचना दी गई है। इस विषय पर मेरी पूर्णतः असहमति है। सेठ ने कहा कि जब कोरोना संक्रमण जैसी भयावह स्थिति और काल में हम आमने-सामने बैठकर रिम्स की बेहतरी की चर्चा कर चुके हैं तो फिर अभी ऑनलाइन बैठक करने का औचित्य नहीं है। ऑनलाइन बैठक के इस निर्णय का विनम्रता पूर्वक विरोध करता हूं। उन्होंने कहा कि रिम्स की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है, ऐसी परिस्थिति में यह



आवश्यक है कि हम साथ बैठकर रिम्स की बेहतरी की चर्चा करें।

# सामुदायिक वन संसाधन अधिकार एवं वन प्रबंधन अधिकार पर तीन दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** निर्मल भवन में चांडिल बांध के समीप, शीशमहल में विस्थापित मुक्ति वाहिनी, संयुक्त वन रक्षा कमिटी एवं गांव गणराज्य लोक समिति के संयुक्त तत्वधान में वन अधिकार कानून 2006 के तहत सामुदायिक वन संसाधन अधिकार एवं वन प्रबंधन अधिकार की प्रक्रिया पर तीन दिवसीय कार्यशाला आज संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से आए हुए बेनीपुरी ने वन अधिकार कानून के सभी स्तर के समिति के बारे में बताएं। धारा 3 (1)(क) के तहत व्यक्तिगत दावों को प्रक्रिया करने की हर एक पहलू को बताएं। धारा 3 (1) (ख) के तहत सामुदायिक वन अधिकार वन क्षेत्र में मवेशी चराने, मिट्टी का निस्तार का अधिकार, धारा 3 (1) (ग) के तहत वन उपज संग्रहण, बेचने का अधिकार, धारा 3 (1) (घ) के तहत वन से लघु खनिज का निस्तार, जल, बालू आदि का निस्तार का अधिकार, धारा 3 (1) (ङ) के तहत अतिविशिष्ट जनजाति के लिए बसवास का अधिकार, धारा 3 (1) (ट) के तहत जैव विविधता बनाए रखने का अधिकार, धारा 3 (1) (ठ) के तहत रूढ़िगत परंपरा के अनुसार सरना जाहेर थान, देवी देवता स्थान आदि का अधिकार, धारा 3 (1) (झ) के तहत पारंपरिक सीमा के अंदर उपयोग, संरक्षण, संवर्धन, प्रबंधन का अधिकार प्राप्त है। वक्ता ने धारा 3 (1) (झ) को ज्यादा जोर देते हुए कहा कि पारंपरिक सीमा के तहत सामुदायिक वन संरक्षण, संवर्धन एवं प्रबंधन हेतु दावा करना है। वहीं 19 फरवरी 2023 को रोयाडीह में नजरी नक्शा बनाया गया। बुजुर्गों को सपथ पत्र तैयार किया गया तथा जी पी एस मशीन के सहयोग से पूरे पारंपरिक सीमा में घूम कर जी पी एस नक्शा बनाया गया और दावा प्रक्रिया किया जाएगा। कार्यशाला में मुख्य रूप से डोमन बास्के, सुधीर टुडू, भानु माझी, अमर बिरहोड़, सुकलाल माझी, बृहस्पति सिंह (सरायकेला खरसावां), देवेन सिंह, चरण कुमार, निधि, देवेंद्र नाथ महतो, कुमार दिलीप, अरविंद अंजुम (पूर्वी सिंहभूम), एलिन अर्चना लकड़ा, तेजस्विता (दिल्ली), हरीश, बेनीपुरी (छत्तीसगढ़) से शामिल हुए।

# डीएसपी के नेतृत्व में चला सघन वाहन चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिला मुख्यालय में सदर अस्पताल के समीप मुख्य सड़क पर सोमवार को डीएसपी मुख्यालय चंदन कुमार वत्स के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। डीएसपी चंदन वत्स स्वंय घन्टो तक अभियान में उपस्थित रहे। जांच के क्रम में बगैर सीट बेल्ट व बगैर हेलमेट वालो के साथ वाहनों के कागजात की भी जांच करते हुए कमी मिलने पर निर्धारित जुर्माना वसूला गया।डीएसपी ने कहा सड़क दुर्घटनाओं से सुरक्षा के मद्देनजर वाहन जांच अभियान अब नियमित रूप से चलेगी। मौके पर सदर थाना प्रभारी नीतीश कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सोनारी नॉर्थ लेआउट के प्राचीन शिव मंदिर का सौंदर्यकरण कार्य भूमि पूजन से शुरू



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोनारी नॉर्थ लेआउट स्थित श्री श्री सार्वजनिक प्राचीन शिव मंदिर का पूर्ण सौंदर्यकरण किया जाएगा। इसको लेकर आज भूमिपूजन किया गया। मौके पर उपस्थित राज परिवार के सदस्य एवं कांग्रेस लेबर सेल के जिला अध्यक्ष कल्याण चंद्र सिंह ने बताया कि इस भोलेनाथ मंदिर की स्थापना 1669 में की गई थी। मंदिर में स्वर्गीय दरिया सिंह और स्वर्गीय ईश्वर सिंह ने बनारस से शिवजी का लिंग लाकर यहां स्थापित किए थे। तभी से स्थानीय लोग बड़ी श्रद्धा पूजा करते आ रहें। भूमि पूजन के अवसर पर मुख्य रूप से कल्याण चंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, अनिल सिंह, भुवन राज शर्मा, हरेंद्र सिंह, जितेंद्र पंडित, लंका सिंह, गणेश आदि लोग शामिल थे।

# लायंस क्लब भारत और भरत सिंह फैंस क्लब ने किया जरुरतमंद बेटी की शादी में मदद

**आदित्यपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत के अध्यक्ष भरत सिंह के निर्देशानुसार लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत और भरत सिंह फैंस क्लब के सदस्यों द्वारा बागुनहातु निवासी तरूणी दास के पुत्री के शादी में आर्थिक सहायता किया गया. जिसकी जानकारी देते हुए लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत की सचिव अंजुला सिंह ने बताया कि तरूणी दास जी की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है। इसलिए इनकी बेटी की शादी की खबर मिलने पर हमारे क्लब के द्वारा इन्हें आर्थिक मदद पहुंचाई गई। इस दौरान क्लब के विक्की श्रीवास्तव, करन गोराई, मनोज सोनी, राहुल सिंह, अशोक रजक, सुखदेव गोराई, शंकर गोराई, आकाश रजक, राजू गोराई, विपलप चंद्रा, जयराम डोरा, अविनाश शर्मा आदि सदस्य उपस्थित थे।

# उप विकास आयुक्त ने उद्योग विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई ने उद्योग विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए समनन्धित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। प्राइम मिनिस्टर एम्प्लॉयमेंट जनरेशन प्रोग्राम एवं प्राइम मिनिस्टर फॉर्मेलिजेशन फॉर माइक्रो फ़ूड प्रोसेसिंग इंटरप्राइजेज अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समीक्षा करते हुए शाखा प्रबंधको को लंबित आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु ऋण प्रदान कर रही है। अतः सभी शाखा प्रबंधक बिना किसी गंभीर वजह के आवेदन रिजेक्ट ना करें।इच्छुक लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने में उनकी मदद करें। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों से उप विकास आयुक्त ने अपील किया कि स्थानीय क्षेत्र मे योजना सम्बन्धित जानकारी साझा कर इच्छुक लोगों को आवेदन करने हेतु प्रेरित करें। बैठक में डीएम जीआईसी शंभू शरण बैठा, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक के सदस्य, डायरेक्टर आरसीटी, सभी शाखा प्रबंधक सह डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एवं सम्बन्धित अन्य

# रघुनाथपुर ब्लॉक मैदान में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ


**➲खेलकूद जीवन को उन्नत मार्ग की और अग्रसर करता है : तरुण महतो**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** रघुनाथपुर ब्लॉक मैदान में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिन मुख्य अतिथि झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के चांडिल अनुमंडल इकाई के सक्रिय सदस्य तरुण महतो ने फीता काट कर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उदघाटन किया। इस दौरान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए मुख्य अतिथि तरुण महतो ने कहा कि खेलकूद जीवन को उन्नत मार्ग की और अग्रसर करता है। खेलकूद जीव जगत के जीवन शैली का अभिन्न अंग है। पुरे जीव समुदाय प्रतिदिन किसी न किसी रूप से खेल कूद करता है। इस अवसर पर आयोजक क्लब के अध्यक्ष राकेश व बलराम, उपाध्यक्ष प्रभात व लक्ष्मण, सचिव सनातन व मंगल, कोषाध्यक्ष सुरेश व निमाई, सदस्य बिरेन, दीपु, निरंजन, मुकेश, बुलु, कबीर, अभिषेक, मेघनाथ, राम, संचित, रामप्रशाद, अधिष्टीर, राहुल, दिनेश, रामद, चंदन, सुनिल, कुन्दन, सामल, शिवलाल, सचिन, राकेश, सुबोध विश्वजीत, राहुल, कमलेश, अबोध संगित, प्रदिप, सौरव, सोमनाथ आदि उपस्थित थे।

# अंतराष्ट्रीय महिला काव्य मंच की छठी ऑनलाइन काव्य गोष्ठी आयोजित




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतरराष्ट्रीय महिला काव्य मंच की पू. सिहभूंम इकाई की गोष्ठी संस्थापक नरेश नाज के संज्ञान में रविवार को ऑनलाइन आयोजित किया गया। यह जमशेदपुर इकाई की कार्यकारिणी के गठन के बाद की छठी मासिक गोष्ठी रही। अध्यक्षता मंच की जिला अध्यक्ष अंकिता सिन्हा ने किया। महिला काव्य मंच की मुख्य अतिथि के रूप में डाक्टर सुरिंदर नीलम कौर उपस्थित थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध राँची से रेणू झा रेणू, वरिष्ठ कवयित्री राँची से नीलम सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का आगाज़ हुआ। रीना सिन्हा के बेहतरीन संचालन में कार्यक्रम को नयी ऊंचाई प्रदान की। कार्यक्रम में मोना विंध्यवासिनी तिवारी बिन्नी, पूनम शर्मा स्नेहिल, शोभा, काव्य धारा का प्रवाह निरंतर गीत, गज़लों, क्षणिकाओं, मुक्त छंद, दोहे के रूप में पूरे 2 घंटे तक चलता रहा।

# इंटक के अधिवेशन में शामिल होने दिल्ली रवाना हुए बेरमो विधायक व अन्य इंटक नेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** इंटक का राष्ट्रीय अधिवेशन 22 व 23 फरवरी को राजधानी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाली है। अधिवेशन में शामिल होने के लिए झारखंड एवं जमशेदपुर के वरिष्ठ इंटक नेता दिल्ली के लिए रवाना हुए। आज सुबह रांची से हवाई मार्ग से बेरमो विधायक सह राष्ट्रीय कोयलरी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह, प्रदेश इंटक सचिव शैलेश पांडेय, रांची महानगर कांग्रेस अध्यक्ष कुमार राजा, इंटक नेता अवधेश सिंह, केबुल यूनियन के महामंत्री उदयकांत शर्मा, टीजीएस यूनियन के कमिटी मेंबर कौशल कुमार, वीना मेटल यूनियन के उपाध्यक्ष दुर्गा राम बैठा, कोषाध्यक्ष त्रिवेन सोय एकसाथ दिल्ली रवाना हुए। इंटक के राष्ट्रीय अधिवेशन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जी संजीवा रेड्डी सहित अन्य नेता अधिवेशन को संबोधित करेंगे जहाँ मोदी सरकार के मजदूर विरोधी नितियों, बेरोजगारी, महंगाई, निजीकरण सहित देश के अन्य ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा होगी। अधिवेशन के अंतिम दिन 23 फरवरी को इंटक की चुनाव प्रक्रिया भी होगी।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय टांगराइन पोटका में बच्चों ने योग की बारीकियों को समझा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पतंजलि युवा भारत के द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय टांगराइन पोटका में एक दिवसीय योग जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी ने बताया कि शिविर में कक्षा 6, 7 और 8 के 75 बच्चों ने हिस्सा लिया। शिविर में बच्चों को योग की बारीकियों को समझाया गया और प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर का संचालन पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी नरेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को व्यापक तौर पर मनाने की तैयारी की जा रही है, इसके लिए पहले से ही आयुष विभाग और पतंजलि योग परिवार द्वारा जिले में 1275 योग एंबेस्डर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है। शिविर में पतंजलि किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी बिहारी लाल, युवा योग प्रशिक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं युवा भारत के कार्यकर्ता रोहित कुमार ओझा ने विशेष सहयोग किया। कार्यक्रम में विद्यालय के योग एम्बेसडर शिक्षक राजीव सिंह, अमल कुमार दीक्षित, राजेंद्र सिंह सरदार दसमत मुर्मू, निरंजन सरदार उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के शिक्षक व योग एंबेस्डर अमल कुमार दीक्षित ने किया।

# जिंदल स्टेनलेस स्टील ने करीम सिटी कॉलेज के 17 छात्रों को किया लॉक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के रसायन विज्ञान, गणित और भौतिकी विषय से बी.एससी (ऑनर्स) के 17 छात्रों का चयन जिंदल स्टेनलेस स्टील लिमिटेड, जाजपुर (ओडिशा) में चयन हुआ है। चयन प्रक्रिया 11 फरवरी, 2023 को एक वर्चुअल प्लेसमेंट ड्राइव के तहत किया गया। कंपनी ने चयनित छात्रों को 2.50 लाख के वार्षिक पैकेज में लॉक किया है। चयनित छात्रों के नाम हैं - शिव नारायण, विवेक कुमार, अजय भौमिक, रंजीत कुमार सिंह, मकबुल अंसारी, मनीष कुमार, मेघनाथ पाल, शिबशंकर मोदक, शाहबाज आलम, जानू किस्कू, शुभम कुमार दत्ता, अभिषेक कुमार, खोकन गौर, लक्ष्मी चरण सिंह, देबेन गोप, एमडी फरहान खान, मानस करण। प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रियाज ने चयनित छात्रों को बधाई दी। वर्चुअल प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान डॉ अनवर शहाब, मुख्य समन्वयक रोजगार संवर्धन इकाई, डॉ जी विजयलक्ष्मी समन्वयक प्लेसमेंट सेल, डॉ रश्मी अख्तर और प्लेसमेंट सेल के डॉ आफताब आलम सदस्य उपस्थित थे।

# पाउड़ी स्थान में महाशिवरात्रि पर खिचड़ी भोग का वितरण

**कांड्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांड्रा के करनगिरीगुड़ा स्थित पाउड़ी स्थान में महाशिवरात्रि के अवसर पर कांड्रा रावण दहन कमेटी के अध्यक्ष सह समाजसेवी लालबाबू महतो और झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता बप्पा पात्रों द्वारा खिचड़ी भोग का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपरोक्त के अलावा कांड्रा पंचायत के पूर्व मुखिया होनी सिंह मुंडा, अशोक सिंह, राजा मालवीय, मनीष प्रसाद, बम्बल दास, धीरज प्रसाद, निखिल प्रसाद, कुश प्रसाद, मनोज प्रसाद, सतीश प्रसाद, सनी सिंह, भोलू महतो, अमित यादव, मुकेश लोहार उपस्थित रहे।

# शहरी आजीविका मिशन के तहत महिला उद्यमियों का छह दिवसीय प्रशिक्षण शुभारम्भ



**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगरपंचायत अंतर्गत टाउन हॉल में शहरी आजीविका मिशन के तहत नगर की चयनित महिला उद्यमियों को उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत छ दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सोमवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का नगर पंचायत अध्यक्ष मीनाक्षी पटनायक द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया। प्रशिक्षु महिला उद्यमियों को मौके पर नगरपंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह कार्यक्रम आप सबों के लिए स्वरोजगार प्राप्ति हेतु एक सुनहरा अवसर है। प्रशिक्षण प्राप्त कर आप अपने व्यवसाय में सफल हो सकते हैं एवं व्यवसाय हेतु प्राप्त ऋण का सदुपयोग कर सकती हैं। कहा कि मेरा एक मात्र उद्देश्य है कि हमारे नगर की महिलाएं उद्यम कर आत्म निर्भर एवं सशक्त बनें। यह प्रशिक्षण सीएसएस एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के बोरता टीयू एवं पीयूष अग्रवाल द्वारा दिया जा रहा है। इस अवसर पर नगरपंचायत उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, कार्यपालक पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, वार्ड पार्षद सबिता पटनायक, मीरा बारीक, अंजलि राय, सपन कामिला, जुगल तापे, गौतम नायक सहित नगर मिशन प्रबंधक स्मृति भेंगरा एवं प्रशिक्षक एवं महिला समूह उपस्थित थे।

# बकरी चुराकर भाग रहे नाबालिग समेत दो आरोपी पकड़ाया, बोड़ाम पुलिस ने एक को भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से होने वाली बकरी या खस्सी चोरी की घटना से लोगों में काफी आक्रोश है। यही वजह है कि सोमवार को केंदडीह गांव स्थित बोंटा-माधवपुर मुख्य सड़क के किनारे स्थित एक घर से एक बकरी चुराकर भाग रहे एक नाबालिग समेत दो आरोपियों के खिलाफ लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। घटना सुबह करीब 9 बजे की है जब एक बाइक पर सवार जमशेदपुर से आये दो लोग सुचांद तंतुबाई की एक बकरी को बाइक पर चढ़ाकर भागने लगे। घटना के बाद प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोग सक्रिय हुए और इसकी सूचना बोड़ाम बाजार के लोगों को मिलने पर भागने में असफल रहे। इसके बाद बैंक ऑफ इंडिया बोड़ाम शाखा के बाहर बाइक सवार आरोपियों को पकड़कर आक्रोशित भीड़ ने जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही पहुंचे बोड़ाम थाना प्रभारी धनंजय बैठा ने आरोपियों को भीड़ के चंगुल से बचाया और हिरासत में लेकर मामले की छानबीन शुरू की। स्थानीय लोगों के मुताबिक बीते एक माह के अंदर बोंटा, बोड़ाम व कुईयानी पंचायत में एक दर्जन से भी अधिक खस्सी की चोरी हो चुकी है और केंदडीह निवासी सुचांद तंतुबाई का भी एक खस्सी पूर्व में चोरी गई है। हालांकि अधिकांश मामलों में शिकायत थाने तक नहीं पहुंची है। इधर थाना प्रभारी धनंजय बैठा ने जमशेदपुर के उलीडीह थाना क्षेत्र के संकोसाई खाड़ियाबस्ती निवासी सोनू कुमार संदीप (22 वर्ष) को जेल भेज दिया गया है वही 16 वर्षीय नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा गया है।

# रापचा में रोजगार मूलभूत सुविधाओं की मांग लेकर एकजुट हुए विस्थापित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कांड्रा :** प्रखंड अंतर्गत रापचा गांव में 1960 दशक में कंपनियों द्वारा भूमि अधिग्रहण किए जाने से विस्थापित हुए ग्रामीणों ने रोजगार समेत मूलभूत सुविधाओं की मांग रखी है। रविवार को रापचा स्थित सामुदायिक भवन में स्थानीय विस्थापितों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा उपस्थित हुए। बैठक में विस्थापितों का नेतृत्व कर रहे संजय मंडल और मनीष महाली ने बताया कि 1960 दशक में तत्कालीन आयडा (अब जियाडा) द्वारा टायो, टीजीएस, टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट्स कंपनी स्थापना को लेकर किए गए भूमि अधिग्रहण के बाद कई एक मामलों में वादाखिलाफी की गई है। यहां के विस्थापित गांव में मूलभूत सुविधा जैसे सड़क, बिजली ,पानी सुविधा बहाल करने के साथ मालिकाना हक दिए जाने की भी रणनीति तैयार हुई। इस मौके पर विस्थापितों ने एकजुटता का परिचय देते हुए आगे लड़ाई लड़ने का भी निर्णय लिया। बैठक में बैठक में रापचा पंचायत की मुखिया सुखमति मार्डी, पूर्व मुखिया जवाहरलाल महाली, लखन मार्डी, जीवो महाली, रवि महाली, सोनाराम महाली, निताई महाली, भरत मंडल, रबिन्द्र मंडल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# रैयती जमीन व नाला अतिक्रमण के विरुद्ध अंचलाधिकारी को ज्ञापन



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संमाजसेवी चंद्रनाथ महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा गम्हरिया के अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर छोटा गम्हरिया मौजा अंतर्गत रैयती जमीन व नाला अतिक्रमण कर भूमाफिया द्वारा कराए जा रहे चाहरदीवारी निर्माण को रोकने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि कुछ लोगों द्वारा उनकी रैयती जमीन व पास बने नाले पर डंपिंग कर प्लाटिंग कर चाहरदीवारी निर्माण कराया जा रहा है। कुछ ग्रामीण जब इसका विरोध करने पहुंचे तो वहां मौजूद सभी लोग भाग खड़े हुए। उनमे से दो लोगों के पास कट्टा भी था। इसके बाद निजी अमीन की सहायता से उक्त भूमि की मापी कराई गई तो पता चला कि प्लाट संख्या 1244 पर बना सरकारी नाला और रैयती जमीन के प्लॉट संख्या 451, 150, 151, 152, 153, 149, 59, 60, 61 व 74 पर छाई गिराकर तथा नाला बंद कर भूमाफियाओं द्वारा उसका प्लाटिंग कर बेचने की कोशिश की जा रही है।उन्होंने इस मामले की जांच कर समुचित कार्रवाई करने की मांग किया है। प्रतिनिधिमंडल मे महादेव महतो, निर्मल कुमार महतो, मनोज महतो, बसन्त कुमार महतो समेत कई ग्रामीण शामिल थे।

संपादकीय

## भारत के लोकतंत्र में दखल देने की कोशिशें न करें विदेशी

**जब** से भारत अपनी मूल पहचान के साथ जुड़ने लगा है, आत्मनिर्भरता के साथ वैश्विक पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभर रहा है और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उसी भूमिका प्रभावशाली हुई है, तब से दुनियाभर की कई ताकतें भारत को रोकने के लिए सक्रिय हो गई हैं। उसका सीधा कारण है कि भारत बढ़ेगा, तो उनकी सब प्रकार की दुकानदारी बंद हो जाएंगी। अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस तो मात्र एक उदाहरण हैं, ऐसे कई सोरोस हैं, जो पर्दे के पीछे भारत को गिराने की साजिशें रच रहे हैं। अभी हाल ही में ब्रिटेन के प्रतिष्ठित समाचारपत्र द संडे गार्जियन ने अपनी एक रिपोर्ट में इस बात की आशंका जताई थी कि भारत के सर्वाधिक लोकप्रिय और विकासवादी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार सत्ता में आने से रोकने के लिए दिल्ली से लेकर लंदन तक कई ताकतें सक्रिय हो चुकी हैं। जॉर्ज सोरोस का प्रकरण बताता है कि द संडे गार्जियन की रिपोर्ट गंभीर है। भारत के सुप्रसिद्ध कारोबारी गौतम अडानी के मुद्दे पर बोलते हुए अमेरिकी धन्नासेठ ने न केवल भारत के प्रधानमंत्री मोदी को लक्षित किया अपितु भारत के लोकतंत्र में भी हस्तक्षेप करने की अपनी मंशा को प्रकट किया। सोरोस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे पर शांत हैं। लेकिन उन्हें संसद में सवालों के जवाब के साथ विदेशी निवेशकों के भी जवाब देने होंगे। यह भारत की संघीय सरकार पर मोदी की पकड़ को काफी कमजोर कर देगा और बहुत जरूरी संस्थागत सुधारों को आगे बढ़ाने के दरवाजा खोल देगा। मुझे उम्मीद है कि भारत में एक लोकतांत्रिक परिवर्तन होगा। पहली बात तो अडानी मुद्दे पर प्रधानमंत्री को जोड़कर अनावश्यक टिप्पणी करने का कोई अधिकार विदेशी कारोबारी को नहीं है। यह सोरोस तय नहीं कर सकते कि भारत के प्रधानमंत्री किस मुद्दे पर बोलें और किस पर नहीं, उन्हें किसे जवाब देना होगा और किसे नहीं। सोरोस को अपनी मर्यादा समझनी होगी। उनके बयान को देखें तो वे भी प्रधानमंत्री मोदी को हटाने का सपना देख रहे हैं। सोचने वाली बात है कि प्रधानमंत्री मोदी को हटाकर आखिर अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस को कौन-सा लाभ मिल जाएगा? सोरोस तो भारत के विपक्षी पार्टी के नेता नहीं है कि भाजपा और मोदी को हटाकर, वे और उनकी पार्टी सत्ता में बैठ जाएगी? दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के कारण भारत आर्थिक प्रगति कर रहा है, दुनिया की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है, आत्मनिर्भरता बढ़ रही है, ऐसे में इस प्रकार के विदेशी कारोबारियों के आर्थिक हितों पर कुठाराघात हो रहा है। इसके साथ ही जॉर्ज सोरोस जैसे धन्नासेठ एक खास विचारधारा को भी प्रोत्साहित करते हैं, यह विचारधारा भारत में राष्ट्रीय विचार का विरोध करती है। जॉर्ज सोरोस की मानसिकता से इस आशंका को बल मिलता है कि आनेवाले समय में प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार की छवि को बिगाड़ने, चुनावों में भाजपा और मोदी की जीत को प्रभावित करने के लिए बड़े पैमाने पर विदेशी ताकतें अपना जोर लगाएंगी। भारत के लोगों को सावधान रहना होगा कि ये ताकतें हमारे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में दखल न दे पांए और भारत को झुकाने की उनकी एक भी कोशिश सफल न हो। भारत के विकास एवं उसकी संप्रभुता के लिए हमें विदेशी ताकतों के विरुद्ध एकजुट रहना ही होगा।


अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस तो मात्र एक उदाहरण हैं, ऐसे कई सोरोस हैं, जो पर्दे के पीछे भारत को गिराने की साजिशें रच रहे हैं। अभी हाल ही में ब्रिटेन के प्रतिष्ठित समाचारपत्र द संडे गार्जियन ने अपनी एक रिपोर्ट में इस बात की आशंका जताई थी कि भारत के सर्वाधिक लोकप्रिय और विकासवादी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार सत्ता में आने से रोकने के लिए दिल्ली से लेकर लंदन तक कई ताकतें सक्रिय हो चुकी हैं। जॉर्ज सोरोस का प्रकरण बताता है कि द संडे गार्जियन की रिपोर्ट गंभीर है। भारत के सुप्रसिद्ध कारोबारी गौतम अडानी के मुद्दे पर बोलते हुए अमेरिकी धन्नासेठ ने न केवल भारत के प्रधानमंत्री मोदी को लक्षित किया अपितु भारत के लोकतंत्र में भी हस्तक्षेप करने की अपनी मंशा को प्रकट किया। सोरोस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे पर शांत हैं। लेकिन उन्हें संसद में सवालों के जवाब के साथ विदेशी निवेशकों के भी जवाब देने होंगे। यह भारत की संघीय सरकार पर मोदी की पकड़ को काफी कमजोर कर देगा और बहुत जरूरी संस्थागत सुधारों को आगे बढ़ाने के दरवाजा खोल देगा। मुझे उम्मीद है कि भारत में एक लोकतांत्रिक परिवर्तन होगा। पहली बात तो अडानी मुद्दे पर प्रधानमंत्री को जोड़कर अनावश्यक टिप्पणी करने का कोई अधिकार विदेशी कारोबारी को नहीं है।


### पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुकाबले खुद को एक युवा और नये विकल्प के रूप में पेश किया

## अमेरिका में अगला राष्ट्रपति चुनाव क्या कमला हैरिस बनाम निक्की हेली होगा?

नीरज कुमार दुबे


वर्तमान में कमला हैरिस अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अभी यह साफ नहीं किया है कि वह दोबारा राष्ट्रपति चुनाव लड़ेंगे या नहीं इसलिए माना जा सकता है कि कमला हैरिस भी राष्ट्रपति चुनाव में उतर सकती है। ऐसे में यदि कमला हैरिस और निक्की हेली के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए मुकाबला होता है तो वह बड़ा रोचक होगा क्योंकि दोनों ही भारतीय मूल की अमेरिकी हैं। जहां तक निक्की हेली की बात है तो आपको बता दें कि 51 वर्षीय यह अमेरिकी राजनीतिज्ञ दक्षिण कैरोलिना की दो बार गवर्नर रहीं हैं और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत रह चुकी है। उन्होंने इस सप्ताह दक्षिण कैरोलिना में एक कार्यक्रम के दौरान अपने उत्साहित समर्थकों को संबोधित करते हुए घोषणा की कि एक मजबूत अमेरिका के लिए, एक गौरवशाली अमेरिका के लिए, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल हो गई हूं।


**अमेरिका** में रिपब्लिकन पार्टी की भारतवंशी नेता निक्की हेली ने 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में अपनी दावेदारी के लिए औपचारिक रूप से अभियान की शुरुआत कर दी है। इसके साथ ही, उन्होंने एक समय अपने नेता रहे और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुकाबले खुद को एक युवा और नये विकल्प के रूप में पेश किया है। वर्तमान में कमला हैरिस अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अभी यह साफ नहीं किया है कि वह दोबारा राष्ट्रपति चुनाव लड़ेंगे या नहीं इसलिए माना जा सकता है कि कमला हैरिस भी राष्ट्रपति चुनाव में उतर सकती हैं। ऐसे में यदि कमला हैरिस और निक्की हेली के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए मुकाबला होता है तो वह बड़ा रोचक होगा क्योंकि दोनों ही भारतीय मूल की अमेरिकी हैं। जहां तक निक्की हेली की बात है तो आपको बता दें कि 51 वर्षीय यह अमेरिकी राजनीतिज्ञ दक्षिण कैरोलिना की दो बार गवर्नर रही हैं और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत रह चुकी हैं। उन्होंने इस सप्ताह दक्षिण कैरोलिना में एक कार्यक्रम के दौरान अपने उत्साहित समर्थकों को संबोधित करते हुए घोषणा की कि एक मजबूत अमेरिका के लिए, एक गौरवशाली अमेरिका के लिए, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल हो गई हूं। उन्होंने कहा, जब अमेरिका उतार-चढ़ाव से गुजरता है, तो दुनिया कम सुरक्षित हो जाती है और आज, हमारे दुश्मन सोचते हैं कि अमेरिका का युग बीत चुका है। लेकिन वे गलत हैं। निक्की हेली ने कहा, अगर हम 20वीं सदी के राजनेताओं पर भरोसा करते रहे तो हम 21वीं सदी की लड़ाई नहीं जीत पाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं अप्रवासियों की बेटी के रूप में, एक लड़ाकू योद्धा की गौरवमयी पत्नी के रूप में और दो अद्भुत बच्चों की मां के रूप में आपके सामने खड़ी हूं। निक्की हेली ने कहा है कि अमेरिकियों को देश में नयी पीढ़ी के नेता की जरूरत है। हेली ने अमेरिका में युवा नेतृत्व की वकालत करते हुए कहा, ''हमने कई नेताओं को देखा है जिन्होंने पूर्व में हमारा नेतृत्व किया है। हमें कांग्रेस में कार्यकाल की सीमाएं रखनी होंगी। हमें 75 वर्ष से अधिक



आयु के किसी भी निर्वाचित अधिकारी के लिए योग्यता परीक्षण कराने की आवश्यकता है।'' हम आपको बता दें कि उनकी इस औपचारिक घोषणा का यह मतलब है कि वह उम्मीदवारी हासिल करने के लिए 76 वर्षीय डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ प्रतिस्पर्धा में शामिल होने वाली पहली दावेदार होंगी। उल्लेखनीय है कि हेली और ट्रंप, दोनों रिपब्लिकन पार्टी से हैं। राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया में शामिल होने से पहले निक्की हेली को रिपब्लिकन पार्टी की 'प्रेसीडेंशियल प्राइमरी' में जीत हासिल करनी होगी, जो अगले साल जनवरी में होने का कार्यक्रम है। हम आपको यह भी बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव पांच नवंबर, 2024 को होना है। जहां तक निक्की हेली के परिचय की बात है तो आपको बता दें कि निक्की उर्फ निमरत निक्की रंधावा का जन्म प्रवासी पंजाबी सिख परिवार में हुआ था। निक्की हेली का जन्म सिख माता-पिता अजीत सिंह रंधावा और राज कौर रंधावा के यहां हुआ था, जो 1960 के दशक में पंजाब से कनाडा गए और फिर अमेरिका आकर बस गए थे। निक्की हेली एक सिख महिला के तौर पर बड़ी हुईं, लेकिन 1996 में माइकल हेली से शादी के बाद उन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया। अमेरिका में अपने जीवन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, मेरे माता-पिता ने बेहतर जीवन की तलाश में भारत छोड़ा। वे यहां बामबर्ग, साउथ कैरोलिना में बसे, जिसकी आबादी 2,500 थी। हमारा छोटा शहर हमसे प्यार करने लगा, लेकिन यह हमेशा आसान नहीं था। हमारा परिवार एकमात्र भारतीय परिवार था। कोई नहीं जानता था कि हम कौन थे, हम क्या थे, या हम यहां क्यों आए थे। उन्होंने कहा, लेकिन मेरे माता-पिता जानते थे। और हर दिन, उन्होंने मुझे, मेरे भाइयों और मेरी बहन को याद दिलाया कि हमारे सबसे बुरे दिन में भी, हम अमेरिका में रहने के लिए धन्य हैं। वे तब सही थे- और वे अब भी सही हैं। मेरे माता-पिता एक ऐसे देश में आए थे जो ताकतवर बन रहा था और जिसका आत्मविश्वास बढ़ रहा था। निक्की हेली एक समझदार राजनीतिज्ञ भी हैं क्योंकि उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत चीन पर निशाना साधते हुए की है। उन्होंने कहा है कि तत्कालीन सोवियत संघ की तरह साम्यवादी चीन भी इतिहास के राख के ढेर में मिल जाएगा। उन्होंने 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी की औपचारिक घोषणा करने के बाद पहले सार्वजनिक भाषण में चीन को कड़ी चेतावनी दी। निक्की हेली ने कहा, आज संयुक्त राज्य अमेरिका की सशस्त्र सेना पहले से कहीं अधिक मजबूत और सक्षम है। एक मजबूत सेना युद्ध शुरू नहीं करती। एक मजबूत सेना युद्ध को रोकती है! उन्होंने कहा, हम अपने सहयोगियों इजराइल से यूक्रेन तक के साथ और ईरान और रूस में अपने दुश्मनों के खिलाफ खड़े रहेंगे। सोवियत संघ की तरह, साम्यवादी चीन इतिहास के राख के ढेर में मिल जाएगा। निक्की हेली ने कहा, चीन के तानाशाह दुनिया को कम्युनिस्ट अत्याचार में झोंकना चाहते हैं। और हम ही उन्हें रोक सकते हैं। मैं साफतौर पर कहना चाहूंगी। अगर हम 20वीं सदी के नेताओं पर भरोसा करते रहेंगे तो हम 21वीं सदी की लड़ाई नहीं जीत पाएंगे।" उन्होंने कहा, "अमेरिका असमंजस, विभाजन और आत्म-विनाश के रास्ते पर है। निक्की हेली के राजनीतिक कॅरियर की बात करें तो आपको बता दें कि जनवरी 2011 में 39 साल की उम्र में जब उन्होंने गवर्नर का पदभार ग्रहण किया, तब वह इस पद पर आसीन होने वाली अमेरिका की सबसे कम उम्र की गवर्नर थीं। उन्होंने दक्षिण कैरोलिना की पहली महिला गवर्नर बनकर इतिहास रचा था। यही नहीं, वह दक्षिण कैरोलिना राज्य की पहली भारतीय-अमेरिकी गवर्नर भी थीं। जनवरी 2017 से दिसंबर 2018 तक, उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत के रूप में कार्य किया था।

## मेहनत की सिसकियाँ, नक़ल माफिया और राजनीतिक बैसाखियाँ


कानून परीक्षाओं की शुचिता में बाधा डालने, अनुचित साधनों के प्रयोग, प्रश्न पत्रों के लीक होने और अन्य अनियमितताओं से संबंधित अपराधों को रोकने के लिए है। 'एंटी-कॉपीइंग लॉ' के तहत, धोखाधड़ी में शामिल उम्मीदवारों को तीन साल की कैद और न्यूनतम 5 लाख रुपये के जुर्माने से दंडित किया जाएगा। जुर्माना नहीं देने पर प्रत्याशी को नौ माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। दूसरी बार के अपराधी को न्यूनतम 10 साल की जेल और 10 लाख रुपये के जुर्माने से दंडित किया जाएगा। 10 करोड़ रुपए जुर्माना लगाने का प्रावधान है। नकल माफिया के लिए आजीवन कारावास या 10 साल की जेल। इसके अलावा नकल माफिया की संपत्ति कुर्क करने का भी प्रावधान है। उत्तराखंड में नकल विरोधी कानून बना है और उसके तहत पहला केस एक छात्र तथा एक न्यूज पोर्टल पर दर्ज हुआ है क्योंकि उन्होंने यह कहा कि बीते कल जो पटवारी की परीक्षा हुई थी, उसमें पेपर सीलबंद नहीं था। हालांकि आयोग ने स्पष्टीकरण में कहा कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पहाड़ों में गड्ढे बहुत हैं और झटके लगने से ऐसा हुआ होगा। पुलिस ने उस स्पष्टीकरण को जमकर आगे बढ़ाया।


**उत्तराखंड** में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू हो गया है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने उत्तराखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम और रोकथाम के उपाय) अध्यादेश 2023 को मंजूरी दे दी है।'नकल विरोधी कानून' के तहत नकल करने वाले उम्मीदवारों को दंडित किया जाएगा और उन पर 10 साल का प्रतिबंध लगाया जाएगा। नकल माफिया को उम्रकैद या 10 साल की जेल के साथ 10 करोड़ का जुर्माना लगाने का प्रावधान है। इसके अलावा नकल माफिया की संपत्ति कुर्क करने का भी प्रावधान है। यह यूकेपीएससी पेपर लीक के बाद आया है, जिसके कारण लगभग 1.4 लाख सरकारी नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों की परीक्षा रद्द कर दी गई थी। टी-कॉपीइंग एक्ट, 1992 भारतीय जनता पार्टी के कल्याण सिंह की अध्यक्षता वाली उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 1992 में अधिनियमित एक भारतीय कानून था। राजनाथ सिंह, हालांकि उस समय की सिंह सरकार में शिक्षा मंत्री थे, इस विचार का श्रेय स्वयं मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को दिया गया था। कानून का उद्देश्य राज्य में स्कूल और विश्वविद्यालय परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर नकल की प्रथा को रोकना है। इस अधिनियम ने परीक्षाओं में अनुचित साधनों के उपयोग को एक संज्ञेय अपराध बना दिया और यह गैर-जमानती था और कथित तौर पर पुलिस को जांच करने के लिए परीक्षा परिसर में प्रवेश करने की अनुमति दी। हालांकि, मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की सरकार, जो 1993 में सत्ता में आई थी, ने अगले वर्ष इसे निरस्त कर दिया। निष्पक्ष और नकलविहीन भर्ती परीक्षा कराने के लिए उत्तराखंड में देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून लागू हो गया है. यह यूकेपीएससी पेपर लीक के बाद आया है, जिसके कारण लगभग 1.4 लाख सरकारी नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों की परीक्षा रद्द कर दी गई थी। कानून परीक्षाओं की शुचिता में बाधा डालने, अनुचित साधनों के प्रयोग, प्रश्न पत्रों के लीक होने और अन्य अनियमितताओं से संबंधित अपराधों को रोकने के लिए है। 'एंटी-कॉपीइंग लॉ' के तहत, धोखाधड़ी में शामिल उम्मीदवारों को तीन साल की कैद और न्यूनतम 5 लाख रुपये के जुर्माने से दंडित किया जाएगा। जुर्माना नहीं देने पर प्रत्याशी को नौ माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। दूसरी बार के अपराधी को न्यूनतम 10 साल की जेल और 10 लाख रुपये के जुर्माने से दंडित किया जाएगा। 10 करोड़ रुपए जुर्माना लगाने का प्रावधान है। नकल माफिया के लिए आजीवन कारावास या 10 साल की जेल। इसके अलावा नकल माफिया की संपत्ति कुर्क करने का भी प्रावधान है। उत्तराखंड में नकल विरोधी कानून बना है और उसके तहत पहला केस एक छात्र तथा एक न्यूज पोर्टल पर दर्ज हुआ है क्योंकि उन्होंने यह कहा कि बीते कल जो पटवारी की परीक्षा हुई थी, उसमें पेपर सीलबंद नहीं था। हालांकि आयोग ने स्पष्टीकरण में कहा कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पहाड़ों में गड्ढे बहुत हैं और झटके लगने से ऐसा हुआ होगा। पुलिस ने उस स्पष्टीकरण को जमकर आगे बढ़ाया।




किसी ने पल भर भी यह नहीं सोचा कि जहां हर पेपर लीक, हर पद पर धांधली और हर परीक्षा पर सवाल उठे हैं, सैकड़ों पहले से ही जेलों में है, वहां छात्रों की शंका को दूर करना जरूरी है। शासन-प्रशासन ने आनन-फानन में छात्र पर ही केस दर्ज कर दिया। उनके स्पष्टीकरण को पढ़कर मुझे अपना सिलेंडर डिलीवरी वाला याद आ गया। सिलेंडर सील भले ही टूटी हो, मैं खाना खाने, बनाने वाला भी भले हूँ लेकिन अकेला होकर भी सिलेंडर महीना भर न चला हो मगर उसने कभी नहीं माना कि इसमें कुछ गड़बड़ी हुई है। हर बार अपनी मजबूरी पापी पेट और बाजारीकरण रहा है। उत्तराखंड सरकार के लिए अगला कदम कानून का कार्यान्वयन है। कड़े दिशा-निर्देशों और एसओपी को अपनाना होगा जिसके जरिए कानून को लागू किया जा सके। इन दिशा-निर्देशों का पालन परीक्षा कराने में शामिल पुलिस सहित विभिन्न एजेंसियों को करना है। बिना भौतिक प्रश्न पत्र के कंप्यूटर पर ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाती है। ऑनलाइन परीक्षाएं कई विश्वविद्यालयों, संस्थानों और प्रतियोगी परीक्षा निकायों के पेन और पेपर-आधारित परीक्षणों से स्विच करने के साथ लोकप्रियता प्राप्त कर रही हैं। ऑनलाइन परीक्षा, जिसे सीबीटी (कंप्यूटर आधारित टेस्ट) भी कहा जाता है, सुरक्षित और विश्वसनीय मानी जाती है और इसमें सुरक्षा और धोखाधड़ी के मोर्चे पर न्यूनतम जोखिम होते हैं। ये परीक्षाएं कंप्यूटर, स्थिर इंटरनेट कनेक्टिविटी आदि जैसे पर्याप्त बुनियादी ढांचे वाले केंद्रों में आयोजित की जाती हैं। ऑनलाइन परीक्षा में किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या धोखाधड़ी की संभावना नगण्य होती है, और यदि किसी प्रकार का हस्तक्षेप होता है तो इसका आसानी से पता लगाया जा सकता है और दोषी को दंडित किया जा सकता है। ऑनलाइन परीक्षाएं उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करने और परिणाम तैयार करने के समय को भी कम कर देती हैं। कई राज्य सरकारें इसके लाभों के कारण परीक्षाओं के ऑफलाइन से ऑनलाइन मोड में तेजी से स्विच कर रही हैं, उदाहरण के लिए, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राज्य राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी आदि, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित करने के लिए मानव संसाधन विभाग द्वारा स्थापित एक स्वायत्त और आत्मनिर्भर परीक्षण एजेंसी है। इसका उद्देश्य प्रवेश और भर्ती उद्देश्यों के लिए उम्मीदवारों की योग्यता का आकलन करने के लिए कुशल, पारदर्शी और अंतरराष्ट्रीय मानक परीक्षण आयोजित करना है। कई महत्वपूर्ण परीक्षाओं को ऑनलाइन मोड जैसे आईआईटी, जेइ परीक्षा, (केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा) आदि के माध्यम से आयोजित करता है। बार-बार पेपर लीक होने से देश में परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता खत्म हो जाती है। मेहनती नौजवानों के अधिकारों की रक्षा के लिए, जो रात-रात भर मेहनत करते हैं, उत्तराखंड सरकार द्वारा प्रति-नकल अधिनियम एक बहुप्रतीक्षित कदम है। अन्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को जो इसी तरह के खतरे का सामना कर रहे हैं, उन्हें इसका पालन करना चाहिए। साथ ही, कानून को अक्षरशः लागू करने के लिए कड़े दिशा-निर्देशों और एसओपी की आवश्यकता है।

## देश दुनीया से

### राजस्थान में गहलोत की बजट बाजीगिरी?

**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत एक सधे हुए 'पॉलिटिकल मैजिक मैन' हैं। राजस्थान के आम बजट में उन्होंने राज्य के सभी वर्गों को साधने का काम किया है। बजट में उन्होंने आम आदमी की जेब का विशेष ख्याल रखा है। वैसे तो यह राज्य का वित्त बजट है, लेकिन इसका सीधा सरोकार होने वाली विधानसभा चुनाव से है। राजस्थान की सत्ता में दोबारा वापसी के लिए उन्होंने ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया है। गहलोत के जादुवी बजट से यह साबित होता है कि राजस्थान का आम चुनाव मोदी बनाम अशोक गहलोत होगा। क्योंकि चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, अन्नपूर्णा योजना, किसानों को मुफ्त बिजली, उज्जवला योजना में सस्ती गैस जैसी सुविधाएं भाजपा के फ्री राशन, प्रधानमंत्री आवास योजना और सुशासन की काट हैं। निश्चित रूप से राजस्थान की जनता पर इसका सीधा असर पड़ेगा। क्योंकि राज्य के आम बजट में आम आदमी का खासा ख्याल रखा गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के लिए राज्य का आम चुनाव किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगा। क्योंकि एक तरफ सत्ता में दोबारा वापसी के लिए जहाँ सारे प्रयोग करने पड़ेंगे। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी से उन्हें लड़ना पड़ेगा। लेकिन इन सब के बावजूद स्वयं उन्हें कांग्रेस से लड़ना पड़ेगा। क्योंकि पार्टी में ही सचिन पायलट उनके धुर राजनीतिक विरोधी रहे हैं। उनकी नाराजगी और बगावती तेवर कई बार सड़क पर आ चुके हैं। भाजपा कांग्रेस की इस अंदरूनी फूट का लाभ उठाना चाहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य का दौरा भी कर चुके हैं और वहां उन्होंने जनसभाओं के जरिए राज्य की नब्ज टटोलने की कोशिश की है। कांग्रेस आलाकमान सोनिया गांधी, अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच कैसे तालमेल बिठाएंगी यह भी एक बड़ा सवाल है। लेकिन फिर भी राज्य में गहलोत की अपनी साख है। सियासी और करिश्माई व्यक्ति हैं। हालांकि राजस्थान में वह गांधी परिवार का भरोसा खोने के बावजूद भी सबसे अधिक भरोसेमंद दिखते हैं। केंद्र की मोदी सरकार निश्चित रूप से महंगाई नियंत्रण करने में विफल रही है। रसोई गैस और बिजली जैसी सुविधा को फ्री कर मुख्यमंत्री ने आम आदमी को साधने की पूरी कोशिश की है। रसोई गैस की बढ़ती कीमतों से लोग बेहद परेशान हैं। राजस्थान से सटे राज्य पंजाब और दिल्ली में केजरीवाल की फ्री बिजली योजना काफी कारगर रहीं है। जिसका असर गहलोत की राजनीति पर भी पड़ता दिखता है। आम आदमी के लिए राज्य सरकार ने जहाँ 100 यूनिट बिजली फ्री देने की घोषणा की है। वहीं किसानों एकदम मुफ्त बिजली मिलेगी। सरकार की सबसे बड़ी घोषणाओं में यह ख़ास है कि कोरोना में अनाथ हुए बच्चों को सरकारी नौकरी मिलेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आम आदमी और किसानों के लिए विशेष रियायत दी है। किसानों को मुफ्त बिजली देने का भी उन्होंने ऐलान किया है। इसके तहत राज्य के 11 लाख से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। इसके साथ किसानों को तीन हजार करोड़ का कर्ज भी दिया जाएगा जो ब्याज मुक्त होगा। राजस्थान में लंपी बीमारी की वजह से लाखों गायों की मौत हुई है। जिसकी वजह से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। जिन पशुपालकों की दो गायों की मौत हुई है उन्हें प्रति गाय 40-40 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा। अपने आप में यह बड़ी घोषणा है। कृषि कल्याण कोष के वित्त को भी बढ़ा दिया गया है। इसमें 50 फीसदी का इजाफा कर 7500 करोड़ कर दिया गया है। संरक्षित खेती को बढ़ावा देने के लिए एक हजार करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। निश्चित रूप से यह घोषणाएं किसानों के लिए वरदान साबित होंगी। राज्य में अंतरजातीय विवाह को प्रोत्साहन देने के लिए वर्तमान वित्त बजट को दोगुना कर दिया गया है। अभी तक लाभार्थियों को जहां ₹50 हजार मिलते थे अब सीधे एक लाख की मदद मिलेगी।


मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आम आदमी और किसानों के लिए विशेष रियायत दी है। किसानों को मुफ्त बिजली देने का भी उन्होंने ऐलान किया है। इसके तहत राज्य के 11 लाख से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। इसके साथ किसानों को तीन हजार करोड़ का कर्ज भी दिया जाएगा जो ब्याज मुक्त होगा। राजस्थान में लंपी बीमारी की वजह से लाखों गायों की मौत हुई है। जिसकी वजह से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। जिन पशुपालकों की दो गायों की मौत हुई है उन्हें प्रति गाय 40-40 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा। अपने आप में यह बड़ी घोषणा है। कृषि कल्याण कोष के वित्त को भी बढ़ा दिया गया है। इसमें 50 फीसदी का इजाफा कर 7500 करोड़ कर दिया गया है। संरक्षित खेती को बढ़ावा देने के लिए एक हजार करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। निश्चित रूप से यह घोषणाएं किसानों के लिए वरदान साबित होंगी।


बोध कथा

## व्यष्टि का समष्टि से महासंभोग है अनंत आनंद

**सर्व** की भलाई का भाव ही प्रेम है। प्रेम दिव्यता, पवित्रता, विस्तार और समर्पण है। प्रेम त्याग और परम आनंद की अनुभूति है। प्रेम एक प्रवाह है, कृत्य नहीं। प्रेम किसी विशेष से नहीं, बल्कि सबसे एक समान होता है। प्रेम अद्वैत है, जैसे प्रकृति भेदभाव रहित होकर सबके लिए समान रूप से उपलब्ध है, वैसे ही प्रेम से भरे व्यक्ति का शुभ भाव भी सभी के लिए होता है। प्रेम के दिव्य भाव में आने के लिए हमें अपने आप से जुड़ना होता है। जैसे-जैसे हम अंतरतम से एक होते जाते हैं, वैसे-वैसे हमारे भीतर 'सर्वे भवंतु सुखिनः' का भाव प्रबल होता जाता है, क्योंकि चेतना के स्तर पर हम सब एक ही हैं। प्रेम भाव के द्वारा हमारा विस्तार अनंत ब्रह्मांड तक होने लगता है, उस पल व्यष्टि का समष्टि से महासंभोग हो जाता है। अब हम गिने-चुने लोगों तक ही प्रेम में सीमित नहीं रहते, क्योंकि प्रेम में सीमा नहीं होती। सूंघ-सूंघकर जब अपने वालों के लिए प्रेम किया जाता है, तब वह मोह होता है। मोह एक विकार है, लेकिन प्रेम तो निराकार है। लोग कहते हैं हम प्यार में गिरते हैं, लेकिन वास्तव प्रेम में तो उड़ते और चढ़ते हैं। प्रेम हमें अनंत आकाश से जोड़ता है। प्रेम अपरिवर्तनशील और सार्वभौमिक है। प्रेम हमें अविचलित और संतुलित रखता हुआ जीवन को आनंद से भर देता है। प्रेम एक अनंत स्रोत है, जो कभी खत्म नहीं होता। प्रेम हमारा अस्तित्व है। प्रेम को हम वैसे ही महसूस नहीं कर सकते जैसे बर्फ अपनी ठंडक और आग अपनी गर्मी को महसूस नहीं कर सकती। क्योंकि प्रेम हमारा सच्चा स्वभाव है, जो मैं हूं उसको महसूस कैसे करूं? वास्तविक प्रेम तो ऐसा हो जैसा कृष्ण के लिए गोपियों का और शिव के लिए शक्ति का। यह दिव्य प्रेम निरंतर अभ्यास से प्राप्त किया जा सकता है। अपनी आध्यात्मिक यात्रा में मैंने प्रेम और शुक्राना, इन दो अभ्यासों पर विशेष बल दिया है। शुक्राना जो हर पल भीतर से परमात्मा के लिए होता रहे और दूसरा है नित्य प्रेम। वैसे तो प्रेम के सभी रूपों को भावनाएं कहा जाता है, लेकिन भावनाओं का प्रवाह जब नकारात्मक होने लगे, तब वह प्रेम नहीं रह जाता। जब आप किसी को चाहते हैं, तो उसके लिए भीतर से उभरने वाली भावनाएं शरीर के हार्मोंस के आधार पर होती हैं, जो आज नहीं तो कल बदल जाएंगी। आज जिनके लिए मरने-मिटने की कसम खाते हैं, कल उनसे लड़ने लगेंगे। जिन संबंध में प्रेम आज सुख दे रहा था, कल पीड़ा देने लगेगा।


अब हम गिने-चुने लोगों तक ही प्रेम में सीमित नहीं रहते, क्योंकि प्रेम में सीमा नहीं होती। सूंघ-सूंघकर जब अपने वालों के लिए प्रेम किया जाता है, तब वह मोह होता है। मोह एक विकार है, लेकिन प्रेम तो निराकार है। लोग कहते हैं हम प्यार में गिरते हैं, लेकिन वास्तव प्रेम में तो उड़ते और चढ़ते हैं। प्रेम हमें अनंत आकाश से जोड़ता है। प्रेम अपरिवर्तनशील और सार्वभौमिक है। प्रेम हमें अविचलित और संतुलित रखता हुआ जीवन को आनंद से भर देता है।


नागरिक बोध

## एस. अब्दुल नजीर को राज्यपाल पद दिये जाने से कुछ गंभीर सवाल तो उठे हैं?

**सर्वोच्च** न्यायालय के एक सेवा-निवृत्त जज एस. अब्दुल नज़ीर को सरकार ने आंध्र प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त कर दिया है। इस नियुक्ति पर विपक्ष हंगामा कर रहा है। उसका कहना है कि जजों को फुसलाने का यह सबसे अच्छा तरीका है। पहले उनसे अपने पक्ष में फैसला करवाओ और फिर पुरस्कार स्वरूप उन्हें राज्यपाल, राजदूत या राज्यसभा का सदस्य बनवा दो। जो विपक्ष मोदी पर यह आरोप लगा रहा है, क्या उसने अपने पिछले कारनामों पर नज़र डाली है? इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के ज़माने के कई राज्यपालों, राजदूतों और सांसदों से मेरा परिचय रहा है, जो पहले या तो जज या नौकरशाह या संपादक रहे हैं। उन्होंने जज या संपादक या नौकरशाह के तौर पर सरकार को उपकृत किया है तो सरकार ने उन्हें उक्त पद देकर पुरस्कृत किया है। वे लोग समझते रहे हैं कि वह पुरस्कार पाकर वे सम्मानित हुए हैं लेकिन उनके अपमान का इससे बड़ा प्रमाण-पत्र क्या हो सकता है? यदि उन्होंने अदालत में बिल्कुल ठीक-ठाक फैसला दिया है, यदि उन्होंने निष्पक्ष और निर्भीक संपादकीय लिखे हैं और यदि किसी नौकरशाह ने निष्ठापूर्वक अपना कर्तव्य--कर्म किया है तो भी ये सरकारी पुरस्कार पाने वालों की ईमानदारी पर लोगों को शक होने लगता है। यह शक तब और भी तगड़ा हो जाता है, यदि वह पुरस्कार तुरंत मिला हो। ऐसे पुरस्कारों और सम्मानों से संसदीय लोकतंत्र की मर्यादा भंग होती है, क्योंकि, न्यायपालिका और कार्यपालिका को अपनी लक्ष्मण-रेखाओं में ही रहना चाहिए और खबरपालिका को तो अपने प्रति और भी ज्यादा सख्ती बरतना चाहिए। यदि संपादक और पत्रकार इन पदों और सम्मानों के लिए लार टपकाते रहे तो वे पत्रकारिता क्या खाक करेंगे? मेरे कई पत्रकार मित्र विभिन्न सरकारों में मंत्री, राजदूत, और प्रधानमंत्रियों के सरकारी सलाहकार भी बने। उनमें से कइयों ने सराहनीय कार्य भी किए लेकिन इस तरह के कई सरकारी पद विभिन्न प्रधानमंत्रियों द्वारा पिछले 60-65 साल में मुझे कई बार प्रस्तावित किए गए लेकिन मेरा दिल कभी नहीं माना कि मैं हाँ कर दूं।

**संक्षिप्त खबरे**

### दहेज की मांग को लेकर किया मारपीट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार जिले के बारियातु थाना अंतर्गत बचरा ग्राम में दहेज को लेकर महिला रूपा देवी 26 वर्ष पति उमाशंकर प्रजापति बचरा के साथ मारपीट की गई घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे पुलिस की सहायता से बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार की देखरेख में इलाज किया गया। इसकी जानकारी देते हुए रूपा देवी के पिता छठन प्रजापति ने कहा कि उनकी बेटी की शादी 2 साल पूर्व उमाशंकर प्रजापति के साथ की गई थी उसके बाद से ही उन्हें पलंग और कैमरा के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा जिसको लेकर पहले भी एक बैठक की गई थी और थाने में लिख कर दिया गया था उसके बाद फिर कल इसके साथ मारपीट की गई और मिट्टी का तेल छिड़ककर जान मारने का प्रयास किया गया। इस मामले में पति उमाशंकर प्रजापति ससुर भरत प्रजापति सास मंजू देवी पर आरोप लगाया गया है।

# बीडीओ ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह बीडीओ राकेश सहाय ने सोमवार को चुंगरु पंचायत के कोरवा मड़ई उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूली बच्चों से सवाल पूछे जाने पर बच्चों के द्वारा संतोष जनक उतर नही दिए जाने पर प्रधानाध्यापक को चेतावनी दी। कहा कि बच्चे देश के भविष्य है इसके भविष्य के साथ लापरवाही नही बरतें,नही तो आपके ऊपर नियम संगत कार्रवाई के लिए अनुशंसा कर दी जाएगी। वही बीडीओ ने चुंगरु गांव स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया, जिसमें मध्यान भोजन मिलने सम्बंधित बच्चों से पूछ ताछ की। जहाँ बच्चों ने कहा कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ मध्यान भोजन समय पर दिया जाता है। लेकिन विद्यालय में दो शिक्षक की जगह एक ही शिक्षक है जिससे स्कूली बच्चों को ठीक से पढ़ाई नही हो पाती है।

## विद्यालय से कंप्यूटर इनवर्टर समेत कई सामग्री की चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ राजकीय कृत उच्च विद्यालय परिसर में अज्ञात चोरों द्वारा कंप्यूटर इनवर्टर बैटरी समेत कई सामग्री चोरी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रूबी वानो ने बालूमाथ थाना प्रभारी को आवेदन देकर कहा है कि विद्यालय 17 फरवरी को पठन-पाठन के बाद बंद कर सभी लोग अपने अपने घर चले गए थे। 18 फरवरी को महाशिवरात्रि एवं 19 फरवरी को रविवार होने के कारण विद्यालय बंद था 20 फरवरी को सुबह लगभग 8-45 में विद्यालय परिसर पहुंचा तो पाया कि प्रचार कछ का ताला टूटा हुआ है एवं उसके अंदर से इनवर्टर बैट्री गायब है। वही अज्ञात चोरों ने स्मार्ट क्लास एवं लाइब्रेरी क्लास का ताला तोड़कर कंप्यूटर सीपीओ मॉनिटर समेत कई सामग्री की चोरी कर ली गई है। घटना के बाद बालूमाथ पुलिस विद्यालय परिसर पहुंचकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक समेत कई लोगों से पूछताछ की। इधर चोरी की घटना की सूचना विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी लातेहार को भी लिखित आवेदन देकर दिया है।

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के तहत वज्रपात पीड़ित परिवार को मिला 2 लाख का चेक



**कुन्दा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक साकेत कुमार ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत वज्रपात पीड़ित परिजन बसंत गंझु को दो लाख का चेक दिया। यह चेक उन्हें उनकी पत्नी सावित्री देवी को पिछले वर्ष प्राकृतिक आपदा वज्रपात से मौत हो जाने के कारण दिया गया है। बता दें की सावित्री देवी खुशबू आजीविका सखी मंडल की सदस्य थी, पिछले वर्ष खेत मे काम करने के दौरान बारिश के साथ हुई वज्रपात में उनकी मौत हो गई थी। ज्ञात हो की सरकार बज्रपात को प्राकृतिक आपदा की श्रेणी में रखा है जिसके तहत पीड़ित परिवार के परिजनों को 4 लाख रुपये मुआवजा राशी मिलने का भी प्रावधान है। मौके पर प्रमुख कमला देवी, बीपीएम सत्येंद्र कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, संजय यादव समेत कई सखी मंडल की दीदियाँ मौजूद थी।

## डब्लूसीएसएफ की बैठक

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत दिन रविवार को बैठक आयोजित किया गया इस बैठक में डब्लू सी एस एफ के जिला पंचायत अधिकारी दिलीप कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में विभिन्न पंचायत के लोग उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए दिलीप कुमार ने कहा कि लातेहार जिला के हरेक प्रखंड में हर पंचायत में स्वास्थ्य सेवा एवं जागरूकता मिशन के तहत पीरियड केयर सेंटर की स्थापना की जाएगी। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में रहने वाले गरीब बच्चों को शिक्षा से जोड़ना है कई महत्वपूर्ण लाभ के बारे में लोगों को जानकारी दी गई इस मुख्य बैठक में मुख्य रूप से कुलदीप बढ़ाई राजकुमार जयसवाल, रजिया खातून, मोहम्मद ताहिर, रूपेश कुमार सिंह ममता रोजी कुजुर दर्जनों लोग शामिल थे।

# जंगली जानवरों ने छीन लिया जीविका का सहारा : विनोद सिंह

**पीड़ित परिवार को मिले मुआवजा : बेंदी पंचायत मुखिया**



**संजय प्रजापति@प्रभात मंत्र**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के बेंदी पंचायत अन्तर्गत ग्राम लेदपा में सोमवार को विनोद सिंह के पांच बकरीयों पर जंगली जानवर ने हमला कर 4 को मौत के घाट उतारा। एक है घायल। विनोद सिंह बकरी के सहारे अपना जीवका चलाते थे। उनके 10 परिवार है। अब 4 बकरीयों को खोने से यह बहुत दुखी है। चिंतित है कि मेरा क्या होगा। वे सरकार एवं वन विभाग से मुआवजा की मांग कर रहे है। इनके देखने के लिए बेंदी पंचायत मुखिया रामदयाल उरांव एवं सामाजिक कार्यकर्ता सह सामाजसेवी लालमोहन सिंह पहुंचे। उन्होंने देख कर के दुःख प्रकट किया एवं पीड़ित परिवार के साथ सद्भावना व्यक्त किया। प्रशासन से मुआवजा की मांग किया। मुखिया एवं श्री सिंह ने कहा कि तत्काल सहायता राशि दिया जाए।वही आजसू नेता सरवन पासवान ने सुनते ही लातेहार से पहुंचे और संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात करके विनोद सिंह के मुवाजा देने की मांग की। गांव के ग्रामीण भयभीत है। कि कब क्या हो जाएगा। कहना मुश्किल है। हिंसक जानवर को बस्ती में आने से पूरे इलाकों में भय का माहौल बना हुआ है। पशुओं के साथ-साथ आदमीयों पर भी हमला कर सकता है।

# जिला प्रशासन की ओर से आयोजित की गयी इटखोरी पुरातात्विक महत्व



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** राज्य के मंत्री श्री सत्यानन्द भोगता तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के दूसरे दिन मंदिर परिसर में चतरा जिला प्रशासन की ओर से आयोजित ÷राष्ट्रीय पटल पर इटखोरी के पुरातात्विक महत्व पर अयोजित सेमिनार का बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित कर विधिवत उदघाटन किया। सेमिनार उदघाटन समारोह के दौरान चतरा उपायुक्त अबू इमरान, पुरातात्विक विभाग के वरीय अधिकारी, जिलापरिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा समेत जिले के अधिकारी व कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### तीन ठगों को ग्रामीणों ने दबोचा, उठक बैठक कर किया मुक्त



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सीकरी गांव में ग्रामीणों ने बिजली विभाग के नाम पर ठगी कर रहे तीन ठगों को धर दबोचा और विभाग से जानकारी लेने के बाद उक्त लोगों को हिदायत के साथ उठक बैठक कराकर छोड़ दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि बिहार के तीन युवक सिकरी गांव पहुंचे और ग्रामीणों को एलईडी बल्ब बेचने लगे। ठगों का कहना था कि वे बिजली विभाग के सदस्य हैं। एलईडी बल्ब नहीं खरीदने पर बिजली बिल अधिक आएगा और कार्रवाई भी विभाग से किया जाएगा। उनके इस हरकत से गांव के युवकों को शक हो गया और उक्त तीनों लोगों को ग्रामीणों ने धर दबोचा। युवकों ने बिजली विभाग से संपर्क किया साथ ही थाने को भी सूचना दी। अंततः ग्रामीणों ने तीनों ठगों को कड़ी हिदायत दी गयी और माफी मंगवाते हुए उठक बैठक करा कर छोड़ दिया।

# वीर बुद्धु भगत की जयंती धुमधाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका प्रखंड के मटलोंग पंचायत के मटलोंग गांव में विर बुद्धु भगत जयंती समारोह बहुत ही धुमधाम से मनाया गया और अछत फुल चढ़ाकर श्रद्धांजली दी गई। विर बुधु भगत स्मारक स्थल से सैकड़ों कि संख्या में महिला, पुरुष विर बुधु भगत अमर रहे के नारे लगाते हुए जलभरी यात्रा निकाली गई मटलोंग नदी पहुंचे और धर्म गुरु के हाथों जलभरी कि गई वहां से जल उठाकर वापस विर बुधु भगत स्मारक स्थल पहुंचे और जलार्पण किए और जन्म उत्सव समारोह के अवसर पर उपस्थित दूरदराज से आए अतिथियों को समीतियों के द्वारा प्रेम सम्मान पूर्वक स्वागत किया गया मंच के अध्यक्षता योगेंद्र कैरकेटा मुख्य वक्ता रमेश उरांव पूजन कीये शिव शंकर उरांव धर्मगुरु विनोद उरांव लोहरदगा कमलेश उरांव सुकू राम नरेश उरांव सहित हजारों लोग उपस्थित।

## प्रखंड के सहायक अध्यापकों ने कई मांगों को लेकर बीपीओ को सौंपा ज्ञापन पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के सहायक अध्यापकों ने सोमवार 20 फरवरी को कई मांगों को लेकर बीपीओ पुनीत कुमार मिर्घा को बिआरसी भवन बलबल में ज्ञापन पत्र सौंपा। जिसमें उल्लेख किया गया है कि राज्य के 61000 सहायक अध्यापकों का वेतनमान दिया जाए। राज्य के यप्रशिक्षित रह गए सहायक अध्यापकों को प्रशिक्षण पूरा करने हेतु एक अवसर प्रदान किया जाए। इस निमित्त इग्नू एवं एन आईओएस से राज्य सरकार के द्वारा अविलंब प्रयास किया जाए। गत आंदोलन में भाजपा सरकार द्वारा सहायक अध्यापकों एवं सहायक अध्यापकों के परिजनों पर रांची एवं राज्य के विभिन्न थाना में दर्ज मुकदमे को वापस किया जाए। इन सभी मामलों को लेकर ज्ञापन पत्र सौंपा गया। मौके पर उपस्थित सहायक अध्यापक के प्रखण्ड अध्यक्ष रामकुमार यादव मुनेश्वर यादव राजेश रंजन राय महेंद्र यादव भीम यादव हेमंत यादव राजेश नापीत युगेश्वर साव व अन्य अध्यापक शामिल हैं।

## रांची के लिए रवाना हुए स्वयंसेवक, आंदोलन में होंगे शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के स्वयं सेवक संघ के सदस्यों ने सोमवार को रांची के लिए रवाना हो चुके है। संघ के सदस्यों ने 20 फरवरी से मोरहाबादी मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय आंदोलन में शामिल होंगे। संघ के अध्यक्ष हीरा सिंह ने बताया कि वर्तमान राज्य सरकार स्वयंसेवकों के साथ उपेक्षा पूर्ण रवैया अपनाए हुए हैं जिससे स्वयंसेवक आक्रोशित है। उन्होंने बताया कि स्वयं सेवक विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलित हैं जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा। स्वयं सेवक सेवक की मांगों में स्थायीकरण करना, नाम बदलकर पंचायत सहायक रखना, उचित मानदेय निर्धारित करना तथा उन्हें काम देना शामिल है। रांची रवाना होने वाले स्वयं सेवकों में अध्यक्ष हीरा सिंह के अलावा सचिव शंकर कुमार, उगन भुइयां, जितेंद्र कुमार यादव, प्रदीप साहू, राकेश कुमार, इंद्रदेव ठाकुर, महेंद्र कुमार, संदीप गोस्वामी, गोपाल राम शामिल हैं।

### इटखोरी महोत्सव में कोई पास की आवश्यकता नहीं दो दिन फ्री रहेगा इंट्री : मंत्री



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंत्री स्त्यानंद भोक्ता ने कहा कि महोत्सव में पास की वैद्यता खत्म की गयी है। दर्शकों से खा है कि आप शांति से पहले आइए और पहले आनंद उठाइए। यह बातें जैन मंदिर के प्रांगण में मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने उपस्थित सभी लोगो को महोत्सव के दौरान बोले। मां भद्रकाली के प्रांगण में सभी भक्त जनों के दरवाजा खुला है। आज आने वाले सभी कलाकार को सम्मान दे कर जिला का नाम रौशन करे।

**डिजिटल लेनदेन के लिए सक्षम केंद्र का उदघाटन**

# डिजिटल लेन देन को बढ़ावा देना सक्षम केंद्र का मुख्य उद्देश्य है : बीपीएम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** जेएसएलपीएस के तत्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव 2 अभियान के तहत वित्तीय साक्षरता तथा डिजिटल लेनदेन के बढ़ावा को देने को लेकर सोमवार को प्रखंड के बौधाडीह पंचायत के पंचायत भवन में बौधाडीह क्लस्टर में सक्षम केंद्र का उद्घाटन हुआ। प्रमुख कमला देवी, बीपीएम सत्येंद्र कुमार, भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक साकेत कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती ने केन्द्र का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया।वही बीपीएम सत्येंद्र कुमार ने समूह से जुड़ी सखी मंडल की महिलाओं तथा ग्रामीणों के बीच वित्तीय साक्षरता तथा डिजिटल लेनदेन के बारे में जानकारी दी, उन्हें जागरूक करना तथा लोगो को वित्तीय सेवा प्रदान किया जाएगा। बीपीएम एवं शाखा प्रबंधक ने समूह की जुड़ी महिलाओं को जानकारी देते हुए कहा कि सक्षम केंद्र के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले हर एक परिवार को वित्तीय रूप से साक्षर किया जाएगा। ताकि लोग बचत कैसे और क्यों करे, बीमा आखिर क्यो करवाना चाहिए,पेंशन क्या है,बैंक से लेनदेन क्यो जरूरी है सहित अन्य कई विषयों की जानकारी दी। साथ ही डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डिजिटल भारत के तहत डिजिटल ग्रामीण परिवार की भी शुरुआत किया गया है। जिससे गांव व पंचायत स्तर पर ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देना है। मौके पर जेएसएलपीएस के सामुदायिक समन्वयक चंचल कुमार, आईपीआरपी हेलेन डांग, बैंक सखी तथा बड़ी संख्या में सखी मंडल की दीदी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पीएम आवास के ट्रेनिंग का नहीं मिला पैसा, आक्रोश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार जिले के बालूमाथ थाना अंतर्गत चैताग पंचायत में पीएम आवास को लेकर सभी मजदूरों को 1 महीने का ट्रेनिंग दिया गया था इस ट्रेनिंग के बाद सभी को 373 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से पेमेंट दिया जाना था जो अभी तक उनके खाते में नहीं आया है। इसकी जानकारी देते हुए मजदूरों ने बताया कि सतबरवा पलामू के संदीप और उपेंद्र के द्वारा यह ट्रेनिंग हम लोग कराया गया था और बताया गया था कि ट्रेनिंग बाद उन्हें पैसा मिल जाएगा जब ट्रेनिंग के 1 महीने के बाद भी उन्हें पैसा नहीं मिल पाया तो सभी लोग बालूमाथ ब्लॉक पहुंचे और पैसे को लेकर हंगामा करने लगे जिसको देखकर पीएम आवास के कोऑर्डिनेटर आशीष कुमार से बातचीत की जिनके द्वारा बताया गया कि दस दस लेबर का पेमेंट चला जाएगा और एप्टियो यहां से कर दिया गया है। वही इस आश्वासन के बाद सभी मजदूर वापस लौट गए।

# हमारी सरकार हर गांव में रोजगार उपलब्ध करा रही है : डॉ रामेश्वर उरांव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को माननीय मंत्री योजना सह वित्त विभाग, वाणिज्य कर विभाग, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सह लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने भंडरा प्रखंड में आयोजित झारखंड ट्राइबल डेबलमेंट सोसाइटी (JTDS) के द्वारा आयोजित एक दिवसीय मशरूम उत्पादन कार्यशाला सह उत्कृष्ट मशरूम उत्पादको का सम्मान सामारोह में मुख्य अतिथि शामिल हुवे । इस मौके पर झारखंड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसायटी के द्वारा मुख्य अतिथि डॉ रामेश्वर उरांव का स्वागत स्वागत मंडली के द्वारा ढोल नगाड़े एवं मधुर संगीत से झूमते हुए स्वागत किए कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ रामेश्वर उरांव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा। झारखंड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाइटी की ओर से आयोजित एक



दिवसीय मशरूम उत्पादन कार्यशाला सह उत्कृष्ट मशरूम उत्पादों का सम्मान समारोह आयोजन इस भंडरा प्रखंड में करना आम ग्रामीण जनता के लिए रोजगार का एक द्वार है । मशरूम की खेती ग्रामीण जनता और महिलाएं अपना रोजगार पा सकते हैं । इस (JTDS) के द्वारा मशरूम उत्पादन का कार्य कराना एक रोजगार का द्वार है इस कार्य से गांव के महिलाएं रोजगार पा रहे है । वर्तमान समय झारखंड सरकार के द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिससे गांव गांव तक हम ग्रामीण जनता को कोई रोजगार मिलता है मशरूम उत्पादन कर दी है । मशरूम उत्पादन से अपनी आर्थिक स्थिति एवं बढ़ाने का एक बेहतर अवसर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए। साथ ही कृषि की आय बढ़ाने हेतु पारंपरिक खेती के अलावा अन्य कृषि से संबंधित कार्यो को भी अपनाना होगा जो समय में कम लागत में कम जगह में कम परिश्रम में अधिक उत्पादन और अधिक आय दे सकें इस संदर्भ में मशरूम की खेती एक अच्छा अवसर हो सकता है। कृषि कार्य से हम अपने गांव क्षेत्र का विकास कर सकते हैं अन्य प्रकार की कृषि से संबंधित जो भी खेती होती है विकास का स्रोत आम जनता के लिए बन सकती है अगर इस पर सही तरीके से ध्यान दिया जाए । हम सभी का प्रयास है गांव गांव तक कृषि एवं अन्य माध्यमों से ग्रामीण जनता ओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके । यही उद्देश्य के साथ हमारा झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन के द्वारा कार्य की जा रही है जिसमें विभिन्न संस्थाओं का काफी योगदान है। इस मौके पर मुख्य रूप से ,.क्कक्क एग्रीगेट के निदेशक प्रभाकर कुमार,कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, डॉ अजय सहदेव, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, कांग्रेस नेता सलीम अहमद बड़े, हाजी सिकंदर अहमद, युवा जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत, विनय उरांव, कुडू 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी सदरुल अहमद, किस्को 20 सूत्री में अध्यक्ष सामूल अंसारी, भंडरा प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष डोमना उरान, संभू प्रजापति, जमील अंसारी, आजाद खान, खुरसीद अंसारी इकबाल अहमद, नेसार खान, मजीद पवरिया, देवनाथ उरांव, हरिदास उरांव, सुशील उरांव, समीम अंसारी, रंजन उरांव आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### खोरठा कवि सम्मेलन का आयोजन आज

**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला अंतर्गत राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के बहुउद्देश्यीय सभागार में 21 फरवरी को अंतराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पे खोरठा कवि सम्मेलन का आयोजन खोरठा विभाग द्वारा किया गया है। अंतराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस में मुख्य वक्ता के रूप में राँची विश्वविद्यालय राँची के जनजातीय एंव क्षेत्रीय भाषा विभाग के पूर्व प्राध्यापक डॉ. बी.एन. ओहदार, खोरठा पत्रिका लुवाठि के संपादक गिरीधारी गोस्वामी आकाशखूँटी एंव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर रहेंगे। कवि सम्मेलन में मुख्य रूप से खोरठा के प्रख्यात कवि गायक सुकुमार, रांची दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के कलाकार प्रदीप कुमार दीपक, लोक गायक बासु बिहारी, हास्य कवि शांति भारत, परितोष प्रजापति, श्याम केवट रवि, सहनाई उस्ताद प्रेमचंद कालंदी, खोरठा लोक कलाकार अशोक कुमार महतो, युवा कवि संदीप कुमार महतो , खोरठा कवित्री अनिता महतो गुलांचो कुमारी, विस्मिल्लाह खां पुरुस्कार से सम्मानित विनोद कुमार रसलीन अपनी कविता पाठ करेंगे। इसकी जानकारी खोरठा विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष ओहदार अनाम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

### मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा आयोजित अभियान के दौरान सोमवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं द्वारा उनके क्षेत्रों में मतदाताओं को आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान 23 रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई वही मतदाता जागरूकता शपथ सहित अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया साथ ही सभी से आगामी रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

### साइटसेवर व समग्र शिक्षा अभियान ने नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया

**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरकट्ठा में साइट सेवर एवं समग्र शिक्षा अभियान हजारीबाग के संयुक्त तत्वावधान में स्कूली बच्चों का नेत्र जांच हेतु शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया।जिसका विधिवत उद्घाटन बीईईओ किशोर कुमार,प्रधानाध्यापक योगेंद्र राम,समावेशी शिक्षा जिला कार्यक्रम समन्वयक साइट सेवर सत्यजीत सिंह तथा जिला आई फैसिलिटेटर पारसनाथ महतो के द्वारा किया गया।इस निमित्त डॉक्टर अनमोल सिंह के देखरेख में दृष्टि दोष से पीड़ित बच्चों का नेत्र जांच किया गया । सत्यजीत सिंह ने बताया कि चिन्हित बच्चों को आवश्यकतानुसार चश्मा, मैग्नीफायर,रीडिंग स्टैंड, टेलिस्कॉप आदि उपलब्ध कराया जाएगा ताकि पठन-पाठन में आने वाले व्यवधान को दूर किया जा सके। इस निमित्त प्रियंका कुमारी,रानी कुमारी,नसीम खातून,संतोष कुमार,सचिन कुमार समेत लगभग 50 बच्चों का नेत्र जांच किया गया।जांच शिविर को सफलतापूर्वक आयोजित कराने में रिसोर्ट शिक्षक सदन कुमार साव एवं फिजियोथैरेपिस्ट मुकेश कुमार की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## महागठबंधन व वाम दल है एकजुट, रामगढ़ में जीत पक्की : डॉ आरसी मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में महागठबंधन एवं वामदल एकजुट है रामगढ़ विधानसभा में महागठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो की जीत है यह बातें हजारीबाग विधानसभा के पूर्व कांग्रेस विधायक प्रत्याशी डॉ आरसी मेहता ने कहा की मोदी बुलेट ट्रेन के जगह ट्रेन बेच रहे हैं हर खाते में 15 लाख के जगह हर हर व्यक्ति के खाते से एलआईसी एवं सहारा का अरबों रुपए गरीबों से सिलने का काम कर रहे हैं स्विस बैंक से काला धन लाने के जगह देश के बैंकों को बेच रहे है।



प्रधानमंत्री के जुमला बाजी देश में नहीं चलने वाली है मोदी के उल्टी गिनती रामगढ़ विधानसभा से शुरू हो चुकी है जनता के सहानुभूति से कांग्रेस प्रत्याशी पिछले चुनाव की तुलना में ज्यादा वोटो से जीतेंगे। डॉ मेहता ने कहा की कोरोना के समय कांग्रेस संपूर्ण झारखंड में बेहतर सेवा प्रदान किया एवं रोग मुक्त करने में अहम भूमिका निभाई है कांग्रेस इंटेक्स के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष साजिद अली खान ने कहा के रामगढ़ में धनबल पर जनबल भारी पड़ेगा। स्वर्गीय राजीव गांधी देश में कंप्यूटर क्रांति लाकर शिक्षा का अलग जगाए है बरकट्ठा विधानसभा के शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रवक्ता प्रोफेसर ब्रजकिशोर मेहता ने कहा इंदिरा गांधी द्वारा बांग्लादेश का बंटवारा करते हुए जनसंख्या नियंत्रण कि है हर हड़िया हरमुड़िया चावल सोनिया के द्वारा दी गई है इसलिए जीत पक्की है। हजारीबाग से रामगढ़ चुनावी सभा में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुख्य रूप महतो अविनाश कुमार भोला कुमार बिट्टू कुमार निर्भय कुमार सहदेव मेहता गिरधारी कुमार शंभू कुशवाहा इत्यादि दर्जनों लोग भाग लिए।

## कला कभी मरता नहीं है : देवी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** स्थानीय मालवीय मार्ग स्थित भवानी प्लाजा मॉल के सभागार में भोजपुरी जगत की प्रसिद्ध भजन गायिका देवी का प्रेस वार्ता का कार्यक्रम संपन्न हुआ।मौके पर प्रेस को संबोधित करते हुवे देवी ने कहा कि कला कभी मरता नही है। बीस वर्षो से भी अधिक गायन के इस क्षेत्र में देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी गायिका का परचम लहरा रही है।कला के क्षेत्र में देश दुनिया या भाषा बाधक नहीं होती है।पुरवा व्यार इनकी पहली भोजपुरी गाना है।जलसा घर की देवी फ़िल्म में भी काम कर चुकी है। शुरुआती दौर में बिहार से अधिक झारखंड में देवी का सबसे अधिक कार्यक्रम हुआ है।वही देवी ने कहा कि फूहड़ गाने गाने वालो पर बिहार सरकार ने कार्यवाही करने की बात कही है।प्रेस वार्ता समापन के बाद बड़कागांव के जुगरा गांव में विश्वकर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उद्घाटन समापन समारोह के मौके पर भव्य भक्ति जागरण के लिए प्रस्थान कर गई।वहीं प्रेस वार्ता में उपस्थित भाजपा नेता अनिल मिश्रा,कृष्णा सिन्हा, जयनारायण प्रसाद,रौशन कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो ने डोर टू डोर मांगा समर्थन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ उपचुनाव महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो ने रजरप्पा स्थित जोहार आहेर धाम सरना स्थल में माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किए साथ ही स्थनीय ग्रामीणों से मिल कर आने वाले 27 फरवरी को क्रम संख्या एक हाथ छाप पर बटन दबाकर कर भारी मतों विजय दिलाने की अपिल किए मौके पर उपस्थित थे पुजारी रामलाल टुडू जितलाल टुडू दिलचंद महतो नुनु किस्कू प्रेमचंद किस्कू सुंदर हफ्ता चुन्नू किसको राजेश मुर्मू रुपेश यादव बड़की देवी परांदा बीरबल मुर्मू दिनेश स्कूल राजेश किस्कू रूपलाल किसको अमित पांडे नागेश्वर भास्कर बाबू राम मुरमू करमाली भागीरथ माहतो सीटू कुमार बुलेट यादव ताराचंद महतोआदि उपस्थित थे।

## मतदान पदाधिकारियों को दिया गया तृतीय चरण का प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर सोमवार को गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में पीठासीन पदाधिकारियों एवं प्रथम मतदान पदाधिकारियों के लिए तृतीय चरण के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन सहित अन्य वरीय अधिकारियों ने गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ का निरीक्षण कर प्रशिक्षण कार्यो का जायजा लिया। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल



पदाधिकारी ने पीठासीन पदाधिकारियों से कहा कि 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन के सफल आयोजन में आप सभी का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए आप सभी प्रशिक्षण के दौरान जो भी बातें आपको बताई जा रही हैं उन्हें ध्यान पूर्वक सुने एवं अपनी दुविधाओं को दूर कर लें साथ ही उन्होंने सभी पीठासीन पदाधिकारियों एवं प्रथम मतदान पदाधिकारियों को डिस्पैच के दिन ससमय रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ पहुंचने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों के द्वारा सभी पीठासीन पदाधिकारियों एवं प्रथम मतदान पदाधिकारियों को चुनाव संबंधित सामान्य जानकारी, विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों को भरने की जानकारी, मॉक पोल, ईवीएम के संचालन की प्रक्रिया, समस्त निर्वाचन कागजातों एवं सामग्रियों का अलग-अलग पैकेट तैयार करने, चैलेंज वोट, टेंडर वोट, इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट सहित चुनाव से संबंधित अन्य विषयों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई एवं सभी की दुविधाओं को दूर किया गया।

## बूथ स्तरीय पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को ध्यान में रखते हुए सोमवार को चितरपुर स्थित होटल रॉयल पैलेस में भाजपा चितरपुर मंडल के गठित बूथ स्तरीय पन्ना प्रमुख सम्मेलन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गणेश प्रसाद ने किया तथा सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी राज्यसभा के मुख्य सचेतक डा. लक्ष्मी कांत वाजपेयी, जिला प्रभारी शशिभूषण भगत, विधायक मनीष जायसवाल, वरिष्ठ नेता राकेश प्रसाद, पूर्व विधायक डा. जीतू चरण राम, डा. संजय प्रसाद सिंह, नारायण चन्द्र भौमिक, संजीव कुमार बावला, मनोज सिंह उपस्थित हुए । स्वागत भाषण गणेश प्रसाद ने करते हुए मुख्य अतिथि श्री बाजपेई को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न के रूप में माँ छिन्नमस्ता मंदिर का प्रतीक प्रदान किया गया ।मंचासीन अतिथियों को मंडल पदाधिकारियों के द्वारा पुष्प एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

श्री बाजपेई ने दीप जलाकर पं.दीनदयाल उपाध्याय एवं पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तश्विरों पर माल्यार्पण के बाद उपस्थित बूथ कमिटी के सदस्यों सहित पन्ना प्रमुख से परिचय प्राप्त किया तथा भारी संख्या में पहुंचे पन्ना प्रमुखों को हाथ में पन्ना लेकर जीत दर्ज करवाने की उत्साह को देख कर उन्होंने कहा की इतने बड़े राजनीतिक जीवन में ये पहली बार देखने को मिला है की कार्यक्रम में न सिर्फ हर पन्ना प्रमुख की पूरी उपस्थिति बल्कि अपने अपने पन्नों की जिम्मेवारी लेते हुए जीत दर्ज करवाने का विश्वास भी दिलाया है। उन्होंने कहा की हर विषम परिस्थितियों में पार्टी जीत दिलवाने वाले कार्यकर्ताओं का पार्टी के प्रति समर्पण हीं है जो हमें लोकसभा की दो सीट से आज देश और दुनियां की सबसे बड़ी पार्टी होने के गौरव के साथ देश को एक मजबूत और विकासशील सरकार देने का काम किया है।

## झापा केंद्रीय अध्यक्ष अजीत कुमार ने जनसंपर्क अभियान चलाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ विधानसभा में 27 फरवरी को होने वाले उपचुनाव को लेकर विभिन्न पार्टियों के कई केंद्रीय पदाधिकारी अपने प्रत्याशी के चुनाव प्रचार कर लोगों से जनसंपर्क अभियान चलाया गया इसी के तहत रामगढ़ विधानसभा झारखंड पार्टी के प्रत्याशी संतोष महतो के पक्ष में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता अजीत कुमार के द्वारा रामगढ़ प्रखंड के कुंदरू कला,बारलौंग एवं चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के सुकरीगड़ा व लारी पंचायत का दौरा कर मतदाताओं से वोट देने की अपील की इस मौके पर उन्होंने बताया कि झारखंड पार्टी



एक आंदोलनकारी पार्टी है और रामगढ़ विधानसभा के प्रत्याशी संतोष महतो के पक्ष में मतदाता अपना अपना एक एक कीमती वोट डालकर विजय बनाने का काम करेंगे पार्टी प्रत्याशी का चुनाव चिन्ह टोकरी भरा सब्जी छाप पर वोट दें एवं युवा होनहार शिक्षित उम्मीदवार को भारी मतों से वोट देकर जिताने का काम करें।

## विष्णुगढ़ पुलिस ने अवैध कोयला किया जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ थाने की पुलिस ने पांच टन कोयला जप्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।इस सम्बंध में मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि केंदुवाडीह गाल्होबार के गोविंद महतो,पिता भीखन महतो के द्वारा शकील महतो पिता आदम अंसारी,सा0 गाल्होबार दोनों थाना विष्णुगढ़ के साथ मिलकर बोकारो जिला के बेरमो थाना क्षेत्र के बेदकारो के सुरक्षित वन क्षेत्र से कोयले का अवैध उत्खनन कर मोटरसाइकिल के माध्यम से ढुलाई कराकर ग्राम केंदुवाडीह स्थित शंकर महतो के घर के पीछे गोविंद महतो के द्वारा अपने बटाई के जमीन पर बड़ी मात्रा में भंडारण कर रखा गया है।जिसे अधिक मुनाफा खोरी के वास्ते बड़ी वाहनों में लोडकर रात्रि में बंदखारो चानो बनासो के रास्ते बाहर के मंडियों में भेजने वाले है।त्वरित कार्यवाही करते हुवे भण्डा रन किये गए कोयले को बरामद किया जा सकता है।पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एसडीपीओ अनुज उरांव के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया।छापेमारी दल द्वारा केंदुवाडीह पहुंचकर डम्प कोयला को जप्त किया गया।इस संदर्भ में विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 39/2023 दिनांक 19,2,23 धारा 379,413,414/34 भादवी 30।।कोल माइंस एक्ट एवं 33 फारेस्ट एक्ट के तहत पांच टन कोयला एवं एक तोलने वाला इलेक्ट्रीक मशीन जप्त कर गोविंद महतो पिता भीखन महतो ग्राम केंदुवाडीह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।छापेमारी टीम में एसडीपीओ अनुज उरांव,थाना प्रभारी रामनारायण सिंह,उपेंद्र रविदास, गोपाल प्रसाद,आदि शामिल थे।

## 65वें खनन सुरक्षा सप्ताह का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** भारतीय खान महानिदेशालय के तत्वधान में आयोजित 65वें खनन सुरक्षा सप्ताह का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह भव्य रूप में आयोजित किया गया। यह समारोह एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा हजारीबाग के नया स्टेडियम में आयोजित किया गया था जहां कोडरमा और रांची क्षेत्र में कोयला खनन करने वाली कंपनियां मौजूद थी। भाग लेने वाली कंपनियों में वे सारे नाम शुमार हैं जो कोयला खनन के लिए जाने जाती हैं। उदाहरण के लिए टाटा, हिंडालको, सीसीएल, अमरपाली, त्रिवेणी सैनिक जैसी कई कंपनियों मौजूद थी जो देशभर में कोयला खनन के लिए जानी जाती है। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत श्रमिकों के प्रतीक चिन्ह के समक्ष ध्वजारोहण के साथ किया गया जिसके बाद



अतिथियों ने सभी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर खान सुरक्षा महानिदेशक प्रभात कुमार बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे। उन्होंने अपने संबोधन में खान सुरक्षा संबंधित अनेकों बातें कही। महानिदेशक डीजीएमएस ने कहा की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है और हमें खुशी है कि कोयला खनन परियोजनाएं दिशा निर्देशों का पालन करते हुए खनन कार्य कर रही है। हमारे सभी माइंस में कर्मचारियों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है। उन्होंने एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि 100 टन का डंपर चलाने का प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार देने के लिए एनटीपीसी पकरी बरवाडीह बधाई का पात्र है और हमें आशा है कि इसकी संख्या ओर बढ़ेगी। डीजी ने अन्य कंपनियों को भी महिला एवं ट्रांसजेंडर्स को नौकरी देकर सम्मान की जिंदगी देने के लिए धन्यवाद कहा। आपको बता दें कि इस मौके पर माइनिंग क्षेत्र से जुड़ी देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों ने अपना प्रदर्शनी स्टॉल लगाया था जो समारोह में आए लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। इन स्टॉल में कंपनियों ने अपने वो सारे उपक्रम, सारी तकनीक का प्रदर्शन किया जो वह अपने दिनचर्या में इस्तेमाल करते हैं।

### सहायक शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर बीईईओ को सौंपा ज्ञापन

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के तमाम सहायक शिक्षकों ने राज्य स्तरीय कमेटी के दिशा-निर्देश पर सोमवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार को अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन पत्र सौंपा। वहीं बीईईओ के जिला मीटिंग में होने के कारण मांग पत्र एकाउंटेंट चंदन सोनी को दिया गया।पत्र में झारखंड के समस्त सहायक अध्यापकों को वेतनमान, एनआईओएस तथा इग्नू से अप्रशिक्षित शिक्षकों को प्रशिक्षित कराने के साथ - साथ सहायक अध्यापकों पर मुकदमा दर्ज को वापस लेने को लेकर मांग पत्र सौंपा गया। प्रखंड सचिव शुकर ठाकुर ने कहा यदि हम लोगों की मांग जल्द पूरा नहीं हुआ तो मजबूरन हम लोग उग्र आंदोलन करेंगे।वंही पारा शिक्षिका चाइना कुमारी ने कहा यदि हम लोगों की मांग पर झारखंड सरकार विचार नहीं करती है तो हम लोग धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे जिससे झारखंड की शिक्षा व्यवस्था चरमरा जाएगी।

### यादव विकास समिति का होली मिलन समारोह 5 मार्च को

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यादव विकास समिति बड़कागांव प्रखंड इकाई की बैठक प्लस टू उच्च विद्यालय हरली के प्रांगण में प्रखंड अध्यक्ष चुरामन गोप की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रखंड स्तरीय यादव होली मिलन समारोह नापो कला में काली मंदिर मेला टांड़ में 5 मार्च 2023 रविवार को मनाया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से सचिव कमल यादव, कोषाध्यक्ष नवलेश यादव, विनोद यादव, अवध किशोर यादव, अजय यादव, चतुरी गोप, नरेश यादव, फागु गोप, राजकुमार यादव, गणेश यादव, वीरेंद्र यादव, देवनाथ यादव, वासुदेव यादव, जयप्रकाश यादव, राजेश यादव, उमेश यादव, प्रकाश यादव, अनुज कुमार गोप सहित यादव समाज से अन्य लोग उपस्थित थे।

### मुखिया ने किया विद्यालयों में शिक्षा सामग्री का वितरण

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सिरमा पंचायत की मुखिया इसमत आरा द्वारा चोरका और सिरमा स्कूल में शिक्षा सामग्री किताब- कॉपी वगैरह बच्चों के बीच वितरण किया गया। मुखिया ने स्कूल में होने वाले समस्याओं को समझने की कोशिश की, साथ ही विद्यालय प्रबंधक और शिक्षकगण को हर सम्भव मदद का आश्वासन दी। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि असीम अरसद, सिरमा विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो असरार, मो शोहैल, मो अज़ीमुल्लाह, मो आरिफ, मो जहाँगीर, मो नोशाद, मो आज़ाद, राणा कौसर , विद्यालय प्राबन्धक ध्यक्ष मो नसरुद्दीन, चोरका विद्यालय के प्रधानाध्यापक गंगा लोहरा, उप मुखिया मनोज महतो, वार्ड सदस्य राठौर के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में मनाया गया वार्षिक दिवस

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल परिसर में वार्षिक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज में अध्ययनरत विधार्थियो ने गायन, नृत्य एवं फैशन शो में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम फेसबुक पर लाइव के माध्यम से भी दिखाया गया एवं लाइट्स, लेजर डिस्प्ले व डीजे नाइट के साथ पंद्रह सौ से अधिक लाइव दर्शकों के सामने दिखाया गया। डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कार्यक्रम की शुरुआत की घोषणा की एवं 10 दिनों तक चलने वाले कॉलेज फेस्ट के समापन को चिह्नित करने वाले अचीवर्स को भी सम्मानित किया। जिसमें सभी बैचों के बीच 37 अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रिंसिपल डॉ के श्रीकृष्ण एवं वाइस प्रिंसिपल डॉ अंकुर भार्गव ने छात्रों को उनके प्रदर्शन पर बधाई दी। सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष डॉ देवर्षि नंदी ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं इस कॉलेज परिसर में अब तक का सबसे भव्य कार्यक्रम घोषित किया। कॉलेज ने अपनी सामाजिक सेवा गतिविधियों, रक्तदान, कपड़े दान ड्राइव विविध चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा सुविधाओं का भी प्रदर्शन किया। साथ ही एचसीडीएसएच एलुमनी मीट भी आयोजित की गई। डॉ. देवर्षि नंदी के नेतृत्व में कॉलेज के पूर्व छात्र संघ द्वारा एचसीडीएसएच की पहली पूर्व छात्र बैठक आयोजित की गई। 2007 के पहले बैच से जब कॉलेज की स्थापना हुई। 105 छात्र 2016 के अंतिम पास-आउट बैच तक इस ऐतिहासिक पुनः मिलन कर कॉलेज में एकत्रित हुए। कॉलेज परिवार की ओर से पूर्व छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। पूर्व छात्र-छात्राओं ने संस्थान के साथ अपने लंबे जुड़ाव को साझा किया एवं अपनी यादों को ताजा किया।

## चट्टी बरियातू डंपिंग यार्ड से कोयला का उठाव शुरू

### उपायुक्त ने नेतृत्व में सफल रहा समझौता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड अंतर्गत चट्टीबरियातु में दिनांक 20 जनवरी 2023 को उपायुक्त नैंसी सहाय,पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे व अनुमंडल पदाधिकारी,सदर विद्या भूषण कुमार की अध्यक्षता में बडकागांव के चट्टी बरियातू एनटीपीसी कोल परियोजना में स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों के साथ एक बैठक हुई। बैठक में विस्थापितों व एनटीपीसी अधिकारीयों साथ एक समझौते पर सहमति बनाई गई। ग्रामीणों के द्वारा कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर कोल परिचालन को



बाधित किया जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त की अगुवाई में प्रशासनिक महकमा ने लगभग 1000 पुलिस बल तथा 20 दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर खाली ट्रकों पर कोयला की ढुलाई कराते हुए नॉर्थ कर्णपुरा प्लांट हेतू भेजा गया। इस कारवाई के दौरान उपायुक्त के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम पूरे दिन कैंप कर स्थिति सामान्य करने के लिए मुस्तैद रहा।

## जिला अध्यक्ष ने हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का आगाज किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के मद्देनजर प्रखंड अध्यक्षों तथा प्रखंड प्रभारियों की एक अहम बैठक आयोजन किया गया । आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के लिए प्रखंड अध्यक्ष तथा प्रखंड प्रभारी आपस मे समन्वय स्थापित कर प्रखंड से लेकर बुथ स्तर तक इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संकल्पित हों तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए राहुल गांधी का संदेश पत्र तथा प्रधान मंत्री मोदी कि नाकामियों का खुलासा




करने का कार्य करेंगे । जिला कांग्रेस कमिटी इस कार्य को मूर्त रूप देने के लिए प्रतिबद्ध है । इस बैठक में मो. मोइनुद्दीन, राम जन्म राय, चंदन गुप्ता, गौतम कुमार मेहता, सत्यनारायण प्रसाद, नरसिंह प्रजापति, मो. नौशाद, अजित कुमार सिंह, अशोक देव, मीडिया प्रभारी निसार खान, सरयू यादव, इकबाल रजा, राजीव कुमार मेहता, संजय कुमार यादव, डॉ. प्रकाश कुमार, डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, शारदा रंजन दुबे, कैलाश पति देव, दिलीप कुमार रवि, राजू चौरसिया, सुरेन्द्र मिश्रा, विशेश्वर स्वर्णकार, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, ललितेश्वर प्रसाद चौथरी, अनवर हुसैन, कृष्णा किशोर प्रसाद, शब्बीर अली, संजय तिवारी, दिलदार अंसारी के अतिरिक्त सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## बोलेरो की चोरी, स्कॉर्पियो को किया क्षतिग्रस्त, भुक्तभोगी ने थाना में दिया आवेदन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर पंचायत के शिवपुर गड़लाही गांव में एक बोलेरो चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत भुक्तभोगी शिवपुर गांव के ही निवासी तुलसीराम पिता वजीर राम ने बरही थाना में आवेदन दिया। आवेदन में उन्होंने बताया कि बीते रात्रि करीब 8 बजे मैं अपनी बोलेरो गाड़ी जिसका नंबर जेएच 09 ऐजे 5725 को अपने दरवाजे के पास खड़ी कर अपने घर खाना खाकर सो गया था। जब सुबह सो कर उठा तो देखा कि बाहर में मेरा बोलेरो गाड़ी नहीं है। वही मेरे ही गाड़ी के बगल में पुरण राम पिता स्व. दुखन राम का स्कॉर्पियो जिसका नंबर जेएच 01 सीएम 4123 खड़ी थी, उसे भी ले जाने का प्रयास किया गया। उक्त गाड़ी का सारा लॉक तोड़ दिया गया, गाड़ी का सारा डीजल जो कि लगभग 35 लीटर था एवं गाड़ी में लगा साउंड सिस्टम को भी तोड़ कर ले भागे।हालांकि स्कॉर्पियो गाड़ी को ले जाने में वे सभी कामयाब नहीं हुए। वहीं उन्होंने बताया कि मुझे शक है कि किसी अज्ञात चोर के द्वारा मेरी गाड़ी को चोरी कर ले गया है। वही इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है, प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले की छानबीन की जा रही है।

## एकीकृत सहायक अध्यापक संघ ने बीईईओ को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नाला :** विभिन्न समस्याओं को लेकर एकीकृत सहायक अध्यापक संघ ने नाला बीआरसी में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी गेड़िया गिरीश प्रसाद मंडल को ज्ञापन सौंपा।मालूम हो कि संघ के अध्यक्ष शांतिमय मान्ना के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान ज्ञापन में कहा गया है कि नाला प्रखंड के बहुत सारे सहायक अध्यापक ने आंकलन परीक्षा हेतु फॉर्म भर नहीं पाया है जिनका साइट में नॉट मेचिंग दिखा रहा है क्या कारण है? कितना सहायक अध्यापक का सर्टिफिकेट वेरिफाइड हो गया है उनका प्रति संघ को उपलब्ध कराया जाए, कितने सहायक अध्यापकों ने अभी तक बीआरसी को अपना शैक्षणिक प्रमाण पत्र जांच हेतु जमा नहीं किया है, उनका भी सूची संघ को उपलब्ध कराया जाए। राज्य परियोजना निदेशक राँची के द्वारा जो सहायक अध्यापकों को 4त्न वार्षिक इंक्रीमेंट तत्काल जनवरी 2023 से सभी को भुगतान किया जाए सभी सहायक अध्यापकों को तत्काल बीएलओ कार्य से मुक्ति दिलाया जाए।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–34/2022-23 के ग्रुप सं0 3 एवं 4, पी0आर0 संख्या 289680(Rural Development)22-23(D) को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
हजारीबाग

PR 290752 Rural Development(22-23).D



### कार्यालय जिला परिषद, खूँटी

**अति अल्पकालीन निविदा**

पत्रांक 182/जि०प० दिनांक 17.02.2023

जिला परिषद, खूँटी द्वारा Solar Street Light की आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन हेतु मानक स्तर के कम्पनि/प्रमाणित बिक्रेता/उनके अधिकृत बिक्रेता से विभिन्न शर्त्तों के साथ मुहरबंद अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक कम्पनि/प्रमाणित बिक्रेता/उनके अधिकृत बिक्रेता **दिनांक 27.02.2023 अपराहन 02:00 बजे तक** निम्नांकित शर्त्तों के अनुरूप अपना मुहरबंद निविदा जिला परिषद कार्यालय, खूँटी में जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को **दिनांक 27.02.2023 के अपराह्न 04:00 बजे** क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा।

निविदा की शर्त्तें, उपकरणों एवं उसका Specification इत्यादि की विवरणी खूँटी जिला के वेबसाईट https://www.khunti.nic.in से डाऊनलोड किया जा सकता है अथवा जिला परिषद कार्यालय, खूँटी से प्राप्त किया जा सकता है।

ह०/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, खूँटी

PR290695 (District)22-23*D



### जिला गोपनीय शाखा, गुमला।

(गुमशुदा की तलाश)



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री **मुन्ना लोहरा पिता स्वर्गीय श्री धनु लोहरा, ग्राम मुंदार, पंचायत हेलता, थाना बिशुनपुर दिनांक** 20–08–2022 से लापता हैं। अंचल अधिकारी विशुनपुर द्वारा दी गई सूचना के अनुसार श्री मुन्ना लोहरा दिनांक 20-8-2022 को मुंदार नदी में बह गए थे, तब से उनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है और न ही उनका शव कहीं बरामद किया जा सका है।

अतः यदि किसी को भी श्री मुन्ना लोहरा, उम्र 28 वर्ष (जिनकी फोटो संलग्न है) की जानकारी मिले तो वे अंचलाधिकारी बिशुनपुर के मोबाइल नंबर 9717786143 या थाना प्रभारी बिशनपुर के मोबाइल नंबर 9905016061 पर सूचना दे सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति उपायुक्त गुमला के कार्यालय को भी लिखित में सूचित कर सकते हैं।

कार्यपालक दण्डाधिकारी,
गुमला।

PR 290704 (Gumla) 22-23 (D)


## ढुकु महिलाओं का सामुदायिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन

### अलग-अलग धर्मों के 50 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** नारी सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं स्वच्छता के विकास की दिशा में कार्यरत स्वयं सेवी संस्था निमीत, रांची के तत्वावधान में आज नगर भवन, खूंटी में ढुकु महिलाओं का सामुदायिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वर्षो से लिव इन रिलेशनशीप में रह रहे अलग-अलग धर्मावलंबियों के 50 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इसके साथ ही अब उन्हें गांव में सामाजिक मान्यता प्राप्त हो गया।मौके पर पहुंचे उपायुक्त, खूंटी शशि रंजन एवं उप विकास आयुक्त, खूंटी नीतीश कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों द्वारा वर-बधू के सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना की गई। साथ ही नव दम्पतियों के बीच तोहफा के रुप में गृहस्थ जीवन में उपयोग में आने वाली सामग्रियों का वितरण किया गया।उक्त वैवाहिक कार्यक्रम में सभी



### योजनाओं को लेकर जागरूक बनें : उपायुक्त

जोड़ो उनके परंपरा व रीति- रिवाज के अनुसार विवाह कराया गया। इस दौरान उपायुक्त, शशि रंजन द्वारा बताया गया कि गांव में ÷लिव इन रिलेशन÷ में रहने वाले हजारों परिवारों के लिए कार्यक्रम उम्मीदों भरा है जो जिंदगी भर बिना विवाह के अनिश्चितता और सुरक्षा के अंधेरे में जीने को विवश थे। इस पहल से उनके जीवन में रोशनी आयी है और उम्मीदों का सफर भी शुरु हुआ है ताकि आने वाले दिनों में इस कुप्रथा को जड़ से समाप्त किया जा सके। साथ ही सामाजिक परिवर्तन से इन्हें पूर्ण रूप से सम्मान दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि इन नवविवाहित जोड़ों को जिला प्रशासन की ओर से सभी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास है। साथ ही इनका विवाह निबंधन भी सुनिश्चित कराया जाएगा। जोड़ों को आने वाले दिनों में रजिस्टर्ड विवाह प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करने हेतु उन्होंने निमित्त संस्था की सराहना की। उन्होंने कहा कि विशेषकर महिलाओं को जेएसएलपीएस की योजना से जोड़ा जाएगा। हमारा प्रयास है कि ये एक अभियान के रूप में व्यापक स्तर पर चलाया जाय और नवजागरण के उद्देश्यों को पूर्ण किया जा सके। स्वयं सेवी संस्था निमीत रांची की सचिव डॉ निकीता सिन्हा ने बताया दूरवर्ती क्षेत्रों में आदिवासी समाज के बिना शादी किये पति-पत्नी के रुप में रहा करते हैं। पर, परिणय सूत्र में नहीं बंधने की वजह से समाज में इनकी सामाजिक मान्यता नहीं रहती है। ऐसे दम्पतियों को गांव के सामाजिक कार्यों व अन्य परंपरा में शामिल नहीं किया जाता है।

## रामगढ़ विधानसभा के नगर परिषद् अंर्तगत भाजपा ने कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सोमवार को रामगढ़ विधानसभा के नगर परिषद् अंर्तगत रांची रोड स्थित ओम पैलेस के सभागार में भाजपा ने एक कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया।इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद माननीय दीपक प्रकाश,प्रदेश महामंत्री,राज्यसभा सांसद सह उपचुनाव प्रभारी माननीय आदित्य साहू,प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल,कांके विधायक समरीलाल एवम भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता उपस्थित हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज गिरी ने किया एवं संचालन महामंत्री सह अपचुनाव कार्यक्रम, कार्यालय प्रभारी प्रो.खिरोधर साहू ने किया।कार्यकर्ता सम्मेलन में भारी संख्या में उपस्थित हुए बूथ कमिटी सहित सभी पन्ना प्रमुख को देख कर खुशी जाहिर करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की जिस भी चुनाव में बूथ कमिटी और पन्ना प्रमुख ने अपनी उपयोगिता दिखाई है उस चुनाव में पार्टी ने भारी बहुमत से जीत दर्ज करवाई है।हमारे पार्टी का तो मंत्र हीं यही है की बुथ जीता तो चुनाव जीता।आज भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओ की बदौलत हीं भाजपा दो सीट से बहुमत वाली सरकार बनाकर देश का विकास करने में सफल हुई है।आजसू के साथ हमारा पुराना गठबंधन है और झारखंड में हमने एक साथ सफल सरकार चलाकर जनता को ये भरोसा दिला दिया है की एनडीए गठबंधन की सरकार ही विकास की राजनीति करती है साथ हीं कार्यकर्ताओं के साथ जनता के लिए भी कार्य करती है।हमने पूरे झारखंड के साथ रामगढ़ विधानसभा में पिछले बार गठबंधन की सरकार चलाते हुए कई विकासशील योजनाओं को पटल पर उतारा है जिसे जनता ने भी महसूस किया है।गांव गांव तक सड़कों का जाल बिछाना हो, स्कूलों का नवीनीकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय सहित मुफ्त गैस भी हमारी सरकार ने उपलब्ध करवाने का काम किया है।

## अन्य राज्यो में भी लाभ ले रहे कार्डधारकों की सूची जल्द उपलब्ध कराए डीलर : आलोक कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ प्रखण्ड कार्यालय के सभागार भवन में प्रखण्ड के सभी जन वितरण प्रणाली के डीलरों के साथ सह पणन पदाधिकारी आलोक कुमार ने बैठक की । बैठक में सह पणन पदाधिकारी आलोक कुमार ने डीलरों से कहा कि जानकारी के अनुसार विष्णुगढ प्रखण्ड में करीब 73 डीलरों में लगभग 232 लाभुक ऐसे है,जिनका राशन कार्ड एक ही नाम से यहाँ के अलावे अन्य राज्यो में भी है । सभी डीलर उपरोक्त बातो पर ध्यान देते हुए जिनके पास भी इस तरह के कार्डधारी है। उन डीलरों को निर्देशित किया जाता है,की कार्डधारकों से 24 घंटे के भीतर सम्पर्क कर उन्हें इस बात की जानकारी देते हुए पूछा जाए कि वह अपना कार्ड झारखंड में चाहते है या अन्य किसी और राज्य में इसकी सूची बनाकर तत्काल प्रखण्ड कार्यालय में जमा किया जाय । इस बाबत जानकारी देते हुए एमओ आलोक कुमार ने कहा कि इस तरह की छटनी से वंचित लोगों को अवसर मिलेगा और उन्हें सरकार की ओर से खाध्य सुरक्षा प्राप्त होगी ।

## झारखंड सरकार ने झारखंडवासियों के साथ छलावा किया है : सुदेश महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** आजसू सुप्रीमो सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कोराम्बे, साडम, बरियातू, गोला, सोसोकलां इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क कर एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी जी के समर्थन में वोट की अपील की। जनसंपर्क के दौरान सुदेश महतो जी ने कहा कि झारखंड सरकार ने झारखंडवासियों के साथ छलावा किया है। राज्य की जनता को किसी भी सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ भी नही मिल पा रहा है। हर तरफ भ्रष्टाचार और अव्यवस्था का आलम है। समय आया है की सरकार में शामिल दलों को वोट की ताकत दिखाएं। एनडीए का शासनकाल राज्य की बेहतरी के लिए रहा है। राज्य के युवा इस यूपीए की सरकार से आज भी रोजगार एवम बेरोजगारी भत्ता का इंतजार कर रहे हैं। झारखंड को और ज्यादा तबाह होने से बचाना है तो हमें एनडीए की सरकार स्थापित करनी होगी। आइए इस दिशा में पहला कदम बढ़ाएं और इस झूठ के पुलिंदे की सरकार को हटाने के लिए लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर क्रम संख्या 2 पर केला पर बटन दबाएं।

## छोटकाचुम्बा में सरना प्रार्थना सभा का द्वितीय स्थापना दिवस मना

### जल, जंगल, जमीन, धर्मकोड पर संघर्ष रहेगा जारी-निर्मला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** छोटकाचुम्बा में सोमवार को राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के द्वारा द्वितीय स्थापना दिवस मनाया गया। अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्वर्गीय वीरेंद्र भगत की पत्नी निर्मला भगत, धर्मगुरु प्रवीण उरांव, राष्ट्रीय अध्यक्ष सरना प्रार्थना सभा नीरज मुंडा, झारखंड प्रदेश धर्मगुरु राजेश लिंडा, जिला अध्यक्ष नागेश्वर मुंडा, राष्ट्रीय सलाहकार मीना उरांल, सारुबेड़ा सरना प्रार्थना अध्यक्ष सुंदरी मुंडा, बोकारो के नरेश मुंडा, हेसला के सबिता बेदिया, हजारीबाग के विनीता उरांव, धर्मगुरु बबन तिग्गा आदि उपस्थित हुए। वक्ताओं ने समाज के लोगों से कहां कि जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए हमें सदैव तत्पर रहना चाहिए। प्राकृतिक से ही आदिवासी समाज की पहचान हैं। इन्हीं के बीच समाज के लोग रहकर जीवन व्यतीत करते हैं। आज आदिवासियों के हक व अधिकार सरना धर्म कोड को भी सरकार लागू करने में आनाकानी कर रही हैं। जिसे लेकर समाज के लोग आगे जनआंदोलन संघर्ष और मताधिकार का प्रयोग कर ऐसे प्रतिनिधियों को सबक सिखाने का भी काम करेंगे। सभी से समाज के लिए एकजुटता पर लगातार कार्य करने पर बल दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुनील मुंडा, सचिव निर्मल मुंडा, कोषाध्यक्ष गोदनाथ मुंडा, अगुआ पाहन सुरेंद्र पाहन धनेश्वर, पाहन दीला धविकलाल मुंडा, कामदेव, विकास, विजय मुंडा, बालेश्वर मुंडा आदि मौजूद थे।

## ग्राहकों को उनके अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक, एचपीसीएल के अधिकारियों ने गुणवत्ता व मात्रा अभियान का किया शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही के एनएच-33 पर स्थित एचपीसीएल का मैसर्स रोशन ऑटो स्टेशन, करसो पंप में डीजल - पेट्रोल के गुणवत्ता व मात्रा अभियान की शुरुआत की गई। जिसका शुभारंभ एचपीसीएल के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक शुभब्रत खान व हजारीबाग के एरिया सेल्स मैनेजर रोहित कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। वहीं शिविर लगाकर कंपनी के अधिकारियों ने ग्राहकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। ग्राहकों को बताया गया कि फिल्टर पेपर से पेट्रोल की गुणवत्ता सेकंडों में कैसे जांची जाती है। साथ ही कुछ ही मिनट में पेट्रोल व डीजल के डेन्सिटी टेस्ट, हाइड्रोमीटर के माध्यम से जांच करने का तरीका, घनत्व की जांच एवं डब्लू एंड एम विभाग द्वारा 5 लीटर माप के साथ पेट्रोल और डीजल की मात्रा की जांच करने का जानकारी दिया गया। मौके पर व्यावहारिक रूप से जांच कर दिखलाते हुए अधिकारियों ने ग्राहकों को प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अनुभव दिया गया। इसके अलावा, ग्राहकों को आउटलेट में उपलब्ध ऑटोमेशन सिस्टम के बारे में भी जागरूक करते हुए बताया गया कि वे रसीद कैसे चेक कर सकते हैं और लेनदेन कैसे देख सकते हैं।एचपीसीएल के मौजूद अधिकारियों ने बताया कि ऑटोमेशन सिस्टम में यह सुनिश्चित करने के लिए सिस्टम उपलब्ध है कि ग्राहकों को अच्छा ईंधन मिले। रोशन ऑटो स्टेशन, करसो के प्रतिनिधि मासूम परवेज ने कहा कि ग्राहक इस अभियान से वास्तव में लाभान्वित हुए, वे वास्तव में सिस्टम में उपलब्ध जाँचों और उपायों को जानकर प्रसन्न भी हुए। एचपीसीएल द्वारा शुरू किया गया इस प्रकार का अभियान आज के परिप्रेक्ष्य में वास्तव में सहायक है जहां पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ रही हैं और 100 रुपये तक पहुंच गई हैं।

## तमाड़ के डेरो गांव में रामचरित मानस कथा संपन्न

**तमाड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड प्रखंड के डेरो गांव में तीन दिवसीय राम चरित मानस कथा के अंतिम दिन ललन मिश्रा कथा प्रवचक सह पुरोहित के द्वारा कलश यात्रा के साथ श्री राम चरित्र मानस कथा का समापन किया हुआ। दूर दराज से श्री राम चरित्र मानस कथा का प्रवचन सुनाने के लिए पहुँचे मुख्य रूप से मानस मंडली धनंजय महतो एडकेया, राजकिशोर महतो बरवाडीह, गणेश विद्यार्थी कुदाडीह, रविन्द्र नाथ महतो पैराईडीह इसके साथ मानकीडीह, नावाडीह, चिरुडीह, के टीमों के द्वारा सुंदर श्री राम चरित्र मानस कथा का प्रवचन को प्रस्तुत किये। डेरो के मानस मंडली की ओर से आयोजन कर्ता के रूप में सहोदर महतो, प्रहलाद महतो, यादु नाथ महतो, मुंगालाल महतो, अर्जुन मुंडा, विक्रम महतो, अजम्बर महतो के साथ साथ सभी ग्रामवासी का अहम योगदान कार्यक्रम को सफल बनाने में रहा।




### कार्यालय अभिहित अधिकारी–सह–अनुमण्डल पदाधिकारी,गढ़वा

(खाद्य सुरक्षा शाखा)

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा गढ़वा अनुमण्डल क्षेत्र के सभी खाद्य कारोबारीयों को सूचित किया जाता है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत खाद्य कारोबार करने से पहले लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन सक्षम प्राधिकार से प्राप्त किया जाना वैधानिक अनिवार्यता है। बिना बैद्य लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन धारित खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 की धारा–63 के अंतर्गत 6 माह के कारावास की सजा तथा 05 लाख रूपये तक के जुर्माना का प्रावधान है। इस संदर्भ में गढ़वा अनुमण्डल क्षेत्र के सभी खाद्य कारोबारीयों के लिए निम्नप्रकार से लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन कैम्प का आयोजन किया जाना है:–

| क्र0सं0 | कैम्प आयोजन स्थल का नाम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रखण्ड कार्यालय परिसर, डण्डई। | 23.02.2023 | 11:00 बजे पूर्वा0 से 03:00 बजे अप0 तक |
| 02 | प्रखण्ड कार्यालय परिसर, बरडीहा। | 25.02.2023 | 11:00 बजे पूर्वा0 से 03:00 बजे अप0 तक |

**रजिस्ट्रेशन हेतु आवश्यक दस्तावेजो की सूची (जिसका टर्नओवर 12 लाख से कम हो) :–**

1. आवेदक का पहचान पत्र।
2. अगर पहचान पत्र में व्यवसाय स्थल का पता नहीं है तो व्यवसाय स्थल के लिए पता का प्रमाण पत्र।
3. एक पासपोर्ट आकार का फोटो।
4. रजिस्ट्रेशन हेतु शुल्कः 100 रू0

**लाइसेंस हेतु आवश्यक दस्तावेज की विवरणी (जिसका टर्नओवर 12 लाख से अधिक हो) :–**

1. प्रोपराईटर्स/डाइरेक्टरर्स/पार्टनर की सम्पूर्ण विवरणी (पता/मो.नं./ई. मेल आई डी. इत्यादि)
2. आवेदक/प्रोपराईटर/पार्टनर का पहचान पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र।
3. व्यवसाय स्थल के स्वामित्व का प्रमाण पत्र (सेल डीड, बिजली बिल, राजस्व रसीद इत्यादि)
4. प्रोपराईटरसीप से संबधित स्व–घोषणा पत्र/पार्टनरसिप डीड/फार्म IX।
5. मैन्युफैक्चररिंग युनिट का फोटो, प्रोसेसिंग एरिया सहित। मैन्युफैक्चरिंग उत्पाद की सूची।
6. मैन्युफैक्चररिंग युनिट में प्रयोग की जा रही मशीनों की सूची क्षमता अनुरूप।
7. मैन्युफैक्चररिंग युनिट के लिए Recall Plan.
8. उत्पादन इकाई का ले–आउट/ब्लुप्रींट, क्षमता के अनुरूप।
9. होटल/कैटरर/रेस्टुरेंट के लिए उपयोग में लाए जा रहे पेयजल की शुद्धता का जॉच रिपोर्ट।
10. लाइसेंस हेतु शुल्कः 2000 रू0 (Wholesaler, Distributor, Retailer, Caterer), 3000 रू0 (Manufacturer)

मीट, चिकन एवं मछली का विक्रय करने वाले दुकानदार अपने साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र अपने क्षेत्र के मुखिया या वार्ड पार्शद से (मुहर सहित) लेकर आयेंगे।

अतः गढ़वा अनुमण्डल क्षेत्र के सभी खाद्य कारोबारी जैसे– खुदरा विक्रेता, थोक विक्रेता, वितरक, उत्पादक, होटल, रेस्टुरेंट, स्ट्रीट फुड भेंडर, केटरर, बुचड़खाना, मछली दुकान, अण्डा दुकान, दुग्ध दुकान, सब्जी–फल दुकान, दवा दुकान, शराब दुकान, आर0ओ0 पानी सप्लायर, सरकारी एवं अर्ध–सरकारी कार्यालय परिसर संचालित कैन्टिन, स्टोर रूम इत्यादि के संचालक/ मालिक/ प्रोपराईटर/ पार्टनर इत्यादि को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त तिथियों को कैम्प में सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन समर्पित कर सकते है।

अभिहित अधिकारी–सह– अनुमंडल पदाधिकारी, गढ़वा।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गढ़वा। PR 290688 Food Public Distribution and Consumer Affairs(22-23)D



### झारखण्ड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्याः- **297/2022-23/RWD/KHUNTI** दिनांक :- **20.02.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ KHUNTI/ 25/2022-23 | बनई से खक्सी टोला तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.945 कि0मी0) | 3,66,27,100.00 | तीन करोड़ छियासठ लाख सताईस हजार एक सौ रू0मात्र | 18 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 02.03.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 15.03.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, खूँटी में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– 16.03.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 17.03.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी के पक्ष में एवं खूँटी में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

PR.NO.290710 Rural Work Department(22-23):D नोडल पदाधिकारी, ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

**अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या 42/2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 27.02.2023 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 28.02.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 28.02.2023 को 3.30 बजे अपराहन में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
6. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य मद :– SCA एवं टाना भगत विकास प्राधिकार मद
9. कार्यो का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | गुमला | Construction of 2 Unit Toilet at Old Thana, Gumla Under **Block - Gumla** District- Gumla. **(SCA)** | 10,35,200.00 | 20,800.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 2 | बसिया | Construction and Repairing work of Police Station (Thana) Basia, **Block-Basia**, Gumla District- Gumla. **(SCA)** | 16,90,000.00 | 33,800.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 3 | बसिया | बसिया प्रखण्ड परिसर में सामुदायिक टाना भगता बैठक भवन निर्माण। | 11,01,400.00 | 22,100.00 | 2500.00 | 06 माह |

**निविदा की शर्तें**:– 1. ग्रामीण विकास विभाग के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक हीं इस निविदा में भाग ले सकते है एवं परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा।

2. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के नाम पर होगा, एवं अदायगी पर (जो नहीं लौटाया जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता द्वारा निर्गत हुआ होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
3. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि का अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक/बैक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

जो निम्न हैः– 1. 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि का 20% तक।

2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का देय होगा।

3. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर संवेदक को कार्य करने का Justification का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।

4. निविदा की विस्तृत शर्ते www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।

PR.NO.290679 Rural Development(22-23):D

## ऑल वैली क्रिकेट टूर्नामेंट की हुई शुरुआत

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीवीसी का 40वा ऑल वैली क्रिकेट टूर्नामेंट आज डीवीसी प्लस टू हाई स्कूल मे शुरू हुआ। क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन डीवीसी परियोजना अंजनी कुमार दुबे द्वारा स्पोर्ट्स का झंडा फहराया गया तथा खिलाड़ियों से प्राप्त परिचय प्राप्त कर किया गया। डीवीसी के विभिन्न परियोजनाओं से 10 टीम भाग ले रही है। पहला मैच हजारीबाग एवं पंचेत के साथ खेला गया। वहीं दुसरा मैच एमटीपीएस एवं सीटीपीएस के बीच खेला गया। इस मौके पर डीवीसी के बी बी दास, ए सिन्हा अनूप पुरकायस्त, श्यामली कुमारी, संजय प्रियदर्शी, विनय कुमार, विक्रम सिंह, श्यामल मुखर्जी, उज्जवल बनर्जी, अरविंद कुमार, अपूर्वा शाह सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।



## स्टूडियो के उद्घाटन के मौके पर वर्कशॉप का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बालियापुर बाजार के एक स्टूडियो का उद्घाटन फुजी फ़िल्म के मेंटर बापी घोषाल ने फीता काटकर किया। इस मौके पर स्टूडियो फोटोग्राफरों के लिए एक वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में फूजी फिल्म्स मेंटर बापी घोषाल ने मौजूद फोटोग्राफरो को फोटोग्राफी की बेसिक जानकारी से अवगत कराया। फूजी फिल्म्स झारखंड हेड सुमंत सिंह ने फूजी फिल्म्स कैमरा के बारे में जानकारी दी। साथ ही साथ वेनस फोटोबुक ईस्टर्न जॉन हेड मुकेश कुमार ने एल्बम के बारे में जानकारी दी। इस वर्कशॉप में लगभग जिले भर के 45 फोटोग्राफरों ने शिरकत किया।

## विदाई समारोह का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को इनमोसा बस्ताकोला कोलियरी के बैनर तले वरीय ओवरमैन एच एन राकेश की सेवानिवृत्ति के बाद विदाई सह मिलन समारोह का आयोजन बस्ताकोला कोलियरी के चांदमारी ऑफिस के प्रांगण में सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ संपन्न हुआ। इसमें मुख्य रुप से बस्ताकोला कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी ए के शर्मा मौजूद थे। वहीं इस विदाई सह मिलन समारोह में आए इनमोसा के अनेक गणमान्य पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए लोगों को बताया कि हम लोग प्रकृति के प्रतिकूल काम कर रहे हैं। ऐसे में अगर कोई साथी अपना सेवाकाल पूर्ण कर सेवानिवृत्त होते हैं, तो यह बहुत गौरव की बात है। हम भी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि हमारे सारे माइनिंग सुपरवाइजरी स्टाफ सकुशल अपने सेवा काल को पूरा कर सेवानिवृत्त हों और अपने बचे हुए दिनों को अपने परिवार के बीच हंसी खुशी के साथ व्यतीत करें। विदाई समारोह में बस्ताकोला कोलियरी के प्रबंधक अजय कुमार, सुरक्षा पदाधिकारी अभिषेक शर्मा, उपमहामंत्री इनमोसा कुश कुमार सिंह, क्षेत्रीय कमेटी की ओर से आए शिव शंकर महतो, रवि ओंकार सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## स्कूल में फैंसी ड्रेस कंपटीशन का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डी वाई पाटिल इंटरनेशनल स्कूल धनबाद में रविवार को फैंसी ड्रेस कंपटीशन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शहर के विभिन्न स्कूलों के 3 से 6 वर्ष के बालक बालिकाओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन बिल्कुल निःशुल्क किया गया था। वहीं बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस कार्यक्रम में जज के रूप में ज्योति पाल , छाया सन्याल उपस्थित रहीं। साथ ही कार्यक्रम में छात्रों के प्रदर्शन की काफी प्रशंसा की और विद्यालय द्वारा उठाए गए इस अनूठे प्रयास की सराहना की। अगले तीन महीनों तक डी वाई पाटिल इंटरनेशनल स्कूल में इस प्रकार के सांस्कृतिक और को करिकुलर एक्टिविटीज का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। स्कूल की प्रिंसिपल अर्चना मिश्रा ने बताया कि इस तरीके के अन्य कार्यक्रम अगले 3 महीने तक लगातार किए जाएंगे और छात्रों को सांस्कृतिक और को करिकुलर एक्टिविटीज में आगे बढ़ने का भरपूर मौका प्रदान किया जाएगा।

## टोटो ने ट्रक को मारी टक्कर, बाल-बाल बचे स्कूली बच्चे

**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कतरास स्थित पाठशाला विद्यालय के कुछ बच्चे टोटो से स्कूल से घर जा रहे थे। लेकिन टोटो चालक ने आकाश किनारी कांटा के पास खड़ी एक ट्रक में जाकर ठोकर मार दी। जिससे कि टोटो पलट गया और उसमे बैठे सभी बच्चे रोड पर गिर गए। बच्चों को काफी चोट भी आई है। घायल सभी बच्चों को निचीतपुर हॉस्पिटल में इलाज के लिए भेज दिया गया है।

## भाजपा अजा मोर्चा महानगर जिला अध्यक्ष के पुत्री का निधन

**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष गौर चन्द बाउरी के छोटी पुत्री दिपमाला बाउरी उम्र लगभग 26 वर्ष की मृत्यु इलाज के दौरान रिम्स में हो गया मालूम कि दिनांक 4/2/2023 को ब्रेन हेमरेज हो गया था आज उनकी मृत्यु हो गई खबर सुनकर घर वाले रो रो कर बुरा हाल है खबर सुनकर गणमान्य लोग उनके आवास पहुंचे चिरकुंडा नगर परिषद के चेयरमैन डब्लू बाउरी दयाल महतो बाउरी समाज के जिलाध्यक्ष श्रीमंत बाउरी दिनेश महतो मुन्ना प्रसाद लाल बहादुर यादव लक्षण महतो बिनोद सिंह मिनाक्षी रानी गुड़िया बिटु चौहान टुन्नु वर्णवाल काजल बाउरी कविता बाउरी अजीत बाउरी गोपाल बाउरी सुभाष बाउरी नगेन्द्र मिस्त्री सुनील हांडी नेपाल रवानी कार्तिक महतो सुजीत गयाली दिलीप मिश्रा विजु साव आनंद बाउरी लाला बाउरी मुक्तेश्वर दुबे आदि लोग मौजूद थे।

# आईआरबी वाहन चालक की सड़क हादसे में हुई मौत, दी गई अंतिम सलामी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** दुमका में आईआरबी में कार्यरत वाहन चालक जगदीश महतो की अहले सुबह मौत हो गई. घटना गिरिडीह-डुमरी मुख्यपथ के पीरटांड घाटी में हुई. मृतक चालक जगदीश महतो रांची के सिल्ली का रहने वाला था. बताया जा रहा है कि सोमवार की अहले सुबह दुमका से एक 407 पुलिस मालवाहक वाहन से सामानों को लेकर हजारीबाग जा रहा था।

इसी दौरान मालवाहक वाहन के पीछे दुमका आईआरबी की महिला जवानों से भरी एक और गाड़ी चल रही थी. इस दौरान जब मृतक जगदीश महतो मालवाहक वाहन लेकर घाटी से गुजरने लगा तो मालवाहक वाहन असतुंलित हो गया, संतुलन खोने के बाद ही मालवाहक के साथ चालक जगदीश खाई के नीचे जा गिरा, जिससे उसकी मौत मौके पर हो गई.

इस दौरान घटना की जानकारी मिलने के बाद पीरटांड थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंची और काफी मुश्किल से चालक के शव को बाहर निकाल पाई।

इस दौरान घटना की जानकारी एसपी अमित रेणु और डुमरी एसडीपीओ मनोज कुमार को दिया गया. एसपी के निर्देश पर चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया. जहां नगर थाना प्रभारी राम नारायण चौधरी और पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारी अमित कुमार, विष्णु उरांव समेत अन्य पुलिस कर्मियों के मौजदूगी में पोस्टमार्टम के बाद गिरिडीह-डुमरी रोड स्थित न्यू पुलिस लाईन परिसर में जवान को अंतिम सलामी दिया गया। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को भी दिया गया।

# कुआं में गिरने से महिला की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** राजगंज थाना क्षेत्र के दलदली गांव में कुएं में गिरने से एक 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। 20 फरवरी की सुबह ग्रामीणों ने कुएं के अंदर महिला का शव देख इसकी सूचना मुखिया व पुलिस को दी। राजगंज थाना प्रभारी के नेतृत्व में पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच, धनबाद भेज दिया। मुखिया मनसा मुर्मू ने बताया कि मृत महिला का नाम विरोधी देवी है। उसके पति की मौत 5 वर्ष पहले हो गई थी। बेटा गुजरात में मजदूरी करता है। एक बेटी कुंवारी है, जिसकी शादी होने वाली थी। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृत महिला के बेटे को फोन कर सूचना दे दी गई है।

# कोयला का अवैध धंधा जारी, रोकने में प्रसाशन नाकाम : बिरेंद्र पासवान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** इन दिनों कोयला का अवैध धंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन कोयला तस्करी की खबरें देखने व सुनने को मिलती है। जिला प्रशाशन भी इस अवैध कारोबार को पुरी तरह से रोकने में विफल साबित हो रही है जो की गंभीर चिंता का विषय है। वहीं कांग्रेस इंटक प्रदेश सचिव सह प्रवक्ता बिरेंद्र पासवान इसके रोकथाम हेतु लगातार आवाज उठाते आ रहें हैं। उन्होने बताया की केन्दुआडीह थाना क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे अवैध कोयला पर अंकुश लगाने के लिए केंदुआडीह थाना प्रभारी को कहा गया था किन्तु थाना प्रभारी ने अवैध कोयले पर रोक लगाने के लिये ना ही कोई रेड मारी और ना ही कोई कार्यवाही की। इसी मामले को लेकर विगत कुछ दिनों पूर्व बिरेंद्र पासवान ने धनबाद के उपायुक्त से जनता दरबार में आवेदन देकर मुलाकात किया था और कोयला माफिया को संरक्षण देने वाले थाना प्रभारी को निलंबित करने की मांग कि थी।

इसके बावजूद केंदुआडीह थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध कोयले का कारोबार लगातार जारी है।

# लखनऊ मंडल में एनआई कार्य के कारण पूर्व मध्य रेल की ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के डालीगंज-बादशाहनगर-गोमतीनगर-मल्हौर स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य हेतु प्री-एनआई/ एनआई के मद्देनजर निम्नलिखित गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन, नियंत्रण एवं पुनर्निधारण निम्नवत् किया गया है-

निरस्तीकरण :- 1.गोमतीनगर से 20 एवं 27 फरवरी, 2023 को चलने वाली 15078 गोमतीनगर-कामाख्या एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

2.कामाख्या से 21 एवं 28 फरवरी, 2023 को चलने वाली 15077 कामाख्या-गोमतीनगर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

3.लखनऊ जं. से 01 से 03 मार्च, 2023 तक चलने वाली 12530 लखनऊ जं.-पाटलीपुत्र एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

4.पाटलीपुत्र से 01 से 03 मार्च, 2023 तक चलने वाली 12529 पाटलीपुत्र-लखनऊ जं. एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

5.बरौनी से 01 से 03 मार्च, 2023 तक चलने वाली 15203 बरौनी-लखनउ एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

6.लखनउ से 02 से 04 मार्च, 2023 तक चलने वाली 15204 लखनउ-बरौनी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

7.मुजफ्फरपुर से 23 फरवरी एवं 02 मार्च, 2023 को चलने वाली 15269 मुजफ्फरपुर-साबरमती एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

8.साबरमती से 25 फरवरी एवं 04 मार्च, 2023 को चलने वाली 15270 साबरमती-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

9.ग्वालियर से 22 फरवरी से 02 मार्च, 2023 तक चलने वाली 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

10.बरौनी से 23 फरवरी से 03 मार्च, 2023 तक चलने वाली 11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

# कलश यात्रा के दौरान भक्तिरस में खूब झूमे लोग

### पांच दिवसीय हनुमान प्राण प्रतिष्ठा रामचरितमानस महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा



**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के नवडीहा ओपी क्षेत्र के गोरो पंचायत अंतर्गत झलकडीहा में सोमवार को हनुमान प्राण प्रतिष्ठा रामचरितमानस महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकली गई। पांच दिवसीय आयोजित इस महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा में 131 युवतियों व महिलाओ ने कलश उठाया। यज्ञ स्थल से कलश यात्रियों ने माथे पर कलश लेकर गोरो पंचायत के झलकडीहा , जंगरीडीह , पथरीटांड तथा सियाटांड़ पंचायत के बिसनपुरा, सियाटांड़ , चरमोरिया ,गोल्हैया , चोरा होते हुवे लगभग सात किलोमीटर दुरी तय कर उत्तरवाहिनी गोल्हैया नदी के धोबिया घाट पहुंचे। धोबिया घाट में पंडितो द्वारा जल को अभिमंत्रित कर कलशो में भरा गया। इसके बाद सभी कलश यात्री पुनः यज्ञ स्थल की ओर गए।

# गिरिडीह में झारखंड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह शहरी क्षेत्र के नगर भवन में दो दिवसीय झारखंड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप सोमवार को समापन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के सचिव सह गिरिडीह बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश सहाय और आयोजक सचिव शांतनु सहाय थे जिनके हर संभव प्रयाश के वजह से इस टूर्नामेंट का सफल आयोजन हो पाया। गिरिडीह में आयोजित झारखंड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में विभन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से मिस्टर मशल मैन ऑफ झारखंड, जुनियर मिस्टर झारखंड, दिव्यांग मेंस बॉडी बिल्डिंग, मेंस स्पोर्ट्स फिजिक/वीमेन बॉडी बिल्डिंग और मिस्टर गिरिडीह चैंपियनशिप 2023 जैसे प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जूनियर मिस्टर झारखंड 2023 के विनर मो हसन अंसारी और रनर शीतल पासवान बनें। उसी प्रकारमेंस स्पोर्ट्स फिजिक के विनर पप्पु कुमार और रनर मो हसन रहे।

मसल मैन ऑफ झारखंड के विनर प्रशांत कुमार सिंह और रनर शैलेश कुमार बनें। मेंस सपोर्ट फिजिक के विनर अबीर बनर्जी रहे। जूनियर मिस्टर झारखंड के विनर सुमित कुमार और रनर बीरू गोराई बने।

इस चैंपियनशिप का सफल आयोजन रेड बुल जिम और प्लेटिनम जिम के सम्मिलित रूप से संभव हुआ। इस चैंपियनशिप में कई अन्य गण्यमान्य लोगों का आगमन हुआ जिसमें मुख्य रूप से झारखंड बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के महासचिव रवि शंकर, गिरिडीह के सबसे पहले बॉडी बिल्डर सुबोध सर, संगठन सचिव आकाश सिंह, महासचिव कौशल हंसराज, गिरिडीह बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सोनू कुमार, आयोजक सचिव गौरव कुमार, मिस्टर इंडिया और कई बार के मिस्टर झारखंड देवाजीत सिंह, मिस एशिया माधवी बिलोचन, कार्यकारी सदस्य अखिल अशरफ और असीम उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल में शहर के सारे जिम संचालकों का सहयोग रहा साथ ही इसके मुख्य स्पॉन्सर होटल निखर, कविता मेडिसिन, खेल घर, होटल अशोका इंटरनेशनल, बेकरी की मुख्य भूमिका रही। मंच का संचालन विपिन चौधरी और विशाल पाठक जी ने किया।

# जिप सदस्य ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के क्षेत्र संख्या 4 के जिला परिषद सदस्या मीना हेम्ब्रम द्वारा आज सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया एवं दौरे के क्रम में झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे पशुधन विकास योजना अंतर्गत छुटे लाभुकों को इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेने के लिए सभी ग्रामीणों को जागरूक किया एवं सभी के आवेदनों पर अपनी अनुशंसा किया। बताया जाता है कि टुंडी के कई गांव अभी भी इस योजना से वंचित रह गया था जिससे जिला परिषद सदस्या मीना हेम्ब्रम द्वारा लोगों को इस तरह के योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लेने की अपील हर वंचितों से किया गया। मौके पर टुंडी प्रमुख मालती मरांडी एवं उनके प्रतिनिधि रविलाल समेत कई लाभुक उपस्थित थे।

# बीबीएमकेयू के कुलपति का पुतला दहन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रणधीर वर्मा चौक में आजसू छात्र संघ के द्वारा बीबीएमकेयू के कुलपति डॉ सुकदेव भोई का पुतला दहन किया गया जिसका नेतृत्व आजसू के बीबीएमकेयू प्रभारी हीरालाल महतो ने किया। बीबीएमकेयू प्रभारी हिरालाल महतो ने कहा की कुलपति के द्वारा नव निर्मित मुख्यालय में सिर्फ एक कैंटीन निर्माण की गुप्त सूचना जारी की गई थी किन्तु 6 होटल मालिको को विश्वविद्यालय परिसर में कैंटीन खोलने की अनुमति देकर अतिक्रमण करवा रही है। कैंटीन आवंटन करने की प्रक्रिया विधिवत नही की गई है। इससे पहले भी लॉ कॉलेज में स्थायी प्राचार्य का मामला आजसू ने उठाया था किंतु आज तक व लंबित है। कुलपति आते ही 35 लाख का बेफजूल सेमिनार करवा सकते हैं किंतु छात्रों को सुविधा मुहैया कराने के लिए विश्वविद्यालय में पैसा नही हैं।



# निरसा : छात्रों व अभिभावकों में आक्रोश

## मामला सरकारी विद्यालयों में साइकिल नही मिलने का

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निरसा :** गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के प्रचार प्रसार में सरकार लाखों रुपये खर्च कर रही है मगर उसके लाभ से छात्र व छात्राएं आज भी वंचित है । विद्यालय है तो शिक्षक नही, प्रायः सभी विद्यालयों में छात्र छात्राओं की संख्या के अनुरूप शिक्षकों की संख्या नगण्य है । आप सोच सकते है कि शिक्षक के अभाव में विद्यार्थियों का भविष्य कैसा होगा ? निरसा के एस एस के बी सी हाई स्कूल में छात्र छात्राओं की संख्या 834 है शिक्षक की संख्या मात्र 6 है जबकि शिक्षकों का सेंक्शन पोस्ट प्रधानाध्यापक सहित 15 है । कमोवेश शिक्षकों का अभाव सिर्फ निरसा के स्कूलों में ही नही बल्कि पूरे झारखंड के स्कूलों का यही हाल है

पूर्व के सरकार ने पढ़ने के लिये बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिये सरकारी विद्यालयों के आठवें वर्ग के छात्र छात्राओं को साइकिल देने का प्रवधान वर्ष 2002-03 से शुरू किया जो 2018 तक सही ढंग से चला । इस अवधि में आठवें वर्ग में पढ़ने वाले सभी छात्र छात्राओं को साइकिल दिया जाने लगा , मगर वैष्विक महामारी कोविड के कारण साइकिल वितरण बन्द रहा । वित्तिय वर्ष 2022 -23 से पुनः छात्र छात्राओं को साइकिल देने की बात उठी ।

सूत्र के अनुसार पूर्व के नियमों में बदलाव करते हुये वर्तमान झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति/ अनुसूचित जाती/अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्यान विभाग के सचिव अमिताग कौशल के पत्रांक 656 दिनांक 05/03/21 में निर्देशित किया गया है की विद्यार्थियों के खाते में 4500 रुपया डीबीटी के माध्यम से सीधे जमा होगा । यह भी निर्देश दिया गया है कि अनुसूचित जन जाती,अनुसूचित जाति,पिछड़ा वर्ग के लाभुक छात्र/छात्रा को अपने आवेदन के साथ सक्षम अस्तर से ऑनलाइन निर्गत जाती प्रमाणपत्र तथा अल्प संख्यक समुदाय के लाभुक छात्र को उक्त समुदाय का होने सम्बन्धी स्वघोषणा पत्र विहित प्रपत्र में संलग्न करना होगा । सरकार के इस आदेश से अधिकतम छात्र व छात्राएं वंचित हो जाएंगी ।

> ⇨ अभिभावकों का कहना है कि सरकार अपने निर्णय पर पुनः विचार करे
>
> ⇨ बहुत कठिन है साइकिल प्राप्त करने की वर्तमान अहर्ताएं



यह कैसा नियम है ? विभागीय सूत्र के अनुसार जाती प्रमाण पत्र बनाने के लिये एस्टी ऐसी के लिये खतियान 1950 एवं ओबीसी जाती के लिये 1978 निर्धारित किया गया है । सभी छात्र छात्राओं के लिये सम्भव नही है । अनुसूचित जनजाति/ अनुसूचित जाती/ अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्यान विभाग के निदेशक,एन ई पी सह जिला कल्याण पदाधिकारी इंदु रानी के पत्रांक संख्या 74 दिनांक 25/01/23 के माध्यम से कहा गया है कि विभागीय संकल्प संख्या 656 दिनांक 05/03/21 के कंडिका 3 के ( 3.1,3.2,3.3,3.4,एवं 3.5 ) कंडिका ( 4 ) एवं कंडिका 5 के ( 5.1,5.2,5.3,5.4,5.5,एवं 5.6 ) का निश्चित रूप से पालन किया जाय । सरकार के इस निर्णय से छात्र छात्राओं में घोर मायूसी छा गई है वंही अभिभावकों में आक्रोश देखा जा रहा है ।

अभिभावकों का कहना है कि सरकार अपने निर्णय पर पुनः विचार करे ताकि पहले की तरह सभी बच्चों को साइकिल मिलता रहे । उक्त जानकारी विभाग के एक अधिकारी ने अपना नाम नही छापने के शर्त पर उपलब्ध कराया है । इनका भी मानना है कि साइकिल प्राप्त करने की जो अहर्ताएं तय की गई है उससे अधिकांस छात्र छात्राएं वंचित हो जाएंगी। सरकार का उक्त आदेश कंही से भी जायज नही है।

## चलते चलते एक नजर

### लाठी-डंडे से मारकर छात्र की हत्या

**रांची :** सदर थाना क्षेत्र के कोकर में एक छात्र की लाठी- डंडे से मार कर हत्या करने का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। मृत छात्र की पहचान सावंत कश्यप के रूप में हुई है। वह तिरिल बस्ती का रहने वाला है। सावंत कश्यप इंटर का छात्र बताया जा रहा है।घटना के बारे में बताया जा रहा है कि सावंत का कुछ लोगों से विवाद हुआ था। इसके बाद उसकी लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर थाना की पुलिस ने छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स में भेज दिया है ।

### हिंदू नववर्ष पर 22 मार्च को भगवा रैली निकाली जाएगी

**रांची :** श्री महावीर मंडल की ओर से हटिया में 22 मार्च को हिंदू नववर्ष पर भगवा रैली निकाली जाएगी। इसमें रांची के सभी सनातनियों से शामिल होने का आग्रह किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मिथिलेश्वर नाथ मिश्र, सुदर्शन बर्मन, पारसमणि साहू, राम मनोज साहू जुटे हुए है।

### अंजलि उरांव के निधन की हो उच्च स्तरीय जांच : अजय सिंह

**रांची :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यालय सचिव अजय सिंह ने एक प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि खेलगांव स्थित झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाइटी के अंतर्गत प्रशिक्षु एथलेटिक्स के खिलाड़ी अंजलि उरांव की मौत की उच्च स्तरीय जांच हो उन्होंने कहा कि अंजलि की बीमारी को लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति है हालांकि पोस्टमार्टम के बाद अंजलि की मौत किस कारण से हुई वह तो स्पष्ट हो जाएगा , लेकिन हॉस्टल में जो व्यवस्था है और हॉस्टल में जो सुविधा मिलनी चाहिए थी क्या वह थी या नहीं थी इसकी सरकार जांच कराएं और दोषियों पर कार्रवाई करें । उन्होंने कहा कि जहां 200 से अधिक खिलाड़ी रह रहे , वहां मेडिकल की क्या व्यवस्था की अन्य तरह की भी सूचना विभिन्न समाचार पत्रों के द्वारा आ रही है जिसकी जांच जरूरी है।

### दो मामलों में विधायक प्रदीप यादव को किया गया बरी



**गोड्डा :** पोडैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव जी को एमपी एमएलए कोर्ट ने दो केस में किया बरी। पहला केस अडानी मामले में था। जिसमें उनपर यह आरोप था कि अडानी के सर्वे के दौरान उनके द्वारा बाधा उतपन्न कर सर्वे टीम की गाड़ी पर तोड़फोड़ की गई थी। जिसमें आज कोर्ट ने उन्हें साक्ष्य के आभव में बाईज्जत बरी कर दिया। वहीं दूसरा केस लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे को अडानी और कॉरपोरेट के दलाल कहने का आरोप में आचार संहिता उल्लंघन मामले में देवघर भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा केस किया गया था।आज दोनों मामले में साक्ष्य के आभव में माननीय न्यायालय ने बाईज्जत बरी कर दिया है।

### चैनपुर में भू माफियाओं के द्वारा किया जा रहा तालाब का अतिक्रमण, शैलू ने कहा

# भू-माफिया राकेश कुमार का हो संपति की जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** चैनपुर के पूर्व जिला परिषद सदस्य शैलेंद्र कुमार सैलू ने प्रेस को संबोधित करते हुए जानकारी दिया कि चैनपुर में बड़े पैमाने पर तलाब,नाहर,नाली एवं रोड पर भू माफियाओं का बुरी नजर पड़ गया है।

अतिक्रमण का प्रमाण देते हुए उन्होंने कहा कि चैनपुर बाजार को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के किनारे समृद्धि मैरिज हॉल के सामने तलाब को इन दिनों जोरो से समृद्धि मैरिज हॉल के मालिक राकेश मेहता के द्वारा अतिक्रमण करने का काम किया जा रहा है। राकेश मेहता मूल रूप से मेदनीनगर के निवासी हैं। अगर इसी तरह से तलाब एवं नाहर का अतिक्रमण किया गया तो चैनपुर का जल स्तर पूरा गिर जाएगा। एक दिन ऐसा भी आएगा की चैनपुर के लोगों को पानी मिलना मुश्किल हो जाएगा। चैनपुर में कई जगहों पर सरकारी कुआं था। जो अब नहीं रहा। जिससे यहां के स्थानीय लोगों के द्वारा कब्जा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि अंचल अधिकारी चैनपुर संजय कुमार बखला के मिली-भगत से भू माफियाओं के द्वारा अतिक्रमण का सारा खेल चल रहा है। उन्होंने मीडिया को बताया कि अंचल अधिकारी चैनपुर संजय कुमार बाखला एवं भू माफियाओं के मिलीभगत से चैनपुर के कई जगहों पर सीएनटी एक्ट की जमीन को जनरल प्लॉट बना दिया गया। जिसके बाद इन सब प्लॉट को ऊंची दाम में भू माफियाओं के द्वारा भेज दिया गया। जो जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि अंचल अधिकारी चैनपुर के चल- अचल संपत्ति एवं समृद्धि मैरिज हॉल चैनपुर के मालिक राकेश मेहता के आय के स्रोत का भी जांच होना चाहिए। तलाब से निकलने वाले नहर को भी बंद कर दिया गया है। इसी तरह का एक मामला ग्राम हंसा,पंचायत झरीवा, प्रखंड चैनपुर का काफी है। सर्वे नाहर को कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसका प्लॉट संख्या 46, 55, 56 एवं 57 खाता संख्या 13 एवं 23 है। उन्होंने यह भी कहा कि विशेषकर चैनपुर में भूमाफिया बहुत ही ज्यादा सक्रिय रहते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि इससे जुड़े लोगों पर कानूनी कार्रवाई अभिलंब किया जाए एवं अतिक्रमण को तत्काल रोका जाए। मौके पर उपस्थित ललन वर्मा,रूपेश कुमार( भाजपा महामंत्री), राजेश कश्यप, भरत चंद्रवंशी, आदि उपस्थित थे।

### मारपीट के बाद युवक की मौत पुलिस जांच में जुटी

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के कोकर के नजदीक सरना टोली में एक छात्र की लाठी-डंडे से पीट कर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक छात्र का नाम सावंत कश्यप है और वह सरना टोली का रहने वाला बताया जा रहा है। मृतक इंटर का छात्र है। घटना बीती रात की है। बताया जाता है कि मृतक छात्र सावंत कश्यप का कुछ लोगों से विवाद हुआ था, जिसके बाद इस घटना को अंजाम दिया गया। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद सदर थाने की पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में सदर थाना प्रभारी से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मामले की सूचना मिली है। सावंत सरना टोली का रहने वाला है और अपने ही दोस्त रिशु उर्फ कौशल के साथ आपस में ही इसी बात को लेकर मारपीट हुई थी।

# मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद लोगों को मिला वनपट्टा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** वनाधिकार कानून 2006 के तहत् वन पट्टा दिलाने की मांग के संबंध में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के गोड्डा प्रवास के दौरान 15 दिसंबर 2022 को बोआरीजोर प्रखण्ड के डुमरिया पंचायत के तुलसीपुर ग्राम निवासी बाबूलाल मरांडी द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के आलोक में 16 अनुसूचित जनजाति के दावेदारों को 6.43 एकड़ वन पट्टा निर्गत करने की अनुशंसा कर दी गई।

**यह है मामला:** जिला स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री गोड्डा प्रवास में थे। इस क्रम में बोआरीजोर प्रखण्ड के डुमरिया पंचायत के तुलसीपुर ग्राम की वनाधिकार समिति द्वारा उक्त ग्राम के अनुसूचित जनजाति समुदाय के आवेदकों के लंबित वनाधिकार दावों का त्वरित निष्पादन कर वन पट्टा निर्गत करने संबंधी ज्ञापन बोआरीजोर प्रखण्ड के डुमरिया पंचायत के तुलसीपुर ग्राम निवासी बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को सौंपा था। वनाधिकार समिति के माध्यम से आवेदकों द्वारा बताया गया कि वे लोग प्रसंगाधीन वनभूमि पर साफ सफाई कर वर्षो से जोत आबाद करते आ रहे हैं।

**मुख्यमंत्री ने त्वरित कार्रवाई का दिया था आदेश:** उक्त ज्ञापन के आलोक में मुख्यमंत्री द्वारा उपायुक्त, गोड्डा को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए आवेदकों को वन पट्टा निर्गत किये जाने का निर्देश दिया गया था। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए वनाधिकार कानून 2006 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत् जिला अनुमंडल एवं ग्राम स्तरीय वनाधिकार समिति से संबद्ध पदाधिकारियों को अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। तदनुसार तुलसीपुर ग्राम डुमरिया पंचायत, बोआरीजोर प्रखण्ड के कुल 16 आवेदकों के द्वारा अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वनाधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 के तहत वनभूमि के अधिकारों के लिये विहित प्रपत्र में किए गए व्यक्तिगत दावों एवं तत्संबंधी ग्राम सभा की अनुशंसा के आलोक में अंचल निरीक्षक, वनक्षेत्र पदाधिकारी, राजस्व कर्मचारियों, बोआरीजोर प्रखण्ड द्वारा वनाधिकार समिति, तुलसीपुर के सदस्यों की उपस्थिति में आवेदकों द्वारा दावा किए गए भूखण्ड का स्थल निरीक्षण किया गया।

## अंजलि उरांव को राज्य सरकार की ओर से उचित मुआवजा दिलाई जाए: डा आशा लकड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की मेयर डा. आशा लकड़ा ने कहा कि जेएसएसपीएस की एथलीट खिलाड़ी अंजलि उरांव की मौत से एक बार फिर झारखंड सरकार का अमानवीय चेहरा सामने आया है। अंजलि तीन दिनों से बीमार थी और हॉस्टल की वार्डन बलमदीना तिग्गा पैरासिटामोल का टेबलेट देकर उसका इलाज करती रही। जब एथलीट खिलाड़ी की तबियत बिगड़ी तो उसे आनन-फानन में रिम्स में भर्ती कराया गया, जहा उसकी मौत हो गई। विरोध में हॉस्टल के छात्र-छात्राओं ने सड़क जाम किया तो राज्य सरकार ने पुलिस बल का प्रयोग कर उनपर लाठी चार्ज कर दिया। डॉ. आशा लकड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद को आदिवासियों का हमदर्द कहते हैं और उन्हीं के राज्य में आदिवासियों का शोषण हो रहा है। शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने वालों का मुंह बंद कर दिया जा रहा है। झारखंड के आदिवासी छात्र-छात्राएं खेल के क्षेत्र में राज्य का नाम रोशन करने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे है, परंतु उन्हें न तो पौष्टिक भोजन दिया जा रहा है और ना ही स्वास्थ्य जांच की उत्तम सुविधा। जेएसएससीएस के हॉस्टल में राह रहे खिलाड़ियों की नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच होती तो आज अंजलि उरांव की मौत नहीं होती। यह बात समझ से परे है कि जेएसएससीएस के खिलाड़ियों के लिए पर्याप्त फंड उपलब्ध होने के बाद भी उन्हें पौष्टिक भोजन व स्वास्थ्य जांच समेत अन्य सुविधाएं क्यों नहीं मिल पा रही है। इस घटना से यह प्रतीत हो रहा है खिलाड़ियों की सुविधा के लिए उपलब्ध कराए गए फंड का बंदरबांट किया जा रहा है। डॉ. आशा लकड़ा ने राज्य सरकार व खेल मंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि अंजलि उरांव की मौत मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और इस मामले में संलिप्त हॉस्टल की वार्डन समेत अन्य अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही मृत एथलीट खिलाड़ी अंजलि उरांव को राज्य सरकार की ओर से उचित मुआवजा दिया जाए।

# झारखंड स्टेट स्कूल एसोसिएशन का मना पहला स्थापना दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** स्थानीय शिवाय ब्लू होटल में झारखण्ड स्टेट स्कूल एसोसिएशन के पहले वर्षगांठ पर पलामू में संचालित स्कूल संचालकों की एक बैठक हुआ। जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश देव ने की। इस मौक़े पर उपस्थित सभी सदस्यों ने केक काट कर संगठन के एक वर्ष पूरा होने की खुशिया मनायी। साथ ही एसोसिएशन के फाउंडर्स सदस्य रह चुके आफताब आलम एवं गिरीश कुमार के जन्मदिन भी मनाई गई। अविनाश देव ने संगठन के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में सरकार के शिक्षा पर बदलती नीतियों का सामना करने के लिए सभी प्राईवेट स्कूल को एक संगठन के साथ काम करने और जुड़ने की सख्त आवस्यकता है। संगठन में बहुत ताकत है इसे हम सभी को समझना होगा। दुनिया का इतनी तेज गति से विकास हो रहा है इसमें निजी विद्यालयों का सबसे अधिक योगदान है । इस बात को हम संगठन के माध्यम से सरकार तक पहुँचाने की कोसीस कर सकते है। सरकार भी सभी निजी विद्यालयों के हित में अपनी बज़ट बनाए। इस मौक़े पर अविनाश देव ने संगठन के विस्तार पर ज़ोर दिये जिसका समर्थन सभी ने किया और सर्वसम्मती से कुछ लोगो को जिम्ममेवारी दिया गया। रामाकान्त मेहता को सरंक्षक ,नन्दकिशोर भारती एवं मोहम्मद आफ़ताब आलम को उपाध्यक्ष ,राजीव गोयल को सह सचिव , पंडित प्रदीप नारायण को ज़िला संयोजक सह ज़िला मीडिया प्रभारी , धर्मेन्द्र प्राजापति को कार्यालय सह सदस्यता प्रभारी , शैलेंद्र कुमार सिंह को अनुमंडल अध्यक्ष छत्तरपुर एवं राज नन्दन यादव अनुमंडल सचिव छत्तरपुर बनाए गए। सभी ने अपनी- अपनी ज़िमिददारिया सँभाली एवं संगठन को मज़बूत करने का प्रण लिये। संगठन की अगली बैठक सह होली मिलन समारोह ओरिएंट पब्लिक स्कूल में करने का निर्णय लिया गया। जिसमें सभी स्कूल संचालकों की भारी उपस्थिति के साथ संगठन का और विस्तार एवं अगली कार्यक्रम पर चर्चा किया जाना है।

# कोडरमा : 10 हजार लोगों की रोजी-रोटी पर चला बुलडोजर



**संजय साजन @ कोडरमा**

**कोडरमा :** जिला प्रशासन शिवरात्रि महापर्व के अगले दिन सोमवार को कोडरमा जिला से सटे इंदरवा में वन विभाग और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से अब तक की बड़ी कार्रवाई की है। यहां 30 सालों से हो रहे ब्लू स्टोन के अवैध उत्खनन को लेकर इसके माइंस को बुलडोजर यानि जेसीबी के जरिए भरने का काम किया गया शुरू। वन्य प्राणी आश्रयणी के डीएफओ अवनीश चौधरी, कोडरमा डीएफओ सूरज कुमार, एसडीओ संदीप कुमार मीणा, एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम, पुलिस इंस्पेक्टर राम नारायण ठाकुर, रेंजर रामबाबू, रेंजर सुरेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में काफी संख्या में पहुंचे पुलिस बल और वन विभाग के कर्मी वहां पहुंचे। वहीं जेसीबी के जरिए ब्लूस्टोन के खदान को भरने की कार्रवाई की गयी। विदित हो कि लगभग 25 से 30 साल से इस इलाके में ब्लूस्टोन का कारोबार चल रहा है। जिस इलाके में ब्लूस्टोन का उत्खनन होता है वह वन्य प्राणी आश्रयणी में आता है और यहां के लोग तथा जनप्रतिनिधि लंबे अरसे से इस इलाके को वन्य प्राणी आश्रयणी से बाहर करने की मांग करते रहे हैं। सोमवार को बड़ी कार्यवाही के तहत संयुक्त रूप से बड़ी संख्या में अधिकारियों के साथ पुलिस बल के जवान पहुंचे और माइंस को भरने का काम शुरू किया गया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध किया। कोडरमा गिरिडीह रोड को दो बार जाम किया गया, लेकिन इन्हें लाठी चला कर वहां से हटाया गया। सड़क जाम नहीं हो पाया तो वहीं दो बार पथराव की भी घटना हुई। यह मामला कभी भी हिंसक हो सकता है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की इस मुद्दे पर खामोशी और राज्य सरकार के उदासीन रवैए के कारण लोगों में गहरा आक्रोश भी देखा जा रहा है। इधर इसकी सूचना पाकर पूर्व जिप प्रधान शालिनी गुप्ता इंदरवा पहुंचीं और ग्रामीणों से बात की। उन्होंने जिला प्रशासन से इस तरह की कार्यवायी के पूर्व मानवीय पहलू का ध्यान रखने की मांग की।

### प्रेम प्रकाश ने फाइल की डिस्चार्ज पिटीशन

**रांची :** मनी लाउंड्रिंग के आरोपित प्रेम प्रकाश ने ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की है। डिस्चार्ज पीटिशन में कहा गया है कि ईडी ने बिना साक्ष्य के उनपर मनी लाउंड्रिंग सहित अन्य आरोप लगाये हैं। पिटीशन में कहा गया है कि बिना किसी ठोस सबूत के उनके खिलाफ चार्जशीट दायर की गयी है। साथ ही सभी आरोपों को निराधार बताया है। प्रेम प्रकाश के खिलाफ ईडी कोर्ट में चल रहा मामला फिलहाल चार्जफ़्रेम (आरोप गठन) के स्टेज पर है। इससे पहले उनके द्वारा डिस्चार्ज याचिका दाखिल की गयी है। उल्लेखनीय है कि प्रेम प्रकाश को ईडी ने अगस्त महीने में गिरफ़्तार किया था। इस दौरान ईडी ने प्रेम प्रकाश के हरमू स्थित आवास से दो एके-47 और गोलियां बरामद की गयी थी।

झारखण्ड सरकार,
राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग



अपील

जोहार !

झारखण्ड राज्य में 11वीं कृषि गणना का कार्य माह सितम्बर 2022 से प्रारंभ हो गया है। जिस प्रकार जनगणना से देश के निवासियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए आँकड़े जुटाए जाते हैं, उसी प्रकार कृषि गणना अंतर्गत किसानों के द्वारा उपयोग की जाने वाली भूमि, उपजायी जाने वाली फसल, सिंचाई सुविधा, खाद, उन्नत बीज, कीटनाशक दवा एवं कृषि उपकरण से संबंधित ऑकड़े संकलित किये जाते हैं। इन आंकड़ों का उपयोग किसानों की उपज बढ़ाने के साथ-साथ उनकी आर्थिक दशा सुधारने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजना बनाने में किया जाता है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कृषि गणना के लिए निर्धारित मार्गदर्शिका के आलोक में गणना कार्य निर्धारित अवधि में संपन्न कराया जाना है। यह गणना पांच वर्षो के अंतराल पर 1970-71 से की जा रही है।

प्रधान सचिव-सह-राज्य कृषि गणना, आयुक्त, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में गठित कृषि गणना कोषांग के साथ सभी उपायुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षकों /राजस्व उप निरीक्षकों को कृषि गणना की जिम्मेवारी दी गई है।

अतः राज्य के सभी माननीय सांसदों/विधायकों/जन प्रतिनिधियों, किसान बन्धुओं एवं आमजनों का इस पुनीत कार्य में सहयोग अपेक्षित है।

हेमंत सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR NO-290776 (Revenue, Registration & Land Reform) 22-23